ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 14 जून 2024
वर्ष 2, अंक 294, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



करण की किल का ट्रेलर रिलीज 14

विंबलडन में नहीं खेलूंगा : राफेल नडाल 2

## एक नजर

### फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अन्नू कपूर की फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर गुरुवार को रोक लगा दी। फिल्म 14 जून को रिलीज होनी थी। कोर्ट ने फिल्म पर इस्लामी आस्था और विवाहित मुस्लिम महिलाओं का अपमान करने के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता अजहर बाशा तंबोली के वकील फौजिया शकील की दलीलों पर बम्बई हाईकोर्ट से याचिका पर शीघ्र निर्णय लेने को कहा। पीठ ने कहा, हमने सुबह फिल्म का ट्रेलर देखा और सभी आपत्तिजनक संवाद अब भी बरकरार हैं।

### चालू वित्त वर्ष में विकास दर 8% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** प्रमुख उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8% की दर से बढ़ने का अनुमान है] लेकिन इसके लिए अगली पीढ़ी के सुधारों को मिशन मोड में आगे बढ़ाने की जरूरत है। सीआईआई के नव-निर्वाचित अध्यक्ष संजीव पुरी ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 8% को छूने के लिए तैयार है, जो चौथे वर्ष 7% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। यह विकास अन्य अनुमानों से अधिक है लेकिन पिछले वर्षों में भारत ने शुरुआती अनुमानों से काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।

### पराग दूध आज शाम से दो रुपये प्रति लीटर महंगा

**लखनऊ।** लखनऊ दुग्ध संघ ने 14 जून की शाम से पराग दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। कीमतों में वृद्धि सभी वैरायटी में की गई है। इनमें पराग गोल्ड, टोंड समेत सभी तरह के दूध हैं। लखनऊ कार्यक्षेत्र से जुड़े क्षेत्रों में दूध की ये नई दरें शुक्रवार शाम से प्रभावी हो जाएंगी। कंपनी के महाप्रबंधक विकास बालियान ने बताया कि एक लीटर पराग गोल्ड की नई कीमत अब 68 रुपये होगी। पहले यह 66 रुपये लीटर था। 54 रुपये में मिलने वाला टोंड मिल्क 56 रुपये लीटर मिलेगा। लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में बिक रहे दूध पर नई कीमतें प्रभावी होंगी।

## अजीत डोभाल एनएसए, मिश्रा बने रहेंगे मोदी के प्रधान सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10 जून से ही प्रभावी होगी दोनों की नियुक्ति



अजीत डोभाल



डॉ. पीके मिश्रा

भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है और डॉ. पीके मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति के मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को गुरुवार को मंजूरी दे दी। समिति ने सेवानिवृत आईएएस अधिकारियों अमित खरे और तरुण कपूर को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार नियुक्त किया है। केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने गुरुवार को बताया कि डोभाल और डॉ. मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी।

# कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे को लगाएं पूरी ताकत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई आतंकी घटनाओं के बाद की जम्मू-कश्मीर में स्थिति की समीक्षा, दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद गुरुवार को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को 'आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल' करने का निर्देश दिया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई।



- आतंकी घटनाओं के बाबत गृहमंत्री शाह, एनएसए डोभाल से की वार्ता

सूत्रों ने बताया कि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया। सिन्हा ने उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी स्थिति और वहां चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों से अवगत कराया गया। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे आतंकवाद से निपटने की हमारी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने को कहा। पिछले चार दिनों में जम्मू एवं कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर आतंकवादियों के हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। इन हमलों में सात सुरक्षाकर्मी तथा कई अन्य घायल हो गए।

### जम्मू-कश्मीर के सभी स्कूलों में राष्ट्रगान अनिवार्य, जारी किए गए आदेश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों में सुबह राष्ट्रगान अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र जारी करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि वे पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की कक्षाओं को एक समान बनाएं और इसकी शुरूआत राष्ट्रगान से करें। बुधवार को जारी परिपत्र में कहा गया कि मानक शिष्टाचार के अनुसार सुबह अध्ययन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ ही होनी चाहिए। विभाग ने कहा कि सुबह की कक्षाएं छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई हैं। जारी किए गए परिपत्र में स्कूलों के लिए 16 कदम सुझाए गए हैं, जिनमें कहा गया है कि कक्षाएं नैतिक अखंडता, साझा समुदाय और मानसिक शांति के मूल्यों को पोषित करने के लिए मंच के रूप में काम करती हैं। हालांकि, इस परंपरा का जम्मू-कश्मीर के स्कूलों में समान रूप से निर्वाह नहीं किया जा रहा है।

# नीट-यूजी: ग्रेस मार्क्स रद, दोबारा होगी 1563 अभ्यर्थियों की परीक्षा

## छात्रों को विकल्प देने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी

मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गई विवादित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की याचिकाओं पर पुनः परीक्षा कराने के फैसले से संबंधित केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद गुरुवार को यह अनुमति दी। नीट-यूजी 202 विवाद मामले में एनटीए ने सुनवाई शुरू होते ही पीठ के समक्ष कहा कि जिन 1563 विद्यार्थियों को देर से प्रश्न पत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) दिए गए थे, उनके प्राप्तांक (स्कोर-कार्ड) रद करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने का फैसला किया गया है। अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए क्षतिपूर्ति अंक काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की दलीलों पर विचार के बाद दोबारा परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित करने की अनुमति दी, लेकिन स्पष्ट किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया जारी रहेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने कहा कि केवल 1563 उम्मीदवारों के लिए पुनः परीक्षा 23 जून और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू की जाएगी। केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता कनु अग्रवाल ने कहा कि दोबारा परीक्षा का निर्णय एक समिति की सिफारिश पर लिया गया है। कोर्ट ने कहा कि नकल की शिकायतों से संबंधी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी।



- 23 जून को आयोजित होगी परीक्षा 30 जून को घोषित होंगे परिणाम

### प्रश्नपत्र लीक होने का कोई प्रमाण नहीं : प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि इन दावों की पुष्टि के लिए कोई सबूत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी छात्र का नुकसान नहीं हो। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने चार जून को नीट-यूजी के परिणाम घोषित किए। प्रधान ने दूसरी बार केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से कहा कि नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद हैं।

### कांग्रेस संसद में उठाएगी नीट में धांधली का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नीट-यूजी, 2024 में कथित धांधली को लेकर केंद्र सरकार पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि 24 जून से आरंभ हो रहे संसद के सत्र के दौरान इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। कांग्रेस इस मामले में सीबीआई जांच चाहती है, लेकिन अगर सरकार इसके लिए तैयार नहीं है तो फिर उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने यह मांग भी की है कि एनटी के महानिदेशक को उनके पद से हटाया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि इस सरकार में 'पैसे दो, पेपर लो' का खेल खेला जा रहा है। खरगे ने एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट में केवल कृपांक की समस्या नहीं थी। धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है।

# कानपुर में पांचवीं मंजिल से गिरकर महिला डॉक्टर की मौत

## बुधवार देर रात मेडिकल कॉलेज में परीक्षा भवन की 5वीं मंजिल से डक्ट में गिरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छत पर दो बैचमेट डॉक्टरों के साथ चल रही थी पार्टी, बैचमेट पर हत्या का आरोप
- सुरेश शर्मा नगर बरेली की थी निवासी, मेरठ मेडिकल कॉलेज में 25 को थी ज्वाइनिंग
- डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटें मिलीं, पेट में अल्कोहल भी पाया गया

**अमृत विचार :** स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) में बने परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल से बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से महिला एमबीबीएस डॉक्टर की मौत हो गई। बरेली निवासी महिला डॉक्टर अपने दो साथी पुरुष डॉक्टरों के साथ पांचवीं मंजिल पर पार्टी कर रही थी। पुलिस ने दोनों साथी डॉक्टरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। परिजनों ने दोनों डॉक्टरों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम में महिला डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटों का पता चला है। पेट में अल्कोहल भी मिला है। आंतरिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है।

मूलरूप से जसवंत नगर इटावा के ग्राम अजनौरा के रहने वाले रघुवीर तिवारी सेना में मेजर के पद पर बरेली में तैनात रहे। इस दौरान उन्होंने वहां बरेली के थाना बारादरी के सुरेश शर्मा नगर में मकान बनवा लिया था। उनके निधन के बाद से प्रिंटिंग प्रेस का कारोबार करने वाले उनके बड़े बेटे प्रदीप तिवारी अपनी पत्नी अनीता, पुणे में इंजीनियर बेटे मयंक तिवारी और इकलौती बेटी दीक्षा तिवारी (24) के साथ रह रहे हैं। पिता के अनुसार बेटी दीक्षा ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस किया था। उसकी मेरठ मेडिकल कॉलेज में नौकरी लग गई थी। वह तीन दिन पूर्व मेरठ गई थी। 25 जून से उसे नौकरी पर रेगुलर होना था। वह अपना सामान लेने कानपुर गई थी। पुलिस ने बताया कि दीक्षा आर्यनगर में किराए पर कमरा लेकर रह रही थीं। वह एक डॉक्टर के रिलेशनशिप में थीं। मेरठ जाने से पहले उनके बैचमेट डॉक्टर मयंक और डॉक्टर हिमांशु ने आर्य नगर में एक रेस्टोरेंट में पार्टी की। इसके बाद बुधवार देर रात करीब 1 बजे वह लोग मेडिकल कॉलेज कैंपस में परीक्षा भवन में गए और पांचवीं मंजिल पर फिर से पार्टी शुरू की। तीनों डॉक्टर डक्ट की पांच फुट ऊंची दीवार पर चढ़कर बैठ गए। पुलिस ने बताया कि दीक्षा बीच में बैठी थी और दोनों डॉक्टर अगल-बगल बैठे थे। तभी दीक्षा डक्ट की ऊपरी सतह की स्लैब तोड़ते हुए डक्ट में नीचे जा गिरी। दोनों डॉक्टरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और लहूलुहान अवस्था में दीक्षा को लेकर हैलट अस्पताल पहुंची। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसीपी शिखर और डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम पहुंचे और दोनों डॉक्टरों को हिरासत में लिया। पिता प्रदीप तिवारी, अजीतमल निवासी मौसा अरुण दुबे, फुफेरे भाई गौरव ने आरोप लगाया कि दोनों साथी डॉक्टरों ने पार्टी के बाद उसकी हत्या करके डक्ट में फेंक दिया। आरोप है कि पुलिस की कहानी फिल्मी है।



## पीड़ितों की सहायता के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्यमंत्री



कुवैत के जाबेर अस्पताल में एक घायल का हाल लेते विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह।

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

### मंगाफ अग्निकांड

- शवों का हो रहा डीएनए परीक्षण वायुसेना का विमान तैयार
- छह मंजिला इमारत में आग लगने से मारे गए थे 40 भारतीय

कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे कार्यों की निगरानी करने और इस घटना में मारे गए लगभग 40 भारतीयों के शवों को शीघ्र भारत भेजने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह गुरुवार को कुवैत पहुंचे। कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में सात मंजिला एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई थी जिसमें 195 प्रवासी श्रमिक रहते थे। इस घटना में कम से कम 49 विदेशी कामगारों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए।

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह आग हादसे में घायल हुए लोगों की सहायता के प्रयासों और हादसे में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों की शीघ्र वतन वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कुवैत के अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में आग लगने की विनाशकारी घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए परीक्षण करा रहे हैं। घटना में मारे गए भारतीयों के पार्थिव शरीर वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है।

### पांच-पांच लाख रुपये देगी केरल सरकार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने कुवैत अग्निकांड में मारे गए केरलवासियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने का गुरुवार को निर्णय किया। घायल हुए लोगों को भी एक-एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

## दिल्ली को पानी देने से मुकरा हिमाचल प्रदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट में कहा-उसके पास नहीं है अतिरिक्त पानी
- कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यमुना नदी बोर्ड जाने को कहा

हिमाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट में अपने पिछले बयान से पलटते हुए कहा कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को जल आपूर्ति के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार को शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। हिमाचल सरकार ने पिछला बयान वापस लेते हुए सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है। पीठ ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल बंटवारे का मुद्दा जटिल है और अदालत के पास अंतरिम आधार पर इसका फैसला करने की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे को 1994 के समझौता ज्ञापन में पक्षों की सहमति से गठित निकाय के विचारार्थ छोड़ दिया जाना चाहिए।

## जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है। जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नई दिल्ली में होगी। परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे। बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है।

## येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो केस में गैर जमानती वारंट जारी

बेंगलुरु, एजेंसी



- भाजपा नेता पर लगा है नाबालिग के यौन उत्पीड़न का आरोप
- कर्नाटक के पूर्व सीएम ने खुद पर लगे आरोपों को किया खारिज

बेंगलुरु की अदालत ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट (एनवीडब्ल्यू) जारी किया है। येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) के मामले की जांच कर रहे सीआईडी ने पहले पूछताछ को बुलाया था। येदियुरप्पा ने जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। येदियुरप्पा के करीबी सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता फिलहाल दिल्ली में हैं और उनके लौटने के बाद जांच में शामिल होने की संभावना है।

पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा पर 17 वर्षीया किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने येदियुरप्पा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया। सदाशिवनगर पुलिस की ओर से 14 मार्च को मामला दर्ज किए जाने के कुछ ही घंटों बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने मामले को जांच के लिए सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया था। येदियुरप्पा (81) ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि वह इस मामले से कानून का सहारा लेंगे।

## ऑनलाइन मंगाई आइस्क्रीम निकला मांस का टुकड़ा

- पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए भेजा सैंपल

**मुंबई।** मुंबई के मलाड इलाके में एक व्यक्ति ने ऑनलाइन कोन आइस्क्रीम मंगाई और उसे कोन में नाखून के साथ मांस का टुकड़ा मिला। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि संदेह है कि मांस का टुकड़ा मनुष्य की कटी अंगुली है, इसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मलाड पश्चिम में रहने वाले एक डॉक्टर ने यम्मो कंपनी की बटरस्कॉच कोन आइसक्रीम ऑनलाइन मंगाया था। खाने को खोला तो कोन से आधे इंच का एक मांस का टुकड़ा निकला, जिसमें नाखून भी था। एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे डाक्टर ने आइसक्रीम कंपनी के इंस्टाग्राम पेज पर इसकी शिकायत की। लेकिन कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने मांस के टुकड़े को बर्फ की थैली में रखा और मलाड पुलिस थाने में शिकायत की। कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# 25 प्रतिशत तक कम होगीं फ्लैट्स की कीमतें

## उप्र. के विभिन्न शहरों में विकास प्राधिकरणों के मकानों के लिए नई कास्टिंग गाइडलाइन तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में अलग-अलग आय समूहों के लिए तैयार प्राधिकरणों के फ्लैट्स की कीमतें 15 से 25 प्रतिशत तक कम हो सकतीं हैं। कीमतें कम करने के मद्देनजर कम्पाऊंड चार्ज कम करने के सुझाव के साथ एक कास्टिंग गाइड लाइन तैयार कर शासन को भेजी गई है।

मार्च में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी ओवरहेड और कंटीजेंसी चार्ज कम कर 1000 फ्लैट बेचने की योजना बनाई थी, आने वाले समय में पूरे राज्य में यह प्रयोग लागू हो सकता है। दरअसल, राज्य में फिलहाल सम्पत्तियों की कीमतों की गणना साल 1999 में बनी कास्टिंग गाइडलाइन पर आधरित है। इसमें कई ऐसे चार्ज जुड़े हैं जिससे सम्पत्तियों की कीमतें बढ़ जाती हैं। अलग-अलग आय समूहों के लिए बने फ्लैट्स के बेसिक मूल्य पर कंटीजेंसी और ओवरहेड चार्ज लिया जाता हैं। एलडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने कास्टिंग गाइड लाइन में बड़ा सुधार करने का सुझाव दिया है। प्रस्ताव शासन के पाले में है, अगर इस पर मुख्यमंत्री की सहमति मिली और बाद में इस प्रस्ताव को कैबिनेट से पारित करा लिया गया तो फलैट्स की कीमतें दो से पांच लाख रुपये तक कम हो सकतीं हैं।



- कमेटी की तैयार रिपोर्ट शासन के पाले में, कैबिनेट से मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा

> मुख्यमंत्री की मंशानुरुप जनहित से जुड़ी तमाम योजनाओं को लेकर दिए सुझाव व्यापक अर्थों में हैं। कैबिनेट से पास हो जाने पर आगे इसे लागू करने पर अमल किया जाएगा। - **नितिन रमेश गोकर्ण**, अपर मुख्य सचिव आवास

अगर कैबिनेट से प्रस्ताव पारित हो गया तो एचआईजी, एमआईजी और एमएमआईजी श्रेणी के मकानों के कंटीजेंसी शुल्क में 8 जबकि ओवरहेड चार्ज में 7.50 फीसद की कमी हो जाएगी। इतना ही नहीं, भूखण्डों पर लगने वाली ब्याज दरों में भी कमी होगी। इस कड़ी में शासन को भेजी गई गाइडलाइन में ईडब्ल्यूएस व एलआईजी पर सात, एमआईजी पर आठ, एचआईजी पर 9 जबकि व्यावसायिक भवन भूखण्ड होने पर 11 फीसद ब्याज लेने का सुझाव दिया गया है। विलम्ब से भुगतान करने पर 2 फीसद अतिरिक्त ब्याज देना होगा।

इसी तरह लीज होल्ड भवनों में भूमि के अतिरिक्त भवनों के निर्माण लागत पर फ्री होल्ड चार्ज न लेने का सुझाव दिया गया है। वहीं, आवंटी को 45 दिन में एकमुश्त भुगतान पर छह, 60 दिन में पूरे पैसे जमा करने पर पांच फीसद छूट जैसी सुविधा भी दी जाएगी।



# सुपर आठ में जाने के लिए पीएनजी से भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी



अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी। अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाएगी।

इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज (156 रन) और फजलहक फारूकी (नौ विकेट) वर्तमान में क्रमशः सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज और विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे है। गुरबाज के अलावा युवा गेंदबाज इब्राहिम जादरान ने भी अफगानिस्तान के लिए बल्ले से प्रभावी योगदान दिया है। उन्होंने 70 के उच्चतम स्कोर के साथ 114 रन बनाए। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज फारूकी ने कप्तान राशिद खान के साथ अच्छा संयोजन बनाया है। राशिद अब तक दो मैचों में छह विकेट ले चुके हैं। पीएनजी को अफगानिस्तान को खिलाफ उलटफेर करने के लिए अपने प्रदर्शन के स्तर को काफी ऊंचा करना होगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

# अमेरिका और आयरलैंड के मुकाबले पर टिकी है पाकिस्तान की आस

फ्लोरिडा, एजेंसी

घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी।

अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैंपियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह टीम शुरुआती दो मैचों में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने के लिए एड़ी चोटी का जोर



लगाएगी। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत और फिर कनाडा के खिलाफ न्यूयॉर्क में काफी खराब बल्लेबाजी की है। अमेरिका के लिए नियमित कप्तान मोनाक पटेल की वापसी राहत की बात होगी। इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और मैच रद होने पर पाकिस्तान की टीम सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। इस स्थिति में अमेरिका के पांच अंक हो जाएंगे और पाकिस्तान अधिकतम चार अंक तक ही पहुंच पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

# दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है तो अर्शदीप को मिले तरजीह : कुंबले

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व स्पिनर बोले- मौजूदा फॉर्म को देखते हुए सिराज से आगे हैं अर्शदीप
- विविधता मुहैया कराते हैं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह



पूर्व महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले मैचों में अगर दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करती है तो मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहम्मद सिराज की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में मौका मिलना चाहिए।

अर्शदीप ने बुधवार को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट झटके। भारतीय टीम ने इस मैच को सात विकेट से जीता। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टीम के पहली पसंद के गेंदबाज है और कुंबले का मानना है कि इस विभाग में अर्शदीप और हरफनमौला हार्दिक पंड्या को यह जिम्मेदारी उठानी चाहिए। कुंबले ने कहा मुझे लगता है कि जिस तरह से अर्शदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी ओवर में गेंदबाजी की और उसके पास टी-20 क्रिकेट के लिए जिस तरह की विविधता है उससे लगता है कि वह निश्चित रूप से उसे मोहम्मद सिराज से आगे है। अगर भारत दो तेज गेंदबाजों और हार्दिक पंड्या के साथ जाने का विकल्प अपनाता है तो अर्शदीप विविधता भी मुहैया कराएंगे। अर्शदीप ने अब तक टी-20 विश्व कप के तीनों मैचों में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 6.2 की इकॉनमी और 10.28 के स्ट्राइक रेट से सात विकेट लिए हैं। इसकी तुलना में सिराज ने तीन मैचों में 66 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ एक विकेट लिया है।

# जीत के साथ सुपर आठ में पहुंची वेस्टइंडीज

## न्यूजीलैंड को 13 रन से हराया, ग्रुप सी में अंतिम पायदान पर कीवि टीम, आगे की राह कठिन



टरूबा, एजेंसी

शरफेन रदरफोर्ड नाबाद (68) की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद अल्जारी जोसेफ चार विकेट तथा गुडाकेश मोटी तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 13 रनों से हरा दिया है। इस तीसरी जीत के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम सुपर आठ में पहुंच गई है।

वेस्टइंडीज के 149 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में डेवन कॉन्वे (5) का विकेट गवां दिया। छठें ओवर में जोसेफ ने फिन ऐलन (26) आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। कप्तान केन विलियमसन (1) रचिन रविंद्र (10) को गुडाकेश मोटी ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। 11वें ओवर में मोटी ने डैरिल मिचेल (12) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। जिमी नीशम (10), ट्रेंट बोल्ट (7) रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने 33 गेंदों में सर्वाधिक 40 रन बनाए। मिचेल सैंटनर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी और 13 रन से मुकाबला हार गई। इस हार के साथ ही न्यूजीलैंड पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेस्टइंडीज के रदरफोर्ड को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

**68** रनों की शानदार पारी खेलकर शरफेन रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज टीम को संभाला

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.425 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

### स्कोर बोर्ड

**वेस्टइंडीज 149/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ब्रैंडन किंग कैच कॉन्वे बोल्ड नीशम | 9 | 12 | 0/1 |
| जॉनसन चार्ल्स बोल्ड बोल्ट | 0 | 5 | 0/0 |
| निकोलस पूरन कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी | 17 | 12 | 3/0 |
| रॉस्टन चेज कैच रविंद्र बोल्ड फर्ग्युसन | 0 | 3 | 0/0 |
| रोवमन पॉवेल कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी | 1 | 5 | 0/0 |
| शरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 68 | 39 | 2/6 |
| अकील हुसैन कैच नीशम बोल्ड सैंटनर | 15 | 17 | 0/1 |
| आंद्रे रसल कैच फर्ग्युसन बोल्ड बोल्ट | 14 | 7 | 2/1 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा फर्ग्युसन | 13 | 13 | 0/1 |
| अल्जारी जोसेफ बोल्ड बोल्ट | 6 | 6 | 1/0 |
| गुडाकेश मोटी नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6 रन, गेंदबाजी : बोल्ट 4-1-16-3, साउदी 4-0-21-2, फर्ग्युसन 4-0-27-2 नीशम 4-0-27-1, फिलिप्स 1-0-9-0, सैंटनर 2-0-27-1, मिचेल 1-0-19-0

**न्यूजीलैंड 136/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे कैच चेज बोल्ड हुसैन | 5 | 8 | 0/0 |
| फिन ऐलन कैच रसल बोल्ड जोसेफ | 26 | 23 | 3/1 |
| रचिन रविंद्र कैच रसल बोल्ड मोटी | 10 | 13 | 0/0 |
| केन विलियमसन कैच पूरन बोल्ड मोटी | 1 | 2 | 0/0 |
| डैरिल मिचेल बोल्ड मोटी | 12 | 13 | 1/0 |
| ग्लेन फिलिप्स कैच पॉवेल बोल्ड जोसेफ | 40 | 33 | 3/2 |
| जिमी नीशम कैच किंग बोल्ड जोसेफ | 10 | 11 | 0/1 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 21 | 12 | 0/3 |
| टिम साउदी कैच आउट जोसेफ | 0 | 1 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट कैच चेज बोल्ड रसल | 7 | 4 | 0/1 |
| लॉकी फर्ग्युसन नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 4 रन, गेंदबाज : अकील हुसैन 4-0-21-1, रोमारियो शेफर्ड 3-0-36-0, आंद्रे रसल 4-0-30-1, अल्जारी जोसेफ 4-0-19-4, गुडाकेश मोटी 4-0-25-3, रॉस्टन चेज 1-0-4-0

## खेल डायरी

### विल्सन बने चेन्नईयिन एफसी के सहायक कोच

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग के 2024-25 सत्र से पहले भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नोएल विल्सन को अपना सहायक कोच नियुक्त किया। बेंगलुरु के 44 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी विल्सन मुख्य कोच ओवेन कॉयले के साथ फिर से जुड़ गए हैं। इस जोड़ी ने इससे पहले जमशेदपुर एफसी में एक साथ काम किया था। इन दोनों की देखरेख में जमशेदपुर एफसी ने 2022 में पहली बार आईएसएल लीग विजेता शील्ड खिताब जीता था। विल्सन ने रमन विजयन की जगह ली। विल्सन ने कहा चेन्नईयिन एफसी का हिस्सा बनना हमेशा सम्मान और सौभाग्य की बात है। एक क्लब जिसने आईएसएल के दो चैंपियनशिप और अन्य उपलब्धियां जीती हैं। मैं खिताब जीतने के क्लब के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चेन्नईयिन एफसी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### विधात्री ने बढ़त के साथ शुरू किया करियर

**मैसुरु।** एमेच्योर खिलाड़ी के तौर पर हीरो महिला प्रो-गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) में जीत का स्वाद चख चुकी विधात्री उर्स ने गुरुवार को यहां अपने पेशेवर करियर का आगाज सातवें चरण के शुरुआती दौर शीर्ष स्थान के साथ किया। विधात्री ने एक अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान एक बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगाए। वह जैस्मीन शेखर और अनन्या गर्ग से दो शॉट आगे हैं। दोनों खिलाड़ी एक ओवर 71 के कार्ड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। शुरुआती छह होल में चार बोगी लगाने वाली खुशी खनिजाउ ने अच्छी वापसी की और वह दो ओवर के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है।

### भारत के पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। इस 85000 डालर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

### ओलंपिक की तैयारियों का खेल मंत्री ने लिया जायजा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने कहा आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। आईओए अध्यक्ष उषा इस बैठक से संतुष्ट दिखी और कहा कि मंत्री के साथ बातचीत पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है।

### भारत में यूरो कप का बुखार, सोनी नेटवर्क पर प्रसारण

**मुंबई।** दुनिया भर में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल फुटबाल की दिग्गज टीमों के बीच जोर आजमाइश शुक्रवार से जर्मनी में शुरु होने वाले यूईएफए यूरो 2024 में होगी वहीं इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सोनी स्पोर्टस नेटवर्क में होने वाले प्रसारण के कमेंटरी बाक्स में भारत के दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री, बाइचुंग भूटिया के अलावा फ्रांस के पैट्रिस एवरा और डेविड जेम्सम मौजूद होंगे। एक महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता का ग्रुप चरण 26 जून तक चलेगा जबकि नॉकआउट मुकाबले 29 जून से शुरू होंगे। जर्मनी को ग्रुप ए में रखा गया है जो शुक्रवार 14 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरेना में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच खेलेंगे। सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 में प्रतियोगिता का प्रसारण हिन्दी में किया जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने अपने लाइव स्टूडियो शो फुटबॉल एक्स्ट्रा के लिए एक्सपर्ट पैनलिस्टों के एक समूह की घोषणा की है।

# प्रणय और समीर क्वार्टर फाइनल में

सिडनी, एजेंसी

**ऑस्ट्रेलिया ओपन**



भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रणय ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14 14-21 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा।

प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ हालांकि महिला एकल में दूसरे दौर से बाहर हो गई। अनुपमा को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 11-21, 18-21 से जबकि मालविका को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से हार गई।

# ध्वस्त हो जाएगा नासाउ स्टेडियम

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- 100 दिनों में ड्रॉप-इन पिचों के साथ तैयार हुआ था स्टेडियम, कई खिलाड़ी हुआ घायल
- टी-20 विश्वकप में रोमांचक मैचों का बना गवाह, छोटे स्कोर पर सिमटी हैं कई दिग्गज टीमें

टी20 विश्व कप के लिए अस्थायी तौर पर तैयार यहां के नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान को अपने हिस्से के सभी मैचों की मेजबानी के बाद अब ध्वस्त कर दिया जाएगा। विश्व कप में कम स्कोर वाले कई रोमांचक मैचों के गवाह रहे इस मैदान पर आखिरी मुकाबले में सह मेजबान अमेरिका पर भारत ने सात विकेट की जीत दर्ज की।

लगभग 100 दिनों में तैयार किये गए इस स्टेडियम के लिए एडिलेड में तैयार हुई ड्रॉप-इन पिचों ने बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। स्टेडियम का निर्माण यहां के लॉन्ग द्वीप में 930 एकड़ के आइजनहावर पार्क के किनारे किया गया है। स्टेडियम में 10 ड्रॉप-इन पिचें थीं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कुछ दिन पहले कहा गया था 12 जून को आखिरी मैच के आयोजन के बाद इस स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके हिस्सों को लास वेगास (फार्मूला वन रेस) और एक अन्य गोल्फ मैदान में वापस भेज दिया जाएगा, लेकिन विश्व स्तरीय क्रिकेट पिच को बरकरार रखा जाएगा। स्टेडियम को ध्वस्त करने में लगभग छह सप्ताह का समय लगेगा।

# विंबलडन में नहीं खेलूंगा : नडाल



**लंदन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल उम्मीद के मुताबिक विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय स्वीडन के बस्ताद में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक की तैयारी करेंगे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने गुरुवार को कहा कि वह ऑल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। नडाल ने कहा, हमारा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह नहीं बदलूं। ओलंपिक के दौरान 27 जुलाई से रोलां गैरो पर टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है जहां नडाल ने रिकॉर्ड 14 खिताब जीते हैं। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

## विंबलडन की इनामी राशि हुई रिकार्ड पांच करोड़ पाउंड

**लंदन।** ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे। क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख पाउंड (लगभग 60 लाख डॉलर) हो जाएगा।

# ओलंपिक कोटा देश का होता है खिलाड़ी का नहीं : बिंद्रा

मुंबई, एजेंसी



ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रतिभाशाली निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटा देश का होता है किसी व्यक्तिगत खिलाड़ी का नहीं।

पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया था लेकिन वह भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तथा संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता के बाद तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह से भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए। ओलंपिक के दिशा-निर्देशों के अनुसार कोई भी देश किसी एक स्पर्धा में ट्रायल्स में शीर्ष पर रहने वाले दो निशानेबाजों को ही भेज सकता है। बिंद्रा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा देखिए चयन के लिए एक उचित प्रक्रिया तैयार की गई है और उन्होंने भी उसका पालन किया है।

# मेरा आखिरी क्लब होगा इंटर मियामी : मेसी



**अटलांटा।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है। मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं। अर्जेंटीना के कई प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मेसी अपने पहले क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज की तरफ से खेलकर अपने करियर का अंत करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

पूरे दिन तेज धूप और उमस रहेगी। दोपहर में लू चलेगी।

44.8° अधिकतम तापमान | 34.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 :58

## एक नजर

### उपाधियों के लिए मांगे गए ऑनलाइन आवेदन

**चित्रकूट।** जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर सरकार पद्मविभूषण, पद्मभूषण तथा पद्मश्री उपाधियां देगी। उपाधियों के ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है। कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, सिविल सेवा, खेल एवं अन्य विधाओं में विशिष्ट एवं उत्कृष्ट, योगदान पर आवेदन राज्य सरकार को भेजे जाने हैं। आवेदन का प्रारूप जिला सूचना कार्यालय निकट नगर पालिका परिषद में उपलब्ध है।

### 11 से 4 बजे के बीच लोगों को अहतियात बरतने की सलाह

**चित्रकूट।** एडीएम उमेश चंद्र निगम ने लोगों से तापमान में वृद्धि के मद्देनजर लोगों से दोपहर में 11 बजे से चार बजे के बीच घर से निकलने में परहेज करने की सलाह दी है। एडीएम ने लोगों से अपील की कि वे स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को जानें और परिवर्तन के प्रति सजग रहें।

# दुकानदार के घर में आग से लाखों का नुकसान

## तीन साल के बच्चे ने दी घर वालों को जानकारी, अग्निशमन टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** गुरुवार को कस्बे के मोहल्ला सियारामनगर में एक दुकानदार के घर की तीसरी मंजिल में आग लग गई। इससे उसका लाखों का नुकसान हो गया। कमरे में सो रहे तीन साल के बच्चे की धुएं से नींद खुली तो वह चिल्लाता हुआ नीचे भागा और घर के अन्य लोगों को जानकारी दी। बच्चे की सूझबूझ की पूरे मोहल्ले में चर्चा है।

कस्बे में चहलपहल वाले इलाके सियारामनगर की सब्जी मंडी में भगवान प्रसाद केसरवानी सपरिवार रहते हैं। उनके बेटे छोटू और जितेंद्र की बस अड्डे पर दुकानें हैं। तीन मंजिला घर के निचले हिस्से को किराये पर दिया जाता है। दूसरी मंजिल पर परिवार और तीसरी मंजिल पर घर का सामान रखा जाता है।

बताते हैं कि गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे ऊपरी मंजिल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। उस समय वहां कमरे में भगवान प्रसाद का पौत्र और बड़े बेटे छोटू का तीन साल का बेटा लक्ष्य सो रहा था। कमरे में धुआं भरा तो उसकी नींद खुल गई। आग देखकर लक्ष्य चिल्लाता हुआ नीचे भागा और घरवालों को जानकारी दी।



मौके पर पहुंचे मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय। अमृत विचार



संकरी सड़क से दमकल वाहन को निकलने में हुई दिक्कत। अमृत विचार



जली नकदी और सामान दिखाता भगवान प्रसाद का छोटा पुत्र जितेंद्र। अमृत विचार

इसके बाद सभासद राहुल गुप्ता ने मामले की पुलिस प्रशासन को सूचना दी। मौके पर मऊ थाना प्रभारी अजीत कुमार पांडेय, पुलिसकर्मियों और दमकल के साथ पहुंचे। अग्निशमन टीम ने मशक्कत से आग पर काबू पाया।



भगवान प्रसाद।



भगवान प्रसाद का पोता लक्ष्य।

**12** बजे ऊपरी मंजिल में लगी अज्ञात कारणों से आग

### जल गए नकदी-जेवर कागजात भी नहीं बचे

भगवान प्रसाद के पुत्र जितेंद्र ने बताया कि आग की जानकारी मिली तो सभी बदहवास दौड़े लेकिन गाढ़ी कमाई को न बचा सके। सारी नगदी जल गई। गहने और अन्य सामान भी आग की भेंट चढ़ गया।

### गनीमत रही कि नहीं हुई जनहानि

मऊ में गुरुवार और रविवार को सब्जी मंडी में बाजार लगती है, जिसमें काफी भीड़भाड़ रहती है। दुकानदार दुकानों में व्यस्त थे कि दोपहर में आग की घटना से हड़कंप मच गया। लोग तीन वर्षीय लक्ष्य की सराहना करते नहीं थक रहे थे। अगर वह लोगों को समय रहते जानकारी न देता या उसकी नींद न खुलती या वह होशियारी से काम न लेता तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।

### फंस गई दमकल, निकालने में छूटे पसीने

अतिक्रमण और संकरी रोड ऊपर से बाजार का दिन होने के कारण दमकल बाजार रोड में लगभग रेंगते हुए मौके पर पहुंची। दुकानों के बाहर बांस और पन्नी से छाया बनाए दुकानदार आनन फानन में हटाते नजर आए।

### चौड़ी हो रोड, हटे अतिक्रमण

अखिल भारतीय सोशलिस्ट पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्रेयांश बाजपेई, राजा शुक्ला, प्रकाश शुक्ला ने प्रशासन से मांग की है कि मऊ ब्लॉक मार्केट से लेकर मऊ सब्जी मंडी तक रोड का चौड़ीकरण किया जाए। सड़क पर अतिक्रमण को हटाया जाए कि किसी भी परिस्थिति में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# तो क्या भाजपा जिला इकाई में गुटबाजी हो रही हावी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** ...तो क्या वास्तव में यही सचाई है कि भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई में गुटबाजी हावी हो रही है। लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की हार के बाद यह चर्चा जोरों से चल रही है। जिले में पार्टी के बड़े नेताओं के बयानों, उनकी बातों से भी यह तो साफ है कि जिला इकाई में सब कुछ ठीकठाक नहीं है।

लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद जिस तरह से निवर्तमान सांसद और पार्टी प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों पर हार का ठीकरा फोड़ा है, वह अप्रत्याशित था। आरके और उनके समर्थक सपा की प्रत्याशी से 70 हजार से भी अधिक मतों की हार को पचा नहीं पा रहे। जिले के भाजपा नेताओं की भी यही स्थिति है। अंदरखाने की मानें तो वे बड़े नेता, जिनके बूथों पर पार्टी की करारी हार हुई है, इसके बहाने गढ़ने और अपने आकाओं को पटाने में लगे हैं कि किसी तरह से बच जाया जाए।

जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने जहां हार की वजह ब्राह्मणों में असंतोष और पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के भितरघात को न मानते हुए जातिवाद को माना था और पार्टी की इकाई में मनमाफिक बदलाव न कर पाने की टीस जाहिर की थी वहीं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने हार की वजह कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से ठीक से काम न ले पाना बताई थी। जिलास्तरीय बड़े नेताओं के ऐसे बयान यह साबित करते हैं कि भाजपा की जिला इकाई में सबकुछ ठीक नहीं। पहले सदर विधायकी और फिर सांसदी गंवाने के बाद भाजपा के जिले के कर्णधारों के सामने समीक्षा में अपनी सफाई में कहने के लिए ज्यादा कुछ है नहीं। देखना रोचक होगा कि चुनाव के बाद होने वाली समीक्षा में नेतृत्व की गाज किन किन नेताओं पर गिरती है और कौन कौन बच जाते हैं।

### कुछ लोगों का गुट हावी

पार्टी के कई जमीनी नेता और कार्यकर्ता नाम छिपाते हुए यह स्वीकार करते हैं कि जिला इकाई में कुछ नेताओं का गुट हावी है। ये लोग उदाहरण देते हैं कि जिस तरह से पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय की विधानसभा चुनाव में हार हुई थी, वह भी अप्रत्याशित थी। 20 हजार मतों से ज्यादा की शिकस्त आज भी भाजपाई पचा नहीं पाए। तब चर्चा यह आई थी कि कुछ लोगों का गुट विस क्षेत्र चित्रकूट की जगह मानिकपुर में ज्यादा ध्यान दे रहा है। अब लोस चुनाव के बाद भी पार्टी के अंदर यही चर्चा है कि आरके पटेल की हार में इन लोगों ने भी भूमिका अदा की है।

# भूमि अधिग्रहण में किसानों को नहीं होनी चाहिए शिकायत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गुरुवार को राम वनगमन मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा की। डीएम ने हिदायत दी कि किसानों से सामंजस्य बनाकर जमीन का अधिग्रहण करें। किसी तरह की शिकायत नहीं आनी चाहिए।



बैठक में जानकारी लेते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

गौरतलब है कि जिले में राम वनगमन मार्ग 49.7 किलोमीटर है। इसमें लगभग 32 ग्राम पंचायतों की जमीन आएगी। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि जहां पर अधिक काश्तकार हैं, वहां समन्वय बनाकर भूमि अधिग्रहण करें। उन्होंने अधिग्रहण के संबंध में धनराशि वितरण की जानकारी ली और समय से वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता एनएच प्रयागराज आरपी सिंह को निर्देशित किया कि भवन, नलकूप, वृक्षों का मूल्यांकन जल्द से जल्द कराएं। राम वनगमन मार्ग पर आने वाली वन संरक्षित भूमि की जगह वन विभाग को टाइगर रिजर्व के आसपास की जमीन दी जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि समय से काम पूरा होना चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# 70 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य जारी

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक प्रमुख गोमती सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में 92 ग्राम पंचायतों में से 70 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य किए जा चुके हैं या फिर कराए जा रहे हैं। गौरतलब है कि ब्लाक प्रमुख को अपनी कार्यशैली और मृदुभाषिता से ग्राम प्रधानों का भी काफी सहयोग मिल रहा है। कई प्रधानों ने बताया कि हाल फिलहाल में ब्लाक प्रमुख ने वे काम कराए हैं, जिनकी बहुत ज्यादा आवश्यकता थी पर उनको लटकाया जाता था। उधर, ब्लाक क्षेत्र में ज्यादातर समय बिताने वाले ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व पूर्व ब्लाक प्रमुख गुलाब सिंह को लेकर भी लोगों में आमराय अच्छी है। उन्होंने बताया कि बरसात को देखते हुए पहले ही गंदे पानी के भरने की समस्या का निपटान कराया जा चुका है।

# गंगी तालाब बनेगा अमृत सरोवर : संजीव

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने शहर के लोगों को आश्वस्त किया है कि बरसात में गंदे पानी की निकासी के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि गंगी तालाब को अमृत सरोवर के रूप में विकसित किया जाएगा।

नपंअ ने सभासदों व अधिशाषी अधिकारी के साथ गुरुवार को भ्रमण किया। कालिंदीनगर और रामनगर में गंदे पानी की निकासी की व्यवस्थाएं देखीं और लोगों से बात की। गौरतलब है कि कस्बे में लंबे अरसे से जलनिकासी की समस्या है। लोगों का कहना है कि विस्तारित क्षेत्र काशीनगर, गोस्वामीनगर, रानी लक्ष्मीबाईनगर, आजादनगर, कालिंद्रीनगर, पंडित दीनदयालनगर व रामनगर, जो पहले ग्राम पंचायत पराको, खटवारा तथा चिल्लीराकस में आते थे, में पानी की निकासी की समस्या का गंभीरता से निदान नहीं किया गया था। इससे बरसात के समय लोगों के घरों, नालियों में गंदे पानी भरने की दिक्कत होती है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अधिशाषी अधिकारी बीएन कुशवाहा, सभासद शंकरदयाल जायसवाल, कौशल किशोर पांडेय के साथ मुहल्लों में जाकर समस्या देखी।



कस्बे में जलभराव की समस्या देखते नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा। अमृत विचार

संजीव मिश्रा ने बताया कि कि नगर व विस्तारित क्षेत्र में जलनिकासी की समस्या गंभीर है।

- बरसात के पानी की निकासी की बनाई गई रूपरेखा

इसका आज तक कोई समाधान नहीं किया गया। बताया कि अब इन क्षेत्रों में नए सिरे से नालियां बनाई जा रही हैं। तालाबों में जल संचयन किया जाएगा। चिल्लीराकस के कालिंद्रीनगर में गंगी तालाब को भी बोर्ड के प्रस्ताव के माध्यम से अमृत सरोवर के रूप में विकसित कराने का प्रयास किया जा रहा है। नालियों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण किया जा रहा है।

बताया कि बरसात में पानी में निकासी की व्यवस्था कराए जाने की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इससे मुहल्लेवासियों को पानी के भराव की समस्या से निजात मिल सकेगी। कस्बे के कृष्णानगर व गयागंज के लोगों ने भी अपनी समस्याएं नपंअ को बताईं।

### दुर्घटना में दिया सहारा



**बाइक में लगी आग :** चित्रकूट। गुरुवार को सूरजकुंड जाने वाले मार्ग पर एक बाइक में आग लग गई। इससे बाइकसवार बहादुरपुर निवासी हीरालाल झुलस गया। किसी तरह लोगों ने उसे बचाकर जिला अस्पताल भेजा। बताया जाता है कि पास के खेत में जल रही पराली से उड़ी चिंगारी से बाइक में आग लगी थी। पराली की आग गांव की ओर बढ़ते देख मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काबू पाया। अमृत विचार

# तालाब नहीं ये घरों के आगे भरा गंदा पानी है

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत कोनिया के बाशिंदे परेशान हैं। गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था न होने से इनके घरों के आगे और गलियों में जलभराव हो रहा है। इससे संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। ग्रामीणों की शिकायत है कि नाली निर्माण उचित स्थान पर नहीं कराया जा रहा, जिससे समस्या और बढ़ेगी। परेशान गांववालों ने इस संबंध में विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी को पत्र भेजा है।

गांववाले बताते हैं कि समुचित जलनिकासी की व्यवस्था न होने से न होने के कारण घरों के बाहर और गलियों मे गंदा पानी भर रहा है। इससे प्रदूषण फैल रहा है।



गांव में पानी की निकासी न होने से हुआ यह हाल। अमृत विचार

आने जाने में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि इस संबंध में प्रधान और सचिव सुनते नहीं। अधिकारियों के आफिसों के चक्कर लगा-लगाकर थक चुके हैं। कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। परेशान ग्रामीणों उमाशंकर, त्रिवेणी प्रसाद, ज्ञानेंद्र कुमार, रामआसरे, अशोक, विनीत कुमार, कमलेश, हरीशंकर मिश्र, श्यामसुंदर, नीरज मिश्रा आदि ने इस संबंध में मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी को पत्र लिखा है। इनका कहना है कि जिस स्थान पर नाली निर्माण कराया जा रहा है, उससे समस्या और बढ़ेगी। लोगों ने

- नाली निर्माण न होने से परेशान हैं कोनिया के लोग

इंद्रकुमार से घर से गांवसमाज के नाले तक नाली निर्माण कराने की आवश्यकता बताई है।

गांव के लोगों ने शिकायती पत्र मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी को सौंप कर समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है। इनका कहना है कि विकास के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं लेकिन कहां खर्च किए जा रहे हैं किसी को पता नहीं। लोगों को बजबजाती नालियों से निकलना पड़ रहा है। गांववालों ने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर सरकारी धन का जमकर बंटरबांट किया जा रहा है।



परिक्रमा पथ पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

# तीर्थ क्षेत्र में पानी के संकट का सामना कर रहे श्रद्धालु

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। अभी गर्मी से राहत की संभावना भी नहीं नजर आ रही। ऐसे में तीर्थक्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था इक्कादुक्का जगहों पर होना जिम्मेदारों की जिम्मेदारी पर सवालिया निशान लगा रहा है।

भीषण गर्मी के प्रकोप से हर तबका बेहाल है। गुरुवार को पारा लगभग 45 डिग्री तक पहुंच गया। गर्मी में तीर्थक्षेत्र आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से कमी हुई है। गर्मी और पत्थरों की तपन से परिक्रमा पथ भी सुबह दस बजे के बाद सूना हो जाता है। दुकानदारों की भी बिक्री काफी कम हो गई है। गुरुवार को भी कामतानाथ परिक्रमा मार्ग, बरहा

- भीषण गर्मी के चलते श्रद्धालुओं की संख्या में आई कमी

हनुमान जी मंदिर, खोही, रामघाट आदि जगहों में सन्नाटा पसरा रहा। शाम पांच बजे के बाद धूप कम होने पर परिक्रमा करने आए लोगों से बाजार में चहलहल हुई। उधर, तीर्थक्षेत्र में पेयजल की किल्लत का भी लोग सामना कर रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत खोही परिक्रमा पथ पर है। संतोष नामदेव, राजेंद्र, रामनरेश नामदेव समाज धर्मशाला महंत सर्वेश, रामजी पांडेय आदि ने बताया कि जल संस्थान द्वारा की जाने वाली जलापूर्ति से सुबह शाम ही पानी मिलता है। इनका कहना है कि पानी भी साफ नहीं होता। चित्रकूट नगर पंचायत और कर्वी नगर पालिका के जिम्मेदारों की लापरवाही से भी लोग रोष में हैं।



प्रमुख द्वार पर भी दिख रहे इक्का-दुक्का श्रद्धालु। अमृत विचार

**दिक्कत** | अतिक्रमणरोधी अभियान से भी नहीं बनती बात, लोग बोले-प्रशासन तत्काल दे समस्या पर ध्यान

# मुख्य चौराहे पर रोजाना जाम के झाम से परेशान हो रहे लोग

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- फुटपाथ पर बेतरतीब तरीके से सामान रख देते हैं दुकानदार
- जाम में फंसने से बच्चे-बुजुर्गों को होती है ज्यादा परेशानी

**अमृत विचार।** नगर पंचायत के मुख्य चौराहे पर लगभग रोज भीषण जाम लग रहा है। अतिक्रमणरोधी अभियान चलाए जाने के बाद भी इसका असर दिखता नहीं। लोग आरोप लगाते हैं कि अभियान की खानापूरी का ही नतीजा है कि लोगों को मशक्कत का सामना करना पड़ता है।

जाम से जहां आवागमन बाधित होता है तो वहीं चिलचिलाती धूप में वृद्धों-बच्चों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जाम की वजह एक और है। कई दुकानदार दुकानों का सामान बेतरतीब ढंग से फुटपाथ पर रख देते हैं, जिससे सड़क और संकरी हो जाती है। उधर इसी रास्ते पर यमुना और बियावल रोड भी है। निर्माणाधीन पुलों का सामान लेकर भारी वाहन भी निकलते रहते हैं। इससे घंटों आवागमन बाधित रहता है।



इस तरह रोजाना लगता है मुख्य चौराहे पर जाम। अमृत विचार

### क्या कहते हैं लोग



कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मिश्रा कहते हैं कि मऊ क्षेत्र में जाम की दिक्कत वर्षों पुरानी है। इससे निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर किसी भी प्रकार की पहल नहीं की जा रही है, जो चिंता का विषय है।



समाजवादी पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज यादव ने भी रोज बनने वाली जाम की स्थिति पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि मुख्य चौराहे पर लगने वाला जाम लोगों की दिक्कत का सबब है। इस पर प्रशासन को तत्काल ध्यान देना चाहिए।



कस्बा निवासी और समाजवादी पार्टी के यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी ने कहा कि मऊ में जाम से निपटने के लिए सड़कों पर से अविलंब अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए। इससे लोगों को जाम की स्थिति से सहूलियत मिल सकेगी।



युवा सामाजिक कार्यकर्ता विकास द्विवेदी ने मऊ चौराहे पर लगने वाले जाम को स्थानीय प्रशासन की विफलता बताया। उन्होंने कहा कि रोड पर दुकानदार दिन में ट्रकों को खड़ा करके सामान उतरवाते हैं, जो जाम के प्रमुख कारणों में से है।

# शादी अनुदान योजना की आय सीमा बढ़ाई

**चित्रकूट।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के तहत आयसीमा में संशोधन किया गया है। पूर्व में शहरी क्षेत्र के आवेदक की आयसीमा 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक की आयसीमा 46,080 रुपये प्रतिवर्ष निर्धारित थी। शासन ने इसे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र दोनों में एक लाख रुपये कर दिया है। माता-पिता, जिन्होंने अपनी पुत्री की शादी की तिथि तय कर ली हो या शादी एक अप्रैल 24 के बाद संपन्न हो चुकी हो, किसी भी जनसेवा केंद्र के माध्यम से शादी अनुदान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें। इसकी हार्डकॉपी सात दिन के भीतर एसडीएम या खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा कर दें।

# धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही विद्युत आपूर्ति

## रंग ला रहे सदर विधायक के प्रयास, अधिकारियों ने दो दिन में आपूर्ति दुरुस्त करने का किया दावा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बीते एक महीने से बिजली किल्लत से जूझ रहे उपभोक्ताओं को अब थोड़ी राहत मिली है, वहीं विभागीय अफसरों की मानें तो दो दिन में शहर की विद्युत आपूर्ति दुरुस्त कर ली जाएगी। इसके लिए सभी अधिकारी पूरी मशक्कत से जुटे हुए हैं और खुद फील्ड पर उतर कर आपूर्ति बहाल कराने का जिम्मा संभाले हुए हैं। अधिशाषी अभियंता नगरीय अपनी पूरी टीम के साथ फाल्टों को दुरुस्त कराने की मशक्कत कर रहे हैं। सदर विधायक की हिदायत और अफसरों की दिन-रात की मेहनत अब रंग लाने लगी है और धीरे-धीरे शहर की विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पटरी पर लौटने लगी है।

लंबे समय से शहरी क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बेपटरी चल रही है और लोगों को 24 घंटे में महज 10 से 15 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। हाल ही में शहर की खराब विद्युत व्यवस्था में सुधार को लेकर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने यहां डेरा डाल कर विभागीय अफसरों की जमकर क्लास ली थी और व्यवस्था में सुधार के कड़े निर्देश दिए थे। लेकिन पहले ध्वस्त विद्युत आपूर्ति में अपेक्षित सुधार नहीं आया और शहर के लोगों में आक्रोश पनपने लगा। लगभग पटरी से उतर चुकी विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त कराने को लेकर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने मोर्चा संभाला और विद्युत विभाग के अफसरों की एक आपात बैठक करके आपूर्ति में सुधार के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया। विधायक ने विद्युत अभियंताओं ने कार्यालय छोड़कर फील्ड में उतरने और जनशिकायतों का निस्तारण करने की हिदायत दी। जिसका असर यह हुआ कि दो दिन से विभागीय अफसरों ने सड़क पर उतर कर मोर्चा संभाल लिया है। फाल्ट की शिकायतों के निस्तारण के लिए खुद ही मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान खोज रहे हैं और उनका निदान भी कर रहे हैं।

अधिशाषी अभियंता नगरीय प्रकाशदेव पांडेय ने पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए दो दिन की डेड लाइन फिक्स की है। कहा है कि उनकी टीम के प्रयासों से जल्द ही शहर की विद्युत आपूर्ति पटरी पर लौट आएगी और लोगों को राहत मिल सकेगी। उनके इस दावे का असर जमीन पर दिखाई भी देने लगा है।



पीलीकोठी सब स्टेशन में मॉनीटरिंग करते विधायक प्रतिनिधि व एक्सईएन।

- लोगों को 24 में मात्र 10 घंटे ही मिल रही बिजली की आपूर्ति

### विधायक प्रतिनिधि कर रहे मॉनीटरिंग

- सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने शहर की विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए जहां विभागीय अफसरों के पेंच कसे हैं, वहीं पूरी व्यवस्था की मानीटरिंग के लिए अपने प्रतिनिधि रजत सेठ को तैनात किया है। विधायक प्रतिनिधि श्री सेठ लगातार अपनी टीम के साथ सक्रिय हैं और आपूर्ति की शिकायत मिलने पर तत्काल विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंच जाते हैं। बुधवार की रात विधायक प्रतिनिधि श्री सेठ के साथ नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, ईडीसी यूनियन के जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा अपनी पूरी टीम के साथ सब स्टेशनों में डटे रहे और जनता के फीडबैक के आधार पर अफसरों से आपूर्ति की समीक्षा करते रहे। श्री सेठ का कहना है कि जनता जनार्दन थोड़ा धैर्य बनाए रखे, जल्द ही विद्युत आपूर्ति दुरुस्त होगी और लोगों को निर्बाध आपूर्ति मिल सकेगी।

### आज एक घंटे बाधित रहेगी मटौंध की आपूर्ति

- विद्युत नगरीय वितरण खंड के अधिशाषी अभियंता प्रकाश देव पांडेय ने बताया है कि शहरी क्षेत्र के 33/11 केवी उपकेंद्र मटौंध में एलए लगाने का काम 14 जून की सुबह 10 .30 बजे से किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में मटौंध सब स्टेशन से जुड़े क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 14 जून की सुबह 10 .30 से 11 .30 तक बाधित रहेगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के दौरान आम जनता से सहयोग की अपेक्षा की है।

# जिलाधिकारी ने दिए 15 से पूरे जनपद में योग सप्ताह आयोजन के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- गांवों से लेकर तहसील स्तर पर आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम
- डीएम ने अधिकारियों से ली तैयारियों की जानकारी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर पूरे जनपद में 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि मुख्यालय से लेकर तहसील, ब्लाक और गांवों में योग सप्ताह का आयोजन किया जाए। बताया कि जनमानस को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से योग सप्ताह का आयोजन हो रहा है।

जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में बैठक कर 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह तैयारियों की जानकारी ली। बताया गया कि 15 जून को सुबह 6 बजे से अवस्थी पार्क में योग का कार्यक्रम शुरू होगा और 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन के मैदान में सुबह 6 बजे से विशाल योग दिवस आयोजित किया जाएगा। उन्होंने योग कार्यक्रम की तैयारियों के लिए दिशा निर्देश आयुष्मान के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में आयोजित योग कार्यक्रम में आम जनमानस भी प्रतिभाग कर सकते हैं। इस दौरान गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने मैदान में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था कराए जाने के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में प्रातरू काल खेल के समय योग के कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.एके श्रीवास्तव, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डा.नीरेंद्र बहादुर सिंह, डा.राजकुमार, डा.संतोष सोनी, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी एवं पतंजली योग समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करतीं डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल। अमृत विचार

# आर्थिक विपन्न महिला को पेंशन व पीएम आवास मंजूर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- डीएम ने जांच के बाद संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने ग्राम अमलीकौर निवासी मूर्ति पत्नी स्व. बचनी की दयनीय आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उसकी पेंशन स्वीकृत किए जाने एवं प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने की कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

पीड़ित महिला मूर्ति ने बताया कि उसका एक लड़का भेली उम्र लगभग 30 वर्ष ने 11 जून को आत्महत्या कर ली थी। जिसकी नायब तहसीलदार से जांच कराई गई। जिसमें बताया गया कि मूर्ति अपनी कच्ची झोपडी में निवास करती है और उसके पुत्र को शराब पीने की लत थी तथा गांजा बेचने में जेल भी जा चुका था।

वर्तमान में मूर्ति प्राथमिक विद्यालय, गहोला मजरा अमलीकौर में बतौर रसोइया कार्यरत हैं, जिसे दो हजार प्रतिमाह मिल रहा है। इसके साथ ही उसके नाम पर अंत्योदय राशन कार्ड भी है। उसने बताया है कि उसके पांच बच्चे थे, जिनमें से चार लड़के थे व एक लड़की है तथा उसका बड़ा लड़का चुनवा लगभग 20 वर्ष से लापता है तथा दूसरे लड़के व तीसरे लड़के द्वारा पूर्व में आत्महत्या कर ली गई थी। वर्तमान में वह अकेले कच्ची झोपड़ी में रहती है।

# 1528 घनमीटर बालू का अवैध खनन मिला

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन और खनिज विभाग अधिकारियों ने कार्रवाई तेज कर दी है। पैलानी तहसील क्षेत्र के खप्टिहाकलां गांव स्थित के खंड संख्या-2 के पट्टाधारक द्वारा क्षेत्र से बाहर 1528 घनमीटर अवैध बालू का खनन मिलने पर पट्टाधारक पर 13,75,200 रुपए का जुर्माना लगाते हुए नोटिस जारी की गई।

डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल के निर्देश पर राजस्व, खनिज व पुलिस की संयुक्त टीम ने खप्टिहाकलां गांव पहुंचकर गाटा संख्या 100 का भाग खंड संख्या-2 रकबा 39.53 एकड़ की खदान का निरीक्षण किया। इसमें पाया गया कि पट्टा धारक ने अपने क्षेत्रफल से बाहर हटकर 1528 घनमीटर बालू का अवैध रूप से खनन किया गया है। खनन का पट्टा सिद्देश्वर नगर आईटीआई (झांसी) निवासी मेसर्स श्रीराम इंटर प्राइजेज के प्रोपाइटर संजीव साहू के नाम स्वीकृत है। पट्टाधारक द्वारा किए गए इस अवैध कृत्य के लिए उस पर 13,75,200 रुपए का जुर्माना किया गया है। इसके साथ ही खनन प्रतिबंधित करते हुए वसूली की कार्रवाई की निर्गत की गई है। उधर, जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टास्क टीम ने 12 जून तक अवैध परिवहन व ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत 22 वाहनों को पकड़कर सीज करते हुए उन्हें थानों में सुपुर्द कर दिया गया। इन वाहनों से राजस्व के रूप में 8,85,600 रुपए का राजस्व वसूल किया गया।



बालू खदान में छापा मारते अधिकारी। अमृत विचार

- अवैध बालू खनन पर पट्टाधारक पर 13 लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना, नोटिस

## वारंटी पिता और पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चिल्ला।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है। थाना क्षेत्र अंतर्गत पपरेंदा चैकी पुलिस ने अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा विभिन्न अभियोगों में वारंटी चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को चिल्ला थाना क्षेत्र अंतर्गत पपरेंदा चैकी प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने अपने हमराही कांस्टेबिल अनूप कुमार और होमगार्ड शिवबली के साथ चैकी क्षेत्र के पपरेंदा गांव निवासी भेलू उर्फ नरोत्तम दास तिवारी पुत्र रामशरन तिवारी और उसके पुत्र रविशंकर को गिरफ्तार कर लिया।

## सार-संक्षेप

### विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से

**बांदा।** जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में लंबित मुकदमों के निस्तारण के लिए 29 जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में यदि किसी जनपदवासी का मुकदमा उच्चतम न्यायालय में लंबित है और वह उसका निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराना चाहता है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीवानी न्यायालय परिसर में आकर संपर्क करे अथवा मोबाइल नंबर 9532946541 व 9149005580 पर संपर्क करके विशेष लोक अदालत का लाभ ले सकता है।

### साइकिल सवार युवक की मौत पर मुकदमा दर्ज

**अतर्रा।** करीब एक सप्ताह पूर्व डीसीएम की टक्कर से हुई युवक की मौत के मामले में पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम नंदना निवासी रामबहोरी ने पुलिस को बताया कि पिछली 7 तारीख को साइकिल से अपने गांव से अतर्रा आ रहा था। जैसे ही वह बांदा रोड़ नारद नगर के पास पहुंचा तभी अतर्रा की तरफ से गये डीसीएम चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया ।जिससे बेटे की मृत्यु मौके पर हो गई थी। पुलिस ने मामले में आईपीसी की धारा 279/304 ए में मुकदमा दर्ज किया है।

### ई-रिक्शा चालक ने मारपीट की लिखाई रिपोर्ट

**अतर्रा।** सवारी लेकर जा रहे ई रिक्शा चालक को युवक द्वारा रास्ते में रोककर मारा पीटा गया। मामले में हरिजन एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। विसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम हस्तम में रहने वाले राम प्रकाश वर्मा ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करता है। 2 तारीख को नरैनी रोड से सवारी लेकर गणेश मंदिर के रास्ते संस्कृत विद्यालय के पास जा रहा था, तभी खड़े नगर के शिवपुरी निवासी सोनू यादव उसे रोककर गाली देने लगा और रास्ते से न निकलने देने की हिदायत दी। उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए ईंट सर पर मार दी।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के नगनेधी गांव के मजरा भग्गूपुरवा निवासी महेश (35) पुत्र शंकर लाल दो दिन पहले अपनी पत्नी माया और बच्चो के साथ अपनी ससुराल नरैनी कोतवाली क्षेत्र के मोतियारी गांव गया था। मंगलवार की रात वह छत पर सो रहा था। छत पर चार दीवारी नही थी। सोते समय वह छत से नीचे लुढक गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सुबह पड़ोसियो की नीद खुली तो महेश का शव पड़ा देखा। शव देखते ही परिजनो को सूचना दी। पिता ने बताया कि महेश मजदूरी करता था।

### संदिग्ध हालत में वृद्ध का बाथरूम में मिला शव

**बांदा।** प्रयागराज के प्रीतम नगर सुलेम सराय निवासी रामआसरे चैधरी (59) पुत्र शिवमोहन चैधरी यहां विकास भवन में अपर जिला सहकारी अधिकारी के पद पर तैनात था। बुधवार की दोपहर उसका शव विकास भवन के बाथरूम में पड़ा अन्य कर्मचारियों ने देखा तो हडकंप मच गया। आनन फानन उन्हे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के ममेरे भाई सहायक आयुक्त, सहायक निबंधक राजेश कुमा ने बताया कि रामआसरे ने पिछले वर्ष जुलाई माह में यहां ज्वाइन किया था। वह काफी दिनो से बीमार चल रहा था। उनका कानपुर में इलाज भी चल रहा था। बुधवार की दोपहर बाथरूम गया था। तभी चक्कर खाकर वह गिर पड़े जिससे उसकी मौत हो गई।

### कुएं में गिरकर महिला की मौत

**जालौन।** थाना कदौरा क्षेत्र के ग्राम गरेही में स्थित एक प्राचीन कुएं अज्ञात कारण से एक महिला गिर गई, जिससे परिजनों में अफरातफरी मच गयी। परिजनों ने अग्निशमन और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन केंद्र कालपी की टीम घटनास्थल पर पहुंची, दमकल विभाग के जवानों ने पहले मशीन से कुएं की विषैली गैस निकाली, इसके बाद अग्निशमन के जवानों ने रेस्क्यू अभियान चलाया, काफी मशक्कत के बाद महिला को कुएं से बाहर निकाला जा सका लेकिन तबतक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गरेंही गांव निवासी मोनू की 28 वर्षीय पत्नी सोनम अज्ञात कारण से कुएं में गिर गई , रेस्क्यू कर के महिला को कुएं से बाहर निकाला गया। कुएं में जहरीली गैस होने की वजह से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने पहुंचकर महिला के शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## विवाद के दौरान पड़ा दिल का दौरा बुजुर्ग की मौत

**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के सहेवा गांव निवासी कृष्णपाल (68) पुत्र मइयादीन मंगलवार की दोपहर अपने घर के बाहर चबूतरे में बैठा था। तभी उसका भतीजा आया और कहने लगा कि चकबंदी में उसकी जमीन दब गई है। इस पर कृष्णपाल ने कहा कि जमीन तुम्हारी नहीं कृष्णगोपाल की दबी है। इसी बात को लेकर कृष्णपाल का उसके भतीजे से विवाद हो गया। धक्का लगने पर कृष्णपाल को दिल का दौरा पड़ गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई रमेश का कहना है कि धक्का लगाने से उसका सिर दीवार में भिड़ गया जिससे उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष गिरवां राकेश कुमार का कहना है कि फिरहाल तहरीर नही मिली। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# दो मकान सहित लाखों की संपत्ति खाक

संवाददाता, चिल्ला

**अमृत विचार।** गर्मी में पारा चढ़ने के साथ ही अग्निकांड की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ताजी घटना में रेहुंटा गांव में आग लगने से दो मकान समेत लाखों रुपये की संपत्ति खाक हो गई। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक मकान व गृहस्थी खाक हो गई।

पैलानी थाना क्षेत्र के रेंहुटा गांव में गुरुवार को दोपहर लगभग अज्ञात कारणों के चलते किसान ननकू पाल तथा जगदीश पाल के मकान में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में मकानों से आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठने लगीं। अग्निपीड़ितों के शोर मचाने पर तमाम ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने हैंडपंप की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन वह नाकाम रहे। ग्रामीणों ने अग्निशमन को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर कुछ देर बाद दमकल मौके पर पहुंच गई।

कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। ग्राम प्रधान ओंकार निषाद ने बताया कि अग्निकांड में लगभग सात लाख रुपये की क्षति का अनुमान है।



आग पर काबू पाते ग्रामीण। अमृत विचार

### करंट से किशोर की मौत

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के जौहरपुर गांव के मजरा चारकूरा निवासी रोहित (16) बुधवार की शाम पड़ोसी सतबीर सिंह के यहां तेरहवीं में गया था। वहां पर टेंट भी लगा हुआ था। टेंट के पाइप में बिजली का तार छू रहा था। जैसी ही रोहित को पाइप पकड़ा ही था कि वह चिपक गया। लोगों ने उसे करंट से मुक्त कराया। परिजन अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# लेखपालों को दिया आपदा से बचाव का प्रशिक्षण

संवाददाता, नरैनी

- एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़ क्षेत्रों में बताए बचाव के उपाय

**अमृत विचार।** लखनऊ से आई एनडीआरएफ की टीम ने लेखपालों को दैवीय आपदा से तात्कालिक बचाव के तरीकों का प्रशिक्षण दिए जाने के साथ-साथ अचानक आने वाले भूकंप, बाढ़ व आगजनी की घटनाओं से तात्कालिक रूप से आवश्यक कार्यवाही कर समाज के लोगो को बचाने के टिप्स दिए।

तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित कोलावल रायपुर गांव में एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर अजय सिंह अपनी टीम के साथ पहुंचे। यहां तहसील के तमाम लेखपालों के साथ मिलकर माकडिल किया गया। एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़ से बचाव के लिए लोगों को बताया कि मौके पर बचाव के उपकरण और सामग्री उपलब्ध न हो तो इस दशा में घरेलू सामानों जैसे प्लास्टिक की बोतल से लाइफ जैकेट और ड्रम से राफ्ट बनाने की विधि बतायी। प्रशिक्षण के दौरान टीम के इंस्पेक्टर ने सर्प दंश से बचाव के लिए झाड़ फूंक या शरीर में कट लगाने से मना करते हुए बताया कि घाव को साफ कर मध्यम ढीला कपड़ा बांधकर तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाए। अचानक भूकम्प आने पर तत्काल घर से बाहर निकलकर खुले मैदान में जाने की सलाह दी और कहा कि भाग न पाने की स्थिति में लकड़ी से बने तख्त या मजबूत मेज आदि के नीचे बैठकर भी खुद को बचाया जा सकता है। इस मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक समस्त लेखपाल, तहसील कर्मी सहित बड़ी संख्या में गांव के किसान बन्धु मौजूद रहे।

# मवई बुजुर्ग में कचरे से भरे हैं नाले

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** सदर तहसील क्षेत्र के मवई बुजुर्ग गांव में जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण सड़क से लेकर नाला-नालियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव में नियमित रूप से सफाई नहीं कराए जाने से जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं वहीं नाले-नालियां भी जाम हैं। नाले-नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा होकर संक्रामक बीमारियों को आमंत्रण दे रहा है।

मवई बुजुर्ग गांव स्थित दलित बस्ती में पंचायत स्तरीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नाले-नालियां भी जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन साफ-सफाई पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रमित बीमारियां फैल रही हैं। गौरतलब है कि हाल ही में जिलाधिकारी ने बैठक कर गांवों में बारिश से पहले नाला-नाली की सफाई के निर्देश दिए हैं। जिम्मेदारों ने डीएम के आदेश को ठेंगा दिखा दिया। गांव में नियमित रूप से सफाई नहीं होने के कारण जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। लोगों द्वारा शिकायत करने के बाद भी सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जाता। सफाई नहीं होने के कारण लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब होने की ग्रामीणों ने आशंका जताई है।



गांव में लगा गंदगी का अंबार। अमृत विचार

- डीएम के आदेश की उड़ाई जा रहीं धज्जियां

हिदायत — बकरीद को लेकर जिले के सभी थानों में हुई पीस कमेटी की बैठक, एसपी ने दिए दिशा-निर्देश

# प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर सख्ती से रहेगी रोक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- लोगों से आपसी प्रेम व सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील
- कोई भी कुर्बानी सड़क अथवा खुले स्थान पर न हो

**अमृत विचार।** बकरीद को लेकर जिले के सभी कोतवाली और थानों में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में दोनों वर्गों के लोगों को परस्पर एक-दूसरे में सहयोग की भावना रखकर आपसी सौहार्द व प्रेम से त्योहार मनाने की अपील की। चेतावनी दी कि त्योहारों पर खलल डालने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। खबरदार किया कि बकरीद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न दी जाए।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर गुरुवार को जिले के सभी कोतवाली और थानों में बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। शांति समिति की बैठक में धर्म गुरुओं के साथ दोनों ही संप्रदायों के लोगों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। संबंधित कोतवाली प्रभारी व चैकी प्रभारियों ने कहा कि बकरीद को आपसी भाईचारे तथा सौहार्द पूर्वक मिलजुल कर मनाएं। किसी पर भी आपत्तिजनक टीका टिप्पणी से बचे। किसी नई धार्मिक परंपरा को बिना अनुमति शुरू न करने तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न देने की सख्त चेतावनी दी गई। किसी भी प्रकार की समस्या और घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रहेगी। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बकरीद के मौके पर होने वाली कुर्बानी प्रत्येक व्यक्ति अपने घर के अंदर ही करवाए। कोई भी कुर्बानी घर के बाहर सड़क अथवा खुले स्थान पर न हो। यदि ऐसा पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई को अमल में लाया जाएगा। पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित लोगों ने त्योहार पर निर्बाध बिजली एवं पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित कराने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने समस्या निराकरण कराने का भरोसा दिलाया।



अतर्रा थाने में पीस कमेटी की बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

### त्योहारों पर हर जगह रहेगी पुलिस की पैनी नजर

- पीस कमेटी की बैठक में कहा कि त्योहारों पर हर जगह पुलिस की नजर रहेगी। इस त्योहार पर खलल डालने वालों किसी भी व्यक्ति से सख्ती निपटने को पुलिस तैयार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि क्षेत्र में अमन चैन कायम रखना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। माहौल बिगाड़ने वालों को किसी तरह से बख्शा नहीं जायेगा। सभी धर्मों का सम्मान करें। अफवाहों से सावधान रहने की जरूरत है। किसी प्रकार की कानून व्यवस्था एवं शांति भंग करने संबंधी पोस्ट सोशल मीडिया में न भेजें। अफवाहों को फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अफवाहों पर किसी प्रकार से ध्यान न दें।

# मुफ्त राशन लेने गए कार्डधारक सर्वर डाउन होने से बैरंग लौटे

## गर्मी में नेटवर्क आने का किया घंटों इंतजार, बेचैन उपभोक्ता सर्वर की लेते रहे टोह

कार्यालय संवाददाता, महोबा


कोटे के बाहर सर्वर आने का इंतजार करते राशन कार्डधारक। अमृत विचार

- निःशुल्क खाद्यान्न पाना लोगों के जी का जंजाल बना
- शहर में 50 प्रतिशत से ज्यादा कार्डधारक वंचित

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा राशन कार्डधारकों का सरकारी गल्ले की दुकानों से दिया जाने वाला निःशुल्क खाद्यान्न पाना लोगों के लिए जी का जंजाल बनता जा रहा है। चार दिनों से राशन वितरण की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन अभी तक शहर में पचास प्रतिशत से ज्यादा राशन कार्डधारकों को राशन प्राप्त नहीं हो सका। कारण, आएदिन नेटवर्क जाने से ईपॉस मशीन शोपीस बनाकर रह जाती है और राशनकार्ड धारक इस तपिस भरी गर्मी में और गर्म हवाओं के बीच घंटों इंतजार करने के बाद भी बिना राशन लिए बैरंग वापस लौटना उनकी मजबूरी बन गई है, जिससे उनका समय तो बर्बाद हो रहा साथ ही सारे कामकाज प्रभावित हो रहे है। गुरुवार को सुबह आठ बजे से सर्वर डाउन हो गया और कई घंटों तक राशनकार्ड नेकवर्क का इंतजार करते रहे और वापस घर चले गए।

गुरुवार को शहर के कोटे खुलते ही राशन लेने वालों की भीड़ एकत्र हो गई और जैसे ही कोटेदार के कर्मचारियों ने ईपॉस मशीन ओपिन की तो सर्वर डाउन हो गया, जिससे राशनकार्ड धारकों में बेचैनी बढ़ गई और थोड़ी थोड़ी देर बाद कर्मचारी से नेटवर्क आने की बात पूछते रहे, लेकिन हर बाद सर्वन न आने की बात कहकर राशनकार्ड धारक कोटे के आसपास जाकर बैठक गए। राशनकार्ड धारकों अपने सगे संबन्धियों और दोस्तों से उनके कोटे की मशीन चलने के बावत पूछा तो वहां भी नेटवर्क फेल होने की बात बताई गई। वहीं कोटेदारों द्वारा अन्य कोटेदारों से सर्वर आने की जानकारी करते रहे, लेकिन दोपहर एक बजे तक सर्वन नहीं आया। राशनकार्ड धारक नाजरीन, आयशा, रज्जो, रफीक, अनिल, संध्या, पूजा आदि ने बताया कि पिछले कई दिनों से कोटे के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार मशीन न चलने के कारण कई घंटे बैठने के बाद भी राशन नसीब नही हुआ, उस पर कोटेदार द्वारा राशनकार्ड से आधार लिंक कराए जाने की बात कही जा रही। बताया कि तेज धूप और गर्मी के चलते कोटे के बाहर बनी आसपास की दुकानों के पास छाया देकर बैठ जाते हैं और सर्वर आने का इंतजार करते रहे, लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद मजबूरन बिना खाद्यान्न लिए घर लौटना पड़ा। गुरुवार को शहर के सभी सरकारी राशन की दुकानों में राशनकार्ड धारक सर्वर आने का इंतजार करते देखे गए।

## काव्य गोष्ठी में पढ़ी गईं रचनाएं

**महोबा।** शहर के मोहल्ला मिल्कीपुरा में रजा कालोनी स्थित गुलजार अहमद के आवास पर आयोजित गोष्ठी में साहित्कारों और कवियों ने रचनाएं और शेर शायरी पेशकर श्रोताओं का मनोरंजन कराया। देर रात तक चले इस साहित्यिक कार्यक्रम में कवियों और शायरों ने रचनाओं, गजलों की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही लूटी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रहमत हुसैन अख्तर और संचालन सलीम इटावी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि और साहित्कार रोहित शर्मा रहे।

गोष्ठी की शुरुआत शायर आमिल हबीबी ने शेर सुनाया कि तेरे महके बदन का लम्स पाकर मुकम्मल रात रानी हो गई है, हुई थी इब्तिदा बच्चों से जिसकी वो रंजिश खानदानी हो गई सुनाकर श्रोतओं को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। छतरपुर के बिजवर से आए फरीद बिजावरी ने सुंदर रचना की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर ख्वाज मोहम्मद, अजहर कमाल, अरिफ हसन, राहत महमूद, रहमत हुसैन, अख्तर रसीद, हफीद कमाल, नरेंद पंडित, जुगल किशोर, प्रदीप आदि रहे।

## 394 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, महोबा


बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

- ग्राम जैतपुर और अजनर में लगाया गया कैंप

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशाराम के निर्देश पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य टीमों द्वारा ग्राम जैतपुर व ग्राम अजनर की आंगनबाडी केंद्रों में पहुंचकर 394 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों में एनीमिया, विटामिन ए, विटामिन डी, दांतों, आंखों, त्वचा, बालों तथा दिमागी तौर पर कमजोरी तो नहीं है इसका भी परीक्षण किया गया। इस मौके पर आंगनबाडी केंद्रों में बच्चों की अधिक भीड़ नजर आई। इस मौके पर डाक्टरों द्वारा अभिभावकों को जानकारी भी दी गई।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की प्रथम टीम ने जैतपुर आंगनबाड़ी में कैंप लगाया, जहां पर आनबाड़ी एक व दो के 156 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की दूसरी टीम ने अजनर के आंगनबाड़ी एक, चार व पांच में कैंप लगाकर 238 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण दौरान दिमागी तौर सभी बच्चे सही पाए गए, लेकिन कुछ बच्चों में विटामिन ए, विटामिन डी, दांतों की समस्या होने पर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित देकर अभिभावकों को बच्चों का ध्यान रखने की सलाह दी गई। डाक्टरों द्वारा एक एक बच्चे का संतोषजनक तरीके से परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण दौरान डॉ. पीएन शर्मा द्वारा सरकार द्वारा चलाया जा रहा बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) का उद्देश्य जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्म के समय दोष, कमी, रोग, विकलांगता सहित विकास में देरी को कवर करने के लिए कार्यक्रम की शुरू किया गया है। बताया कि 0-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का विशेष रूप से जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) स्तर पर प्रबंधन किया जाता है, जबकि 6-18 वर्ष आयु वर्ग के लिए, स्थितियों का प्रबंधन मौजूदा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से किया जाएगा। डीईआईसी दोनों आयु समूहों के लिए रेफरल लिंकेज के रूप में कार्य करेगा। इस मौके पर डॉ. पी एन शर्मा, डॉ. अमित गंगेले, एफएचडब्ल्यू मधुबाला ,संगीता, जमीला, भगवती, ऊषा, सम्पत, राजकुमारी मौजूद रहीं।

## एमपी पुलिस पर मुर्गे-मुर्गियां ले जाने का आरोप

**महोबा।** कबरई में बांदा रोड पर सड़क के नजदीक तंबू बनाकर डेरा डाले एक परिवार के यहां मध्य प्रदेश पुलिस लिखी जीप आई और उसकी सास के साथ मारपीट कर 10 मुर्गे-मुर्गियां ले गई। महिला के 112 नंबर डायल करने पर पहुंची पुलिस ने उन्हें ही शांत कराया।

चरखारी बाईपास बांदा रोड निवासी आसमा सड़क के नजदीक तंबू बनाकर डेरा जमाए हुए हैं। बच्चों के भरण पोषण के लिए मुर्गियां और बकरियां पाली हैं। बकरियों के दूध और मुर्गी के अंडे बेचकर परिवार का भरण पोषण किया जा रहा है। आसमा ने आरोप लगाया कि बुधवार की रात को एमपी पुलिस आई और उसकी सास के साथ मारपीट कर मुर्गियां लेकर चली गई।

## ग्रामीणों से सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, महोबा



कथा सुनाते पं. जगप्रसाद तिवारी व उपस्थित लोग। अमृत विचार

- ग्राम काशीपुरा के हनुमान मंदिर में रामकथा

**अमृत विचार।** विकासखंड पनवाड़ी के काशीपुर ग्राम में श्री हनुमान मंदिर में चल रहे श्रीराम महायज्ञ के अंतर्गत रामकथा का अयोजन किया गया। कथावाचक द्वारा श्रीराम के चौदह वर्ष वनवास उपरांत तमाम राक्षसों का वध कर सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा की। कथावाचक द्वारा सत्य की व्यख्या करते हुए मनुष्य के जीवन में सत्य से होने वाले प्रभाव से भी ग्रामीणों को रुबरू कराते हुए सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। हनुमान मंदिर में चल रही रामकथा सुनने के लिए ग्राम के अलावा अन्य ग्रामों के श्रद्धालुओं पहुंचकर कथा का रसपान किया।

रामकथा वाचक पं. जगप्रसाद तिवारी ने श्रद्धालुओं को रामकथा सुनाते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम चरितमानस लिखकर संपूर्ण विश्व के लोगों को एक दिशा देने का कार्य किया है। भगवान श्रीराम का अवतार अयोध्या में हुआ था और महलों का सुख वैभव त्याग करते हुए पिता द्वारा दिए गए वाचनों का मान रखते हुए चौदह वर्षों तक वन में रहकर राक्षसों का विनाश करके सनातन धर्म तथा भारतीय संस्कृति की रक्षा की। उन्होने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है कि हमने भारत जैसे राष्ट्र की धरती पर जन्म लिया है। कहा कि श्रीराम को बुंदेलखंड की धरती से विशेष प्रेम था, इसलिए वह वनवास काल के समय 12 वर्ष तक चित्रकूट में रहे। है। रामकथा का अनुसरण करने से मनुष्य का जीवन संवर जाता है। उन्होंने कहा कि सत्य का आचरण करने वाला व्यक्ति ही सामाजिक जीवन में प्रतिष्ठा एवं सम्मान प्राप्त करता है। है। इस मौके पर मुख्य यजमान अरविंद चतुर्वेदी, परीक्षित अंकित चतुर्वेदी रहे।

## गर्मी से ग्रामीण को दिल का दौरा पड़ा, मौत

**महोबा।** थाना खन्ना के ग्राम पुरा में गर्मी से ग्रामीण के सीने में दर्द होने लगा। रात में हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई ले गए लेकिन उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल महोबा के लिए रेफर कर दिया।

ग्राम पुरा निवासी दिनेश सिंह (55) खेती किसानी का काम करके परिवार चल रहा था। गर्मी के परेशान ग्रामीण के सीने में दर्द होने पर उसके भाई ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब ग्रामीण की मौत हो जाने से मृतक की पत्नी को अपने छोटे बच्चों की परवरिश की चिंता सता रही है। मृतक अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गया है। गृह स्वामी की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

## लू की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- प्रतापगढ़ से कबरई गिट्टी लेने आया था

**अमृत विचार।** गुरुवार को कस्बा कबरई ने पीएनसी प्लांट के सामने सड़क किनारे एक ट्रक चालक भीषण गर्मी के कारण बेहोश हो गया, बाद में उसकी मौत हो गई।

जिले में गर्मी और लू के थपेड़े कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं, जिसके चलते गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के बीच जिला प्रशासन की एडवाइजरी जारी होने के बाद भी बच्चों का पेट पालने के लिए तेज धूप से घरों से निकलकर कोई मजदूरी करने जा रहा तो कोई ट्रक व बस चला रहा है। एक तरफ आसमान से बरस रही आग और दूसरी तरफ ट्रक चलाते समय इंजन की गर्मी एक चालक सहन नहीं कर सका और उसकी वाहन में ही गर्मी में चपेट मे आने से मौत हो गई। प्रतापगढ़ के ग्राम कुर्रही निवासी दीपक सिंह पुत्र दुर्गा प्रसाद सिंह गुरुवार को ट्रक लेकर पत्थर मंडी कबरई के उटियां गांव में गिट्टी लेने जा रहा था। पीएनसी प्लाट के पास पहुंचते ही अचानक गर्मी के चलते वह प्लांट के सामने सड़क पर ट्रक में ही बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कबरई पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसकी शिनाख्त जेब में मिले कागजातों से की गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है।

## कांग्रेसियों ने सांसद के गांव में मनाया जश्न

कार्यालय संवाददाता, महोबा


फूल माला पहनाकर जीत की खुशी मनाते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

- सांसद को फूलमालाओं से लादा, बांटी मिठाई

**अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कमेटी महोबा ने हमीरपुर महोबा तिंदवारी संसदीय सीट से कांग्रेस सपा गठबंधन के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी के विजय होने पर उनके आवास कनकुआं गांव में पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दी। मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। विजयी प्रत्याशी ने भी चुनाव में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा सहयोग करने पर प्रसन्नता जताते हुए उन्हे धन्यवाद दिया।

कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी और जिला उपाध्यक्ष संतोष धुरिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को विकासखंड पनवाडी के ग्राम कनकुआ मे स्थित अजेंद्र सिंह लोधी के आवास पर पहुंचकर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हे मिठाई खिलाकर जीत की बधाई देकर खुशी का इजहार किया। अपने बीत कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पाकर गठबंधन के प्रत्याशी ने जीत के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पाटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की चुनाव में की गई मेहनत और प्रयास की सराहना की और इस जीत को संसदीय क्षेत्र की जनता की जीत बताया। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आफाक सरवर, रणविजय आदि रहे।

## मृतक आश्रितों को दी दुर्घटना बीमा की चेक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पंजीकृत व्यापारियों को सरकार दुर्घटना होने पर बिना किसी प्रीमियम भुगतान के निःशुल्क 10 लाख बीमा का लाभ देती है। इसी के तहत जिले में दो व्यापारियों की दुर्घटना में मौत पर उनकी पत्नियों को दस-दस लाख की चेक दी गई।

गुरुवार को चरखारी बाईपास स्थित राज्य कर कार्यालय में आयोजित चेक वितरण समारोह सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि जीएसटी के फायदे बताए। एलएमएलसी जितेंद सिंह सेंगर ने कहा कि जीएसटी ही एक मात्र ऐसी संस्था है जो बिना किसी भुगतान के अपने पंजीकृत व्यापारी को दुर्घटना बीमा का लाभ देती है। दोनों विधायकों ने ज्वाइंट कमिश्नर संतोष कुमार वर्मा, एसिस्टेंट कमिश्नर प्रशांत कुमार राय की उपस्थिति में जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों दादी क्रेन सर्विस चन्द्रपुरा की पत्नी रुचि एवं मोहम्मद हनीफ की पत्नी शायरा बानो को दस-दस लाख की चेक दी। लाभार्थी रुचि तथा शायरा बानो ने कहा कि हमारा कोई व्यापार नहीं था। पैसे से टूट चुके थे। अब इस पैसे से बच्चों को व्यापार करा सकेंगे। राज्य कर अधिकारी विजय द्विवेदी व्यापार मंडल के अध्यक्ष भागीरथ नगाइच आदि मौजूद रहे।

## स्टेट बैंक में जमा-निकासी के लिए करना पड़ता है घंटों इंतजार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग काउंटर न होने से लाइन में लगना मजबूरी

**अमृत विचार।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा महोबा में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। ग्राहकों को लेनदेने करने के लिए घंटो लाइन पर खड़ा रहना पडता है। इतना ही नहीं सीनियर सिटिजन के लिए कोई अलग काउंटर न होने के कारण बुर्जुग भी लाइन पर खड़े खड़े थक जाते हैं। इससे बुजुर्गों को लेनदेन करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय स्टेट बैंक में एक लाख रुपये तक का लेनेदेन करने के लिए मात्र एक काउंटर खोला गया, जिसमें भारी भीड़ जुटने के साथ साथ खाता खोलने और चालान बनाने का काम भी किया जाता है, इससे ग्राहकों को लेनदेन करने के लिए दो दो घंटे तक खड़ा रहना पड़त है।

गौरतलब है कि एचडीएफसी, बैक ऑफ बड़ौदा, एक्सेस बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक सहित तमाम बैंकों में जमा निकासी के लिए दो दो काउंटर खुले हुए हैं, जबकि स्टेट बैंक में एक लाख रुपये तक की जमा निकासी के लिए मात्र एक काउंटर खुला हुआ है, इसी काउंटर में खाता खोलने की प्रक्रिया होने के साथ साथ चालान जमा करने का भी काम होता है, जिससे इस पैसा निकालने और जमा करने के लिए काउंटर पर भारी भीड़ जमा रहती है, इससे ग्राहकों को अपना पैसा जमा करने और निकालने में घंटों लाइन पर ख़ड़ा रहना पड़ता है, जिससे ग्राहकों का विश्वास एसबीआई के प्रति कम होता जा रहा है। एसबीआई बैंक शाखा जिले की सबसे पुरानी होने के कारण इस बैंक में कर्मचारियों और पेंशनरों के अलावा अन्य लोगों के भी सबसे ज्यादा खाते आज भी एसबीआई में हैं, जिसके चलते एसबीआई में प्रतिदिन ग्राहकों की भारी भीड़ जुटी रहती है।

## कूलर में उतरे करंट से महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा


पोस्टमार्टम न कराने के लिए घरवालों से लिखित में लेती पुलिस। अमृत विचार

- परिजनों के लिखित आग्रह पर पुलिस ने नहीं कराया शव का पोस्टमार्टम

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम कैथोरा में घरेलू कार्य करते समय कूलर में करंट उतर आने से एक महिला की चिपकर मौत हो गई। गांव की दुकान से सामान लेकर घर वापस आए भाई और बहन ने मां को कूलर से चिपका देखा तो उनके होश उड़ गए और आनन फानन में उसने किसी तरह कूलर का तार बोर्ड से अलग किया और सीएचसी ले गया, जहां पर डाक्टरों ने महिला का चेकअप कर उसे मृत घोषित कर दिया। मां की मौत के बाद परिजनों रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पास्मार्टम करने के लिए पंचनामा भरना चाहा लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया, जिस पर पुलिस ने ग्राम प्रधान और अन्य ग्रामीणों से मृतका का पोस्टमार्टम न किए जाने के बाबत एप्लीकेशन पर हस्ताक्षर करवाकर चले गए।

ग्राम कैथोरा निवासी पुष्पादेवी (40) प्रतिदिन की तरह घर का काम कर रही थी, तभी काम करते अचानक चलते कूलर के पास पहुंच गई, जिससे वह करंट की चपेट मे आकर कूलर में चिप गई। थोड़ी देर बाद पुत्र और पुत्री के आने पर मां को कूलर से चिपका देख उसने कूलर के तार को बोर्ड से अलग किया और ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कुलपहाड़ में पीस कमेटी की बैठक

**कुलपहाड़।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर कोतवाली प्रागंण में पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता व पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार व प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह की मौजूदगी में आयोजित की गई । बैठक के दौरान उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति कुर्बानी वाले दिन खुले में कुर्बानी न करे, और कुर्बानी से निकलने वाली गंदगी को एकांत जगह गड्ढा खोदकर गड़वा दें। उन्होंने नगर पंचायत सफाई मेट सन्तोष कुमार को निर्देश दिए कि मस्जिदों के रास्ते में सफाई रखें। अवर अभियंता जयवीर सिंह को बिजली व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए। पेयजल सप्लाई के लिए सम्बन्धित को पहले ही दुरूस्त रखने के निर्देश दिए गए। ग्रामीण रवि सोनी ने लाड़पुर स्टैंड पर गुमटियों व दुकानों पर अवैध शराब की बिक्री को रोकने की बात कही। इस मौके पर डॉ. हरगोविंद, सगीर पहलवान, मोहम्मद असलम आदि रहे।

**व्यवस्था दी** | गंगा दशहरा और बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी ने की अपील

# खुले में कुर्बानी करने पर प्रतिबंध, नई परंपरा न डालें

कार्यालय संवाददाता, महोबा


पीस कमेटी की बैठक में बोलते डीएम मृदुल चौधरी। अमृत विचार

- सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का आह्वान

**अमृत विचार।** आगामी गंगा दशहरा व बकरीद त्योहार के मद्देनजर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के धार्मिक गुरुओं, प्रबुद्धजनों एवं सभ्रान्त नागरिकों से सीधा संवाद कर आगामी त्योहारों को आपसी सौहार्द, भाईचारे से मनाए जाने की अपील की गई। साथ ही कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग का आह्वान किया गया। डीएम मृदुल चौधरी ने कहा कि उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुर्बानी पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही की जाए। किसी भी दशा में खुले में कोई कुर्बानी नहीं की जाएगी। इस त्योहार पर कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाएगी। इसके अनुपालन में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में डीएम मृदुल चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस त्योहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है और परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी दी जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस दौरान संबंधित अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद, नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कुर्बानी के पश्चात अवशेष को उचित स्थान पर पर्याप्त संख्या में गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें ब्लीचिंग, नमक तथा चूना डालकर समुचित तरीके से ढकवा कर निस्तारण कराने के भी निर्देश दिए गए, जिससे किसी भी प्रकार की संक्रमण फैलने न पाए। उन्होंने कहा कि समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थाना अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुर्बानी पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाए, किसी भी दशा में खुले में कोई कुर्बानी नहीं की जाएगी। उक्त त्यौहार पर कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाएगी। इसके अनुपालन में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि नवाज के मुख्य मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कराकर लूज व जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें तथा त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध संचालित रहे।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि समस्त चिकित्सा केंद्रो पर आवश्यक दावाओं की उपलब्धता व चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति के साथ ही साथ एंबुलेंस की भी उपलब्धता सुनिश्चित करायेंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई है वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें, इन कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों से कहा कि धार्मिक सर्वेदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम आदि रहे।

## एक नजर

### सफाईकर्मी ने फांसी लगा कर दे दी जान

कुरारा (हमीरपुर)। रघवा गांव के बाहर पारिवारिक कलह के चलते खेतों में बबूल के पेड़ से फांसी लगा कर 38 वर्षीय सफाई कर्मी ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के रघवा गांव निवासी रामखिलावन (38) खरौंज गांव में सफाई कर्मचारी था। बुधवार को सुबह घर से ड्यूटी के लिए निकला था। ड्यूटी खत्म होने पर घर वापस न पहुंचने पर परिजन खोजने में लग गए। वहीं गांव के चरवाहों ने देर शाम परिजनों को सूचना दी कि रामखिलावन का शव सोबरन सिंह के खेत में बबूल के पेड़ में शव फंदे से लटक रहा है। सूचना पर परिजनों ने जाकर देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल ने बताया कि निर्वाचन कार्यालय में दो माह से ड्यूटी लगी थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


रामखिलावन ।

# जिले में खुलेंगे 22 कृषि उद्यमी केंद्र, होगी पढ़ाई

## कृषि स्नातक या कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक कर सकेंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जनपद में 22 कृषि स्नातकों को कृषि उद्यमी केंद्र स्थापित करने का शासन स्तर से लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एग्रीजंक्शन खुलने से किसानों को एक ही स्थान पर खाद बीज के साथ कृषि यंत्र उपलब्ध हो सकेंगे। इन्हें वर्ष 2024-25 के तहत प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना के अन्तर्गत विकास खण्डों एवं तहसील मुख्यालयों पर वन स्टांप शॉप (एग्रीजंक्शन) खोले जाएंगे।

उप कृषि निदेशक हरिशंकर ने बताया कि योजना में कृषि स्नातकों/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक आवेदन के लिए पात्र होंगे। कृषि केन्द्र (एग्रीजंक्शन) कृषि स्नातक युवाओं का चयन जिला स्तरीय गठित समिति द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों की छटनी के उपरान्त



किया जाएगा।

बताया कि आवेदक की आयु 15 जुलाई 2024 तक 40 वर्ष से अधिक नहीं हो। अनुसूचित जाति /महिलाओं को पांच वर्ष की अधिकतम छूट मिलेगी। कहा एग्रीजंक्शन के संचालन के लिए आवेदन 15 जुलाई तक किए जा सकते हैं।

बताया कि आवेदक विकासखण्ड का निवासी होना चाहिए। आवेदनकर्ता आवेदन के साथ शैक्षिक अभिलेख स्वः प्रमाणित करते हुए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### रोजगार मेला में 39 युवाओं का नौकरी के लिए किया गया चयन

हमीरपुर। जिला रोजगार सहायता अधिकारी कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एंड आयुर्वेदिक प्रालि लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, डीएसएस ग्रुप लखनऊ एवं कारसकृपा प्रा लि उरई, जालौन द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में कुल 62 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिसमें कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 39 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के उपरान्त चयन किया। प्रतिभागी कम्पनी ब्राइटफ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक ने 10, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने छह एवं डीएसएस ग्रुप लखनऊ ने 14 तथा कारसकृपा ने 9 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया।

# परिषदीय विद्यालयों को तकनीक से करेंगे लैस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- शासन ने 20 जून तक ऐसे विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराए जाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जनपद में परिषदीय विद्यालयों का सर्वांगीण विकास एवं आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित किया जाना है। इस योजना में वह विद्यालय होंगे जिनके नाम दो एकड़ या उससे अधिक भूमि दर्ज है। शासन ने उनके चिन्हांकन कराकर 20 जून तक राज्य परियोजना कार्यालय में उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के दृष्टिगत परिषदीय विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के सृजन एवं विकास, नामांकन वृद्धि एवं शिक्षा में गुणवत्ता के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में परिषदीय विद्यालयों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें आधुनिक एवं तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने आदेश जारी कर बेसिक शिक्षा अधिकारी को जिले के ऐसे सभी परिषदीय विद्यालयों जिनके परिसर में या इससे पृथक या परिसर से संयुक्त दो एकड़ अथवा इससे अधिक भूमि विद्यालय के नाम दर्ज है। ऐसे विद्यालयों को चिन्हित किए जाने के आदेश दिए हैं। कहा है कि तहसील कार्यालय से संपर्क कर ऐसे विद्यालयों के भूमि की खसरा, खतौनी, गाटा संख्या आदि विवरण प्राप्त कर जनपद स्तर पर संरक्षित किए जाएं। साथ ही इसका प्रारूप एक्सेल शीट में एवं स्वहस्ताक्षरित प्रति (हार्ड कॉपी) ईमेल आईडी ssaupcivilnew@gmail.com पर 20 जून तक राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। बीएसए आलोक सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जल्द ही ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर सूचना परियोजना कार्यालय को भेजी जाएगी।

# अनियंत्रित बाइक खड्ड में गिरी, युवक की मौत, साथी घायल

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भौली मार्ग में बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजन स्थानीय सीएचसी लेकर गए। जहां एक घायल की मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

कस्बा के वार्ड नंबर तीन ट्रेंडरी मोहाल निवासी अभिषेक (20) पुत्र हरिपाल अपने साथी राजा (18) पुत्र अमरनाथ निवासी काशीराम कॉलोनी कस्बा कुरारा के साथ बाइक में भौली मार्ग में गुरुवार की सुबह नौ बजे जा रहे थे। तभी बाइक अनियंत्रित होकर एक खड्ड में गिर जाने से दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां राहगीरों के द्वारा एंबुलेंस से दोनों घायलों को स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं राजा की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया मृतक अभिषेक चार भाइयों में सबसे छोटा था और दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता था वहीं 5 दिन पहले दिल्ली से घर आया था। मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

### हार्वेस्टर की टक्कर से युवक की मौत, एफआईआर

कुरारा (हमीरपुर)। मनकी मार्ग पर बुधवार को हार्वेस्टर की टक्कर से हुई युवक की मौत मामले में चालक के खिलाफ पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा के वार्ड नम्बर चार निवासी रामाधीन पुत्र बिंदा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र सुनील कुमार अपने भांजे प्रशांत सागर के साथ बाइक से बुधवार की दोपहर करीब 1 बजे कुरारा मनकी मार्ग से कस्बा की तरफ आ रहे थे। तभी खरौंज मोड़ के पास तेज रफ्तार हार्वेस्टर चालक ने लापरवाही व तेज गति से चलाते हुए उसके पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों बाइक सवार घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां पुत्र सुनील कुमार की मौत हो गई। वहीं प्रशांत सागर भांजे का उपचार हो रहा है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने हार्वेस्टर नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अनियंत्रित डंपर निर्माणाधीन मकान में घुसा, चालक-खलासी गंभीर घायल

- मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी
- चालक-खलासी अस्पताल से भाग गए

**हमीरपुर।** मुख्यालय में कानपुर सागर हाईवे पर स्थित वृद्धाश्रम का टीनशेड तोड़ता हुआ तेज रफ्तार डंपर निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में जा घुसा। बेसमेंट का रैंप संकरा होने से डंपर का केबिन उसी में फंस गया। जिससे चालक और खलासी उसी में फंसकर घायल हो गए। आवाज सुनकर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने दोनों को केबिन से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। दो घंटे तक अस्पताल में उपचार के बाद चालक और खलासी दोनों नदारद हो गए।

कानपुर सागर हाईवे पर वृद्धाश्रम से सटा विमल तिवारी का अर्द्धनिर्मित मकान है। गुरुवार तड़के कानपुर की ओर से आ रहा खाली डंपर अनियंत्रित होकर वृद्धाश्रम के बाहर लगे टीनशेड को तोड़ता हुआ विमल के मकान के बेसमेंट में घुस गया। जिससे चालक व खलासी डंपर की केबिन फंस गए।

मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाल अनूप सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को केबिन से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान चालक और खलासी दोनों अस्पताल से भाग गए।


हाईवे किनारे निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में घुसा डंपर। अमृत विचार

### खंभा लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी युवक की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** गोहांड कछवा कला मार्ग पर विद्युत खम्भों से लोड तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक युवक की दबकर मौत हो गई। वहीं चालक सहित दो लोग घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने निकालकर सीएचसी ले जाया गया।


पुष्पेंद्र ।

महोबा जनपद के चरखारी थाना क्षेत्र के भैंसारी गांव निवासी पुष्पेंद्र (23) साथी मनोज और उपेंद्र के साथ गोहांड से ट्रैक्टर ट्रॉली में विद्युत खंभों को लादकर उन्हें अमूंद गांव में स्थित विद्युत पावर हाउस में ले जा रहा था। रास्ते में गोहांड कछवा कला रोड पर अचानक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसमें सवार पुष्पेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

# लोक अदालत में वादों का होगा निपटारा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर गुरुवार को नोडल अधिकारी लोक अदालत अनिल कुमार खरवार एवं अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग के साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने प्री बैठक की। जिसमें अधिक से अधिक वादों को लोक अदालत में शामिल करने पर चर्चा हुई।

प्री-ट्रायल बैठक में प्रशासन स्तर पर अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने के लिए अधिकारियों ने चर्चा की। लोक अदालत में जारी नोटिस के तामीला को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। बताया गया कि लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, पुलिस चालानी, लघु आपराधिक, अंतिम रिपोर्ट, 138 एनआईएक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक, भरण-पोषण, श्रम, विक्रय कर एवं आयकर संबंधी, सिविल, किरायेदारी से संबंधित, बैंक वसूली संबंधी, उत्तराधिकारी, विद्युत अधिनियम, आरटीओ चालानी, नगर पालिका, बांटमाप संबंधी, रेलवे से संबंधी, वन विभाग, नहर विभाग, सेवा एवं पेंशन मामले, प्राकृतिक आपदा एवं क्षतिपूर्ति, मनोरंजन विभाग के बादों का लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर निस्तारण होगा। एडीएम न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, एएसपी मायाराम वर्मा, सीओ ट्रैफिक घनश्याम सिंह, टीआई हरवेंद्र सिंह, लीड बैंक मैनेजर संगम लाल मिश्रा आदि मौजूद रहे।


जिला विधिक कार्यालय में बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

### सांप के काटने से युवक की मौत

**पौथिया(हमीरपुर)।** ललपुरा थाना क्षेत्र के शिकरी गांव में एक युवक की सर्पदंश से मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। शिकरी गांव निवासी लवलेश (22) पुत्र रतिराम अपने घर में करीब बारह बजे दिन में सो रहा था। सोते समय सर्प ने काट लिया। रोने की आवाज सुन बगल में सो रहा पिता जग गया। पिता-पुत्र ने देखा सर्प काटने के बाद वहां बैठा था। आनन-फानन पिता उसे जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। रास्ते में युवक की मौत हो गई। प्रधान प्रतिनिधि संजय पाल ने बताया राठ हमीरपुर मार्ग शिकरी श्रमदान के पास अपने खेतों में मकान बना कर परिवार सहित रहते थे।

# बहन व दो भांजी के हत्यारोपी की जमानत अर्जी खारिज

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बहन व दो मासूम भांजियों की हत्या करने के आरोपी भाई की प्रभारी जिला सत्र न्यायाधीश ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

कुरारा थाना क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी पीड़ित पति राजू पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। उसके घर पर उसकी पत्नी अनीता अपनी दो मासूम बेटियों के साथ रहती थी। बताया कि उसके घर पर उसका साला रामप्रकाश पाल निवासी भवानीपुर थाना चिल्ला जिला बांदा करीब 10 दिनों से रुका था। जो 11 जनवरी 2023 की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे उसकी पत्नी व बेटियों को घर के अंदर हत्या कर बेड पर लिटा दिया और साक्ष्य मिटाने के लिए बिजली के हीटर को बेड के नीचे रखकर आग लगा दी। बताया कि आरोपी दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद कर ताला लगा दिया। बताया कि आरोपी हरदम उसकी पत्नी से नशे के लिए पैसा व गहने मांगता रहता था। पैसा व गहने न देने के कारण उसकी पत्नी व दोनों बेटियों की हत्या कर भाग गया। आस पास के लोगों ने घर जलता देख दौड़कर आए और आग बुझाकर घर का ताला तोड़कर अंदर गए। जहां तीनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपी साले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया है। सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी।

विरोध जताया | ईदगाह में जाली लगाने के मामले का चार दिन बाद भी नहीं हो सका निस्तारण, इसी बात पर मुस्लिम समाज है नाराज

# पीस कमेटी की बैठक का मुस्लिम समाज के लोगों ने किया बहिष्कार

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ईदगाह में जाली लगाने के विवाद का निस्तारण न होने पर गुरुवार को कोतवाली में आयोजित हुई पीस कमेटी का मुस्लिम समाज के लोगों ने बहिष्कार कर दिया। कोतवाली में पीस कमेटी में एक वर्ग के कुछ लोग ही वहां पहुंचे। जिसके चलते पीस कमेटी की बैठक संपन्न नहीं हो सकी।

आगामी 17 जून को बकरा ईद का त्योहार है। त्योहार के पहले कोतवाली पुलिस द्वारा गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में कोतवाल उमेश कुमार सिंह की मौजूदगी में बैठक संपन्न होनी थी। परंतु ईदगाह में सुंदरीकरण और जाली लगाने को लेकर पिछले चार दिनों से चल रहे विवाद को लेकर नाराज मुस्लिम समाज के लोगों ने पीस कमेटी का बहिष्कार कर दिया। जिसके चलते पीस कमेटी की बैठक संपन्न नहीं हो सकी। दोपहर में कोतवाल उमेश कुमार सिंह ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम समाज के दर्जनों लोगों की मौजूदगी में वार्ता की। इस दौरान ईदगाह कमेटी के सदस्य डा.सुल्तान बेग ने कहा कि प्रशासन ने तीन दिन के अंदर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने की बात कही थी। परंतु उनकी समस्या का निस्तारण अब तक नहीं हुआ। इस दौरान कोतवाल उमेश कुमार ने ईदगाह कमेटी और मुस्लिम समाज के लोगों के सामने शाम तक का वक्त मांगते हुए समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। समाचार लिखे जाने तक समस्या का समाधान नहीं हो सका था। इस संबंध में जब एसडीएम विपिन प्रकाश शिवहरे से वार्ता की तो उन्होने बताया कि वह मीटिंग में हैं। ईदगाह में वार्ता के दौरान डा.सुल्तान बेग, संजू सभासद, दानिश खान, खालिक सभासद, नसीम सभासद, हाजी राशिद वारसी, डा.शमीम रहे।


ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों से वार्ता करते कोतवाल उमेश कुमार सिंह। अमृत विचार

### संभ्रांत लोगों के साथ सीओ ने की बैठक

**सरीला (हमीरपुर)।** बकरीद व गंगा दशहरा पर्व को लेकर सीओ ने जलालपुर थाना व कस्बे की पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। क्षेत्राधिकारी सरीला आशीष कुमार यादव के नेतृत्व में आगामी त्योहार बकरीद व गंगा दशहरा को लेकर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधान, मौलवी व ग्राम चौकीदारों को बुलाकर पीस कमेटी की मीटिंग में समस्याओं के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा परंपरागत तरीके से बकरीद का त्यौहार मनाएं। उधर जरिया थाना के सरीला पुलिस चौकी परिसर में आगामी गंगा दशहरा एवं बकरीद के पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक में ईद की नमाज, कुर्बानी, विद्युत व पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली। इस मौके पर जलालपुर में थानाध्यक्ष ब्रजमोहन, सरीला पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश प्रसाद मौर्या, नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी सहित सभासद क्षेत्र के ग्राम प्रधान व संभ्रांत लोग रहे।

## सार-संक्षेप


हाइड्रा मशीन से जले ट्रक को हटवाती पुलिस। अमृत विचार

### हाईवे की पेट्रोलिंग टीम ने हटाया जला डंपर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीस दिन पूर्व बस स्टैंड में पलट कर जलने के बाद खराब खड़े डंपर को खबर प्रकाशित होते ही पुलिस एवं हाईवे की पेट्रोलिंग टीम ने हटाकर पुलिस चौकी में खड़ा कराया है। बीस दिन पूर्व कस्बे के बस स्टैंड में एक डंपर पलट गया था। इसको हटाने समय उसमें आग लग गई थी। इस घटना के बाद डंपर को आग बुझाने के उपरांत क्रेन की सहायता से सीधा करके हाईवे के ऊपर खड़ा कर दिया गया था। इससे यहां कभी भी हादसे की संभावना बन गई थी। इस खबर को गुरुवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। खबर के प्रकाशित होते ही गुरुवार को दोपहर पुलिस की मौजूदगी में हाईवे की पेट्रोलिंग टीम ने जले डंपर को हाइड्रा की सहायता से हटाकर फैक्ट्री पुलिस चौकी में खड़ा कराया गया है। इससे राहगीरों ने राहत की सांस ली है।


धन्यवाद बैठक को संबोधित करती प्रांतीय सचिव सोनिया सोनी। अमृत विचार

### सपा महिला सभा ने की धन्यवाद बैठक

**संवाददाता, सुमेरपुर।** समाजवादी महिला सभा में कस्बे में धन्यवाद बैठक का आयोजन करके मिशन 2027 के बारे में बताकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत पर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जश्न मनाया। समाजवादी महिला सभा की प्रांतीय सचिव सोनिया सोनी ने कस्बे के वार्ड संख्या दो में धन्यवाद बैठक का आयोजन करके पार्टी के मिशन 2027 के बारे में बताते हुए सभी से मिलकर कार्य को अंजाम देने का आह्वान किया। इसके बाद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी के लोकसभा सदस्य बनने पर हर्ष जताते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर महिला सभा की नगर अध्यक्ष सबीना खातून, स्नेहा प्रजापति, ममता देवी आदि मौजूद रहीं।


शपथ लेते अधिवक्ता। अमृत विचार

### रक्तदान के लिए अधिवक्ताओं ने ली शपथ

**हमीरपुर।** शुक्रवार को होने वाले विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में कौमी एकता रक्तदान फाउंडेशन के अध्यक्ष ज़िरगाम सिद्दीकी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने रक्तदान को लेकर शपथ ग्रहण करते हुए संकल्प लिया कि किसी गरीब मजबूर कि रक्त की कमी के कारण जान नहीं जाने देंगे। इस मौके पर मो. तौसीफ, पीयूष नामदेव, अभितेज सक्सेना, यशवंत यादव, अमित कुमार पाल, विनय, सरफ़राज़, अंकुश राय, जय हिंद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।


सेंटर पर परीक्षा देते छात्र। अमृत विचार

### पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा शुरू

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा जिला मुख्यालय के संचालित संस्कार टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट में बृहस्पतिवार से शुरू हुई। पहले दिन तीन पालियों में साठ बच्चों ने प्रवेश परीक्षा दी। संस्कार टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट के सेंटर मैनेजर दीप प्रकाश ने बताया कि पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा (यूपी जेईई) की जिम्मेदारी उनकी संस्था को मिली है। यह परीक्षा 13 से 19 जून के बीच कराई जानी है। करीब 600 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। बृहस्पतिवार को तीन पालियों में 60 परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा सुबह आठ से दोपहर 12 बजे व शाम चार बजे तीन पालियों में संपन्न कराई जा रही है। कॉलेज के प्राचार्य विवेक कुमार सक्सेना ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की जिम्मेदारी संस्कार टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट को मिली है। वहीं पर परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को कॉलेज में प्रवेश दिया जाएगा।

# नदेहरा के ग्रामीणों ने डीएम से की नाला बनवाने की मांग

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नदेहरा गांव के अंदर बस्ती में सीसी मार्ग बनाया गया है। लेकिन नाली निर्माण न कराने से बरसात में बस्ती का पानी बाहर नहीं निकलने से घर गिरी का खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर नाला निर्माण कराने की मांग की है।

नदेहरा निवासी स्वामीदीन, सुन्ता, प्रमोद कुमार, बसंता, बऊवा, मैकू, छोटे, शिवप्यारी ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि लोक निर्माण विभाग ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सुमेरपुर से मवईजार तक सड़क का निर्माण कराया है। नदेहरा में बस्ती के अंदर सीसी मार्ग बनाया गया है। बस्ती के अंदर दोनों तरफ नाला निर्माण प्रस्तावित था। जिसको पीडब्ल्यूडी ने अभी तक नहीं बनाया है। इससे बरसात में पानी बस्ती के अंदर भर जाने की संभावना है।


सीसी सड़क किनारे नहीं बनी नाली।

## एक नजर

### बिजली के खंभे के साथ पुलिस ने चोर को दबोचा

**महोबा।** कस्बा खन्ना में चोरों ने सड़क पर लगा बिजली का पोल उखाड़ कर ट्रैक्टर में रखकर ले गए। तभी रास्ते में बिजली का पोल गायब देखकर गश्त पर निकली पुलिस ने ट्रैक्टर के पहियों के निशान देखकर पीछा किया और कस्बे में पहुंचे। जहां राम सजीवन नाम का युवक लोडर में बिजली का पोल रखकर ले जा रहा था। पुलिस ने राम सजीवन को मौके से बिजली के पोल के साथ पकड़ लिया। उसने तीन अन्य साथियों का भी नाम बताया। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। पुलिस ने कोतवाली खन्ना में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पीड़ितों को न्याय दिलाना रहेगी प्राथमिकता : नागेन्द्र पाठक

**कालपी।** पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता होगी तथा आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। यह बात नवनियुक्त कोतवाल कालपी नागेन्द्र कुमार पाठक ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से कही। बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता होगी पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए, महिलाओं के प्रति अपराध करने वाले भी उनकी नजर में रहेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र में किसी प्रकार से अवैधानिक गतिविधियों को संचालित नहीं होने देंगे।

### ओडीओपी के लिए करें आवेदन

**चित्रकूट।** एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में उद्यम स्थापना के लिए अनुदान दिया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने दी। बताया कि चित्रकूट में एक जनपद एक उत्पाद के तहत काष्ठ कला उत्पाद का चयन किया गया है। इसमें 25 लाख तक की परियोजना लागत की इकाइयों के लिए 25 प्रतिशत धनराशि मार्जिन मनी के रूप में देय होगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### सीओ के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना ठठिया क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने सीओ को दिए शिकायतपत्र मे बताया कि उसकी पुत्री को हरदोई के सांडी थाना क्षेत्र के कचानो निवासी संजू पुत्र शिवरतन उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसने घटना की जानकारी पांच जून को पुलिस को दी पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की। सीओ के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दंपति ने खाया जहर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जनपद मैनपुरी क्षेत्र के बॉर्डर ग्राम भरतपुर निवासी 35 वर्षीय अरविंद पुत्र शिव बख़्श व उनकी 34 वर्षीय पत्नी अर्चना ने संदिग्ध हालात में कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान हालत में सुधार न देख दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जबकि परिजन उन्हें किसी अन्य चिकित्सालय ले गए।

### घरेलू कलह में महिला ने निगला जहरीला पदार्थ

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव दसगवां निवासी वसीम की 27 वर्षीय पत्नी उजमा ने गुरुवार को घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख पति आनन-फानन उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# भीषण गर्मी में बिजली की बढ़ी खपत जिले में धड़ाधड़ फुंक रहे ट्रांसफार्मर

## नियमित रूप से रोज 10 से 12 ट्रांसफार्मर फुंकने से विभागीय जिम्मेदार भी परेशान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी का कहर बिजली विभाग की व्यवस्था पर भारी पड़ रहा है। इससे अच्छा खासा चूना भी लग रहा है। नियमित 10 से 12 ट्रांसफार्मर ओवरलोडिंग के कारण फुंक रहे हैं। विभाग ने शहरी व गांव में ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि शुरू की है। इसमें करीब 54 की क्षमता बढ़ाई जा चुकी है। शेष का काम चल रहा है।

भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त है। गर्मी से निजात पाने के लिये उपभोक्ता कूलर, पंखा से लेकर एसी तक का प्रयोग खूब कर रहे हैं। इससे बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। गांव से लेकर शहर तक में लगे कम क्षमता के ट्रांसफार्मर दगा देने लगे हैं। बिजली की बढ़ी बेतहाशा मांग से यह ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं। देखरेख के अभाव में फुंक रहे हैं। वर्कशाप सूत्रों की मानें तो जिले में जहां पांच से सात ट्रांसफार्मर पिछले वर्ष गर्मी के मौसम में फुंक रहे थे वहीं इसके सापेक्ष इस गर्मी में प्रतिदिन तीन से चार ट्रांसफार्मर अधिक फुक रहे हैं। यानी नियमित 10 से 12 ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं और बदले जा रहे हैं। इससे विभाग को लाखों रुपये का चूना रोज लग रहा है। बिजली विभाग अब ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की सूची तैयार कर इन की क्षमता बढ़ाने में लगा है। इससे अगली गर्मी में इस तरह की समस्या से निजात मिल सके।

अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि उनके क्षेत्र में 197 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि होनी है। इनमें से 54 की क्षमता बढ़ाई जा चुकी है। 143 ट्रांसफार्मरों के पास अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाये जायेंगे। इस व्यवस्था के पूरा होने के बाद गांव व शहर में ओवर लोडिंग की समस्या से निजात मिल जायेगी।



वर्कशाप में नये बन रहे ट्रांसफार्मर चेक करते एसडीओ विशाल वर्मा व जेई। अमृत विचार

- अब ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करने में जुटा बिजली विभाग
- करीब 54 की क्षमता बढ़ाई जा चुकी, शेष पर काम चल रहा

### ट्रांसफार्मरों की जेई नहीं करते नियमित चेकिंग

**कन्नौज।** नियम के तहत गांव, शहर व कस्बों में लगे ट्रांसफार्मरों की चेकिंग के लिये बिजली विभाग की ओर से दिन निर्धारित किये गये हैं। इन निर्धारित दिन में विभाग के अवर अभियंता को अपने क्षेत्र में पहुंच कर ट्रांसफार्मर चेक करने के निर्देश हैं। जेई लाइनमैन के साथ चेक करेंगे कि ट्रांसफार्मर में तेल पर्याप्त है या नहीं। फ्यूज सही बंधे हैं या नहीं। कितना लोड है। भले ही नियम है लेकिन शायद ही जिले का कोई जेई ट्रांसफार्मर के पास जाकर इस तरह की जांच करता हो। यदि यह जांच होने लगे तो ट्रांसफार्मर को फुंकने से बचाया जा सकता है।



बिजली काटे जाने पर प्रदर्शन करते मोहल्ले के लोग। अमृत विचार

# विजिलेंस टीम ने चलाया अभियान सैकड़ों घरों की काटी गई बिजली

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- उपभोक्ताओं ने सपा को वोट देने पर बिजली काटने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** बिजली विभाग ने विजलेंस टीम के साथ गुरुवार की सुबह मुस्लिम मोहल्लों में चेकिंग अभियान चलाया और सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति काट दी। भीषण गर्मी में बिजली कटने से इलाकों में हाहाकार मच गया उपभोक्ताओं ने सपा को वोट देने पर बिजली काटने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।

इलाके में अंधाधुंध बिजली कटौती की शिकायतों पर मंत्री की समीक्षा बैठक में किरकिरी के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों का गुस्सा उपभोक्ताओं पर उतरा। एसडीओ रविन्द्र सिंह, जेई अजय अवस्थी की टीम ने गुरुवार को विजिलेंस टीम प्रभारी वीरबहादुर सिंह, तर्ण प्रताप सिंह के साथ मोहल्ला बिरतिया, ऊंचा, सैय्यद बाडा, लाहोरी टोला सहित कई मोहल्लों में चेकिंग अभियान चलाया। एक तरफ से सैकड़ों उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए। इसके बाद भीषण गर्मी और पानी की कमी से बिलबिलाए लोगों ने बिजली विभाग के जेई पर आरोप लगाया कि उन लोगों ने सपा को वोट दिया इसलिए बिजली लाइन काट दी गई। हालांकि कुछ घरों में बिजली चोरी की बात भी सामने आई है तमाम उपभोक्ताओं के बिल जमा होने पर भी कनेक्शन भी काट दिए गए। उपभोक्ता रूकसाना, नर्गिस, अंजुम, किस्वर, असरफुन, जुली, शहनाज, नसरीन, यासमीन, खुर्शीदा बेगम, नाजिया, अफसा, सितारा, नीलोफर, रेहाना, सुफीया, मन्नत, इल्मा, सानिया, निसात अंजूम, अफसीन, शावाना, सफीक , समी, औसाफ अली, मुहीश, आमिर, पप्पू, निसार, बच्चे मिया, आरिफ, सानू, रूमाना बेगम, कहकशा, रहीसा बेगम, चंदा बेगम, बेबी बेगम, नगमा, राजीदा बेगम व जरीना बेगम सहित सैकड़ों मोहल्लेवासियों ने बिजली विभाग की कार्रवाई पर नाराजगी जताई और हर माह बिल जमा होने पर भी कनेक्शन काटने का आरोप लगाया। एसडीओ रविन्द्र सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त होने एवं केबल में कट अधिक होने के चलते लोगों की केबलें काटी गई हैं। सभी लोग आर्मर्ड केबल का प्रयोग करें। इससे न तो केबिल डैमेज हो पाएगी और न ही कट हो पाएंगे। सपा को वोट देने पर बिजली काटने के आरोप गलत है।

# कारनामा: 12 वर्ष की किशोरी 2 साल बाद हो गई 23 वर्ष की

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की उम्र को लेकर एक विवाद गहरा गया है। एक प्रकरण में 2022 में किशोरी की उम्र 12 वर्ष दर्शाई गई थी। उस दौरान किशोरी ने एक युवक के विरुद्ध छेड़खानी और पॉस्को एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद 2024 में किशोरी की आयु को पुलिस ने बाल विवाह की शिकायत सम्बन्धी आईजीआरएस के प्रार्थना पत्र निस्तारण में उसकी उम्र 23 वर्ष दर्शा दी है। जिसके बाद पीड़ित युवक ने कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र देकर प्रकरण की जांच कर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव निवासी रोहित पुत्र कटोरीलाल ने बताया कि अप्रैल 2022 में गांव की एक किशोरी ने उसके ऊपर छेड़खानी और पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें किशोरी की आयु 12 वर्ष दर्शाई गई थी। इस प्रकरण में उसे जेल भी जाना पड़ गया था। बताया कि 2023 के मई माह में आरोपित किशोरी के पिता ने कूटरचित तरीके से कागजों में बदलाव करवा कर उसका विवाह भी कर दिया था। जिसकी उसने राठ कोतवाली सहित जिला प्रोबेशन विभाग में किशोरी के बाल विवाह की शिकायत भी की थी। प्रोबेशन विभाग ने अपनी जांच आख्या में किशोरी को नाबालिग होना दर्शाया था। 2024 के जून माह में कोतवाली पुलिस ने किशोरी की आयु को 23 वर्ष होना दर्शाया है। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मामले की गहनता से जांच की मांग करते हुए मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में कोतवाल का कहना था कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।



कोतवाली में शिकायती पत्र देने जाता पीड़ित युवक। अमृत विचार

- पीड़ित युवक ने प्रकरण की जांच कर मुकदमा दर्ज कराए जाने की लगाई गुहार

# छह सचिवों का चालू माह का वेतन रोका

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- बैठक में हिस्सा नहीं लेने पर बीडीओ ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** मनरेगा, पेयजल तथा आवास सहित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में छह सचिव अनुपस्थिति रहे। इससे नाराज विकासखंड अधिकारी दुर्योधन ने चालू माह का वेतन रोकने के साथ चेतावनी दी है। जिसमें कहा है कि 20 जून तक यदि संबंधित योजनाओं के प्रगति रिपोर्ट नहीं दी गई तो अन्य विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

इस बैठक में विकासखंड क्षेत्र की गौशालाओं के लिए 54000 क्विंटल भूसा खरीद लक्ष्य के सापेक्ष 41000 क्विंटल अभी तक की खरीद पर भी असंतोष जताया गया। वहीं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवासों के पूरा न होने पर नाराजगी जताते हुए लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बीडीओ ने कहा बैठक बेहद महत्वपूर्ण थी। बैठक का एजेंडा मनरेगा संबंधी कार्य योजना जिसमें चयनित 18 स्वर्ण ग्रामों में 14 की 46 कर योजनाएं संचालित की जा रही है। जबकि 19 पाइप पेयजल योजनाएं सिर्फ आठ ग्राम पंचायतों में संचालित हैं। इनमें जल संस्थान व जल निगम 11 हैं। उनकी समीक्षा में पाया गया कि कुछ योजनाएं तो 90 फीसद जनसंख्या को पानी दे रही हैं। जबकि कुछ 30 फीसद ही जलापूर्ति कर रही हैं। गौशालाओं की समीक्षा में भूसा खरीद की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास जिसमें अधिकतम आवास पूरी तरह निर्मित हो चुके हैं। शेष आधे अधूरे आवास पूरा करने के लिए 18 जून तक समय दिया है।

## सार-संक्षेप



नए कानूनों की जानकारी लेते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### पुलिसकर्मियों को बताए गए नए कानून

**चित्रकूट।** राघव प्रेक्षागार में गुरुवार को विवेचकों एवं अन्य पुलिसकर्मियों को नए कानूनों की जानकारी दी गई। ये कानून एक जुलाई से लागू होंगे। पुलिसकर्मियों को भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की धाराओं के संबंध में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी सोशल मीडिया सेल निशिकांत राय, निरीक्षक जयप्रकाश उपाध्याय, कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

### नशेबाज ने फांसी लगा की आत्महत्या, परिवार में मचा कोहराम

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के बुधौलियाना इलाके में एक नशेड़ी युवक ने अपने परिजनों से लड़ाई-झगड़ा करने के बाद मकान के कमरे में टी-शर्ट के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर जांच पड़ताल की है। राठ कस्बे के बुधौलियाना मोहल्ला निवासी रोहित रैकवार पुत्र अमरचंद ने शराब के नशे में धुत होकर अपने मकान के कमरे में टी-शर्ट के फंदे से फांसी लगाकर जान दे दी। जब परिजनों ने रोहित को फांसी के फंदे पर लटकता देखा तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद जब उसे नीचे उतारा गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के परिजनों ने बताया कि रोहित अत्यधिक शराब पीने का लती था। वह बाहर रहकर मजदूरी करता था। अभी पांच दिन पूर्व ही घर लौटा था। बताया मृतक रोहित अपने चार भाइयों में दूसरे नंबर का था जो कि अपने पीछे मां जानकी के अलावा भाई बृजेंद्र पुष्पेंद्र और कपिल को रोता बिलखता छोड़ गया है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

### बिरहर के भट्ठे में मजदूर की मौत

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के बिरहर के ईंट भट्ठे में देर शाम एक मजदूर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। उसे भीतरगांव सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हमीरपुर जनपद के मौदहा फतेहपुर निवासी बबलू (50) पुत्र लल्लू भगत करीब पांच महीने से परिवार सहित बिरहर के इंडिया भट्ठे में रहकर मजदूरी करता था। परिजनों ने बताया कि देर शाम जब उसकी तलाश की गई तो वह भट्ठे में ही अचेत अवस्था में पड़ा मिला। परिवार के लोग फौरन उसे लेकर भीतरगांव सीएचसी पहुंचे, जहा डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिरहर चौकी इंचार्ज निशांत ने बताया कि परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# छह पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** एसपी अरुण कुमार सिंह ने छह पुलिस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें चार इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी हैं। मानिकपुर की थाना प्रभारी रहीं रीता सिंह को पहाड़ी थाने की कमान दी गई है। एसपी ने पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक और डीएम से दूरभाष से ली गई सहमति के उपरांत चार निरीक्षक और दो उप निरीक्षकों का तबादला किया है। अब तक मानीटरिंग सेल देख रहे इंस्पेक्टर विनोद कुमार शुक्ला को मानिकपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। पहाड़ी थाने के प्रभारी श्यामप्रताप पटेल को रैपुरा थाने की जिम्मेदारी दी गई है। थाना पहाड़ी के निरीक्षक अपराध शिवआसरे को मारकुंडी का प्रभारी बनाया गया है। मारकुंडी थानाध्यक्ष रहे उप निरीक्षक मनीष कुमार को पहाड़ी थाने में वरिष्ठ उप निरीक्षक पद पर भेजा गया है। चर्चित रहे रैपुरा थानाध्यक्ष उप निरीक्षक शैलेंद्र चंद्र पांडेय को मारकुंडी थाने में वरिष्ठ उप निरीक्षक बनाया गया है।

# नौ दिवसीय श्रीशक्ति शिवात्मक महायज्ञ और रामकथा 24 से, निकाली जाएगी कलश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर के प्राचीन पातालेश्वर मंदिर प्रांगण में 24 जून से शुरू होने वाले श्रीशक्ति शिवात्मक महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। 9 दिवसीय शिवात्मक महायज्ञ और रामकथा के लिए 23 जून को कलशयात्रा भी निकाली जाएगी।

चित्रकूट से आए दण्डी स्वामी महेश्वारानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि समस्त नागरिकों के सहयोग से प्राचीन पातालेश्वर मंदिर प्रांगण में श्रीशक्ति शिवात्मक महायज्ञ और श्रीराम कथा का आयोजन 24 जून से होगा। इसके लिए 23 जून रविवार को सुबह आठ बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। बताया कि यह आयोजन दो जुलाई को पूर्णाहूति के साथ संपन्न होगा। स्वामी जी ने बताया कि तीन जुलाई को भण्डारा एवं प्रसाद का वितरण होगा। पंडित राकेशत्रिपाठी व उदयशंकर त्रिपाठी ने बताया कि दण्डी स्वामी महेश्वारानंद महाराज पिछले कई दिनों से पातालेश्वर मंदिर में सत्संग कर रहे है जिन्हें सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती है। स्वामी जी का सत्संग कार्यक्रम प्रतिदिन शाम पांच बजे से शाम 7 बजे तक चलता है।



प्राचीन पातालेश्वर मंदिर।

# दागी शिक्षक-शिक्षिकाएं नहीं कर सकेंगे पुरस्कार के लिए आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पीएस में 150, यूपीएस में 105 और कंपोजिट स्कूल में 255 विद्यार्थी जरूरी
- अलग-अलग तरीके से तीन चरणों में कुल 100 अंक किए गए निर्धारित

**अमृत विचार।** कल यानि 15 जून से शुरू होने वाले राज्य शिक्षक पुरस्कार के ऑनलाइन आवेदनों को लेकर बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने गाइड लाइन जारी की है। इसमें कहा है कि दागी शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। चयन के लिए तीन चरणों में 100 अंक निर्धारित किए गए हैं।

पत्र में कहा गया है कि शासकीय धनराशि का गबन, शासन व प्रशासन के खिलाफ आंदोलन के लिए प्रेरित करने वाले शिक्षक का चयन पुरस्कार के लिए नहीं किया जाएगा। जो शिक्षक जेल में बंद हुए या विभागीय कार्रवाई के तहत दंडित हुए हों या किसी न्यायालय से दंड मिला हो उनको भी दूर रखा जाएगा। किसी शिक्षक के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई अगर गतिमान है या कोई विधिक, आपराधिक या सतर्कता जांच चल रही है तो पुरस्कार नहीं मिलेगा। राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए कहा गया है कि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल में कार्यरत नियमित शिक्षक-शिक्षिकाएं ही आवेदन कर सकेंगे। 15 साल की सेवा पूरी करने वाले और रिटायर होने में पांच साल से कम समय की अवधि न बची हो। प्राथमिक स्कूलों में 150 से कम, उच्च प्राथमिक स्कूलों में 105 से कम और कंपोजिट स्कूलों में 255 से कम छात्र-छात्राओं का नामांकन न हो। शिक्षामित्र व संविदा शिक्षक इस पुरस्कार के लिए योग्य नहीं हैं। अवकाश प्राप्त टीचर भी आवेदन नहीं करेंगे। जो शिक्षक पूर्व में राज्य या राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं वह भी पात्र नहीं माने जाएंगे। निदेशक ने कहा है कि व्यक्तिगत ट्यूशन में शिक्षक लिप्त न हो। प्रदर्शन आधारित/ कार्यपरक मानक पर 40 अंक निर्धारित हैं। जिला/ राज्य चयन समिति के समक्ष व्यक्तित्व परीक्षण एवं प्रस्तुतीकरण पर 20 अंक व वस्तुनिष्ठ मानक के 40 समेत कुल 100 अंक निर्धारित किए गए हैं।

**कवायद** सिंचाई विभाग डार्कजोन नहर परियोजना में गतिरोध खत्म करने को प्रयासरत, वन विभाग से एनओसी, किसानों के 13 मामले अभी भी लंबित

# नहर को 22 हेक्टेयर जमीन और पांच करोड़ की दरकार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** डार्कजोन नहर परियोजना में गतिरोध को खत्म करने के लिए सिंचाई विभाग प्रयास कर रहा है, लेकिन राह में कई रोड़े हैं। विभाग की मानें तो नहर को पूरा करने के लिए अभी 22 हेक्टेयर जमीन और पांच करोड़ रुपये की दरकार है, जिसके लिए शासन को पत्राचार किया जा रहा है। हालांकि वन विभाग ने एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) दे दिया है, लेकिन किसानों के 13 मामले अभी भी लंबित हैं।

जनपद में 161 करोड़ रुपये की लागत से बन रही डार्कजोन नहर परियोजना को 2018 तक पूरा किया जाना था। मिघौली डिबाई का विस्तार कर खोजीपुर से मतौली तक डार्कजोन ब्लॉक तालग्राम व जलालाबाद में सिंचाई के लिए किसानों से भूमि अधिग्रहीत की गई थी। छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत तालग्राम ब्लॉक में वन विभाग की काफी जमीन है। सिंचाई विभाग ने एनओसी नहीं लिया, जिस पर पेनाल्टी लगा दी गई थी। अब वन विभाग ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया है लेकिन उतनी ही भूमि सिंचाई विभाग को वन विभाग के लिए उपलब्ध करानी होगी।

तालग्राम व जलालाबाद ब्लॉक में करीब 22 हेक्टेयर जमीन पर अभी नहर की खोदाई नहीं की गई और न ही जमीन अधिग्रहीत की गई है। तीन मामले हाईकोर्ट में पहले से ही विचाराधीन हैं, जबकि दस मामले राजस्व अधिकारियों के पास लंबित हैं। अधिकारियों की मानें तो जितना बजट शासन से मिला था, उससे नहर खोदाई समेत पुल-पुलिया तथा रजबहों का निर्माण कराया गया है। अब बजट खत्म होने से नहर का निर्माण अधर में लटक गया है। भूमि अधिग्रहण के लिए करीब पांच करोड़ तो परियोजना को पूरा करने के लिए करीब 32 करोड़ रुपये की आवश्यकता है।



तालग्राम क्षेत्र के तेरारब्बू गांव के पास अधूरी पड़ी नहर। अमृत विचार

### डार्कजोन नवीन नहर परियोजना

| | |
|---|---|
| नहर की कुल लंबाई | 27 .877 किमी |
| नहर की चौड़ाई | 7 .01 मीटर |
| सिंचित क्षेत्रफल | 3800 हेक्टेयर |
| परियोजना की कुल लागत | 161.09 करोड़ रुपये |
| नहर के लिए अधिग्रहीत भूमि | 125 हेक्टेयर |
| नहर की जल क्षमता | 300 क्यूसेक |
| माइनर एवं रजबहा | 38 किमी |
| पुल एवं छोटी पुलिया | 81 |

### 36.09 करोड़ रुपये अब भी बाकी

डार्कजोन नवीन नहर परियोजना के लिए 161 .09 करोड़ रुपये का बजट वर्ष 2016 में निर्धारित किया गया था, जिसमें प्रथम किस्त के रूप में 109 करोड़ रुपये प्रदान किए गए थे। दूसरी किस्त में 16 करोड़ रुपये और दिए गए। अब भी 36 .09 करोड़ रुपये बाकी है, जिसमें 22 हेक्टेयर जमीन किसानों से खरीदनी है और अवशेष माइनरों व पुल-पुलिया का निर्माण भी पूरा करना है।

> शासन को बजट के लिए पत्र भेज दिया है। जिलाधिकारी के माध्यम से नहर निर्माण में सभी गतिरोधों को खत्म करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जो कोर्ट केस हैं, उनको भी देखा जा रहा है। बजट मिलते ही काम पूरा हो जाएगा।
>
> –सूर्यमणि सिंह, अधिशासी अभियंता (सिंचाई खंड)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्मात् त्रस्यन्ति भूतानि मृगव्याधान्मृगा इव।
सागरान्तामपि महीं लब्ध्वा स परिहीयते॥

जैसे शिकारी से हिरण भयभीत रहते हैं ,उसी प्रकार जिस राजा से उसकी प्रजा भयभीत रहती है, फिर चाहे वह पूरी पृथ्वी का ही स्वामी क्यों न हो ,प्रजा उसका परित्याग कर देती है।


## संपादकीय

# राजनीति में मर्यादा

ओडिशा में नवीन पटनायक की 25 साल की सत्ता खत्म और भाजपा का शासन शुरू हो चुका है। मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की शालीन उपस्थिति और प्रधानमंत्री से लेकर सभी नेताओं से मेल-जोल की सुंदर तस्वीर दिखी। लगा कि नवीन पटनायक ही मानों समारोह के मेजबान हों। राजनीतिक सद्भाव धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। ऐसे समय में जब राजनीतिक रिश्तों में विरोध, दुश्मनी की तरफ बढ़ रहा है, राजनीतिक शुचिता, मर्यादा, शील-व्यवहार जरूरी है। मर्यादा बहुत जरूरी है जिसका अभाव है। नवीन पटनायक सेकुलर छवि वाले नेता हैं। देखा जाए तो एक व्यक्ति के रूप में नवीन पटनायक की मिलनसारिता ही उनकी सादगी है। उनका राजनीतिक जीवन भी उनके व्यक्तित्व से ही प्रभावित है। उन्होंने चुनाव प्रचार में कहीं भी असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं किया जबकि आज चुनाव प्रचार के दौरान भाषा की मर्यादा का उल्लंघन एक बड़ी समस्या बन गई है। भाषा की मर्यादा का उल्लंघन न सिर्फ चुनावी प्रक्रिया को बदनाम कर रहा है, बल्कि यह समाज के लिए भी खराब संकेत है। मतभेद, मनभेद को तोड़ रहा है। अब विचार के प्रति भी कोई प्रतिबद्धता नहीं हैं। सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ है तो जाहिर सी बात है कि सोच के स्तर पर पतन होगा। चुनावी राजनीति ने सारी मर्यादाएं समाप्त कर दी हैं।

लोकतंत्र में ही असहमति, विसम्मति, आलोचना, विरोध-प्रतिरोध संभव है। लोकतंत्र एक व्यवस्था है जिसमें यह तय होता है कि विभिन्न मतों, सोच, विवेक का इस्तेमाल करते हुए जनता और समाज की बेहतरी के लिए निर्णय कैसे लिए जाएंगे? ध्यान देने वाली बात है कि जहां देश की विविधता को ध्यान में रखा जाता है और इसके मुताबिक स्वीकार्य व्यवस्था बन जाती है, वहां टकराव और टूटन नहीं होती है। जहां लोग व्यवहार तो विविधता के हिसाब से ही करते रहते हैं, लेकिन स्वीकार्य व्यवस्था नहीं बन पाती है, वहां कुछ न कुछ आपसी दिक्कत होती रहती है। परंतु क्या बिना बंधुता, प्रेम और सम्मान के समाज व देश को एक बनाए रखा जा सकता है? लोकतंत्र का मूल आधार कुछ मूल्य, सिद्धांत होते हैं। जब ये सिद्धांत हमारे संस्कारों में आ जाते हैं, तब लोकतंत्र स्थापित होता है। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी को कहते हैं। परंतु लोकतंत्र की इस खूबसूरती को ग्रहण लग रहा है। जनता को राजनीतिक व्यवहार, लोकतंत्र के बारे में प्रशिक्षित करना चाहिए।

# संविधान की धारा 51 ए -एच और ऋग्वेद का नासदीय सूक्त



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है,उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे,उसे कैसे मान लिया जाए?

आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान में जो संशोधन हुए,उनमें से एक है नए शीर्षक 'मौलिक कर्तव्य' के अंतर्गत धारा 51 ए का सन्निवेश। आपातकाल के बाद भी इसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। लिहाजा यह उसी तरह संविधान का हिस्सा बना हुआ है जैसे मौलिक अधिकार। यहां धारा 51 ए का खंड (एच) उद्धृत है: "यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा (एच) वैज्ञानिक स्वभाव, मानवतावाद और जांच और सुधार की भावना विकसित करना। (जोर दिया गया)

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है,उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे,उसे कैसे मान लिया जाए? दिमाग मेरा बनाया हुआ तो है नहीं, न कभी मुझसे पूछा गया कि कैसा दिमाग चाहिए? अब जो मिला है,उसमें जो बात न घुसे तो कैसे कहें कि वह सच है? यह तो सरासर बेईमानी होगी। मुझसे नहीं होगी। कोई आग्रह नहीं,बस असमर्थता। मेरी सीमित जानकारी के अनुसार वेदों में,बल्कि समस्त श्रुति-साहित्य (संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद) में, कहीं नहीं कहा गया है कि श्रुतियां ईश्वर की वाणी हैं। श्रुति माने जो लेखन कला की ईजाद के पहले सुनने और याद करने की परंपरा से पीढ़ी-दर-पीढ़ी चला आया था-ईश्वर से सुना हुआ नहीं।

वेद अपौरुषेय हैं-यह भी परवर्ती भाष्यकारों, खासकर मीमांसकों की उद्भावना है। वेदों या श्रुतियों में कहीं वेदों को 'अपौरुषेय' नहीं कहा गया है। कहने वाले भाष्यकारों के दिमाग में आ गया होगा,मेरे दिमाग में नहीं आता। आपके दिमाग में आए तो आप अपौरुषेय मानिए, न आए तो न मानिए।

इतना अवश्य मानता हूं कि मौलिक विचार निर्वैयक्तिक होते हैं। एक ही विचार भिन्न समय और भिन्न स्थान पर परस्पर असंबद्ध लोगों ने व्यक्त किए हैं तो विचार व्यक्ति में बनते नहीं, उसके माध्यम से व्यक्त होते हैं। शायद इसीलिए उसकी संज्ञा 'व्यक्ति' है। विचार चेतना में कहीं से अकस्मात आ टपकते हैं। कहां से ? पता नहीं।

ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अच्छा लगता है, क्यों अच्छा लगता है? इसका कोई जवाब है? किसी को कोई चीज क्यों अच्छी लगती है,वह सचमुच बता सकता है? बात सिर्फ इतनी है कि मुझे नासदीय सूक्त मनुष्य के दिमाग में सहज रूप से उठने वाले प्रश्नों की सुंदर,काव्यात्मक अभिव्यक्ति लगता है तो नासदीय सूक्त (ऋग्वेद, मंडल-10, सूक्त-129) की कुल सात ऋचाएं मूल (वैदिक संस्कृत) में काम चलाऊ हिंदी अनुवाद के साथ प्रस्तुत हैः नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्। किमावरीयः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्॥1॥ (तब न अनस्तित्व था, न अस्तित्व। न वायुमंडल था,न उसके परे आकाश। इसे कौन आच्छादित करता था और कहां? कहां था इसका आश्रय? क्या तब केवल जल था-अतल गहराई वाली गहन, गंभीर जल?)

न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः। अनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास॥2॥ (मृत्यु नहीं थी तब, न ही थी अमरता। रात्रि और दिन के विभाजन का कोई संकेतक नहीं था। बस एक ही तत्व था- प्रश्वास-रहित,स्वयं की प्रकृति से प्रश्वसित। उसके अतिरिक्त कुछ भी तो नहीं था।) तमआसीत्तमसा गूहमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्। तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत् तपसस्तन्महिनाजायतैकम् ॥ 3॥ (अंधकार था तब-अंधकार से ही आच्छादित अंधकार। अभेद्य जल-सा परस्पर मिला हुआ,अस्त-व्यस्त सा कुछ। वह जो रिक्त, निराकार, अरूप ऊष्मा (तप) थी,वही अपनी महिमा से एक इकाई बनकर उत्पन्न हुई।)

कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्। सतो बंधुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा॥4॥ (प्रारंभ में संकल्प उठा, संकल्प जो आदिम बीज और चेतना का अंकुर था। तब मनीषी कवियों ने, अपनी हृदयस्थ विवक्षा से अस्तित्व का रिश्ता अनस्तिव में खोज निकाला।)

तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषा मधः स्विदासीदुपरि स्विदासीत्। रेतोधा आसन् महिमान आसन् स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात्॥ 5॥ (तब वह (अस्तित्व से अनस्तित्व की) विभाजन रेखा वितान की तरह तन गई। उस वितान के ऊपर क्या था, उसके नीचे क्या था? बस यहां सर्जक थे, विराट शक्तियां थीं, स्वायत्त क्रियाशीलता थी, तो वहां थी ऊर्जा।)

को अद्धा वेद कइह प्र वोचत् कुत आजाता कुत इयं विसृष्टिः। अर्वाग् देवा अस्य विसर्जनेनाऽथा को वेद यत आवभूव॥ 6॥ (कौन जानता है, कौन कह सकता है,यह (सृष्टि) ठीक कहां से उत्पन्न हुई, कहां से आई? देव तो सृष्टि के बाद की उपज हैं तो कौन जानता है,यह सर्वप्रथम कहां से प्रकट हुई।)

इयंविसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न। यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन् त्सो अङ्ग वेद यदि वान वेद॥ 7॥ (वह जो सृष्टि का आदि मूल है, यह उसकी निर्मिति है या उसकी निर्मिति नहीं है किसके नेत्र हैं,जो उच्चतम व्योम से इसका नियंत्रण करते हैं? और वह इसे जानता भी है या नहीं जानता?)

इसमें उसी पूछताछ की भावना (स्प्रिट ऑफ इंक्वारी) का दर्शन नहीं होता, संयोग से जिसका संदर्भ हमारे संविधान की धारा 51 ए (एच) में मिलता है?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है,बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं,किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है,न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

डॉ .आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है,बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋ ग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं,किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है,न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

वेदों के प्रसिद्ध विद्वान कोलब्रुक का मत है कि पुरुष सूक्त की भाषा,छंद और शैली सृष्टि से संबंधित अन्य सूक्तों से बिल्कुल भिन्न है। मैक्समूलर का स्पष्ट मत है कि अपने कथ्य और शब्द योजना में पुरुष सूक्त बहुत बाद की रचना है। स्पष्ट है कि कालांतर में पेशों के आनुवंशिक तथा वर्णों का सोपानीकरण हो जाने के बाद उन्हें दैवीय आधार देने के लिए निहित स्वार्थवश पुरुष सूक्त को ऋग्वेद में घुसा दिया गया और विडंबना देखिए कि इस सूक्त का प्रक्षिप्तीकरण ऋग्वेद के उसी दसवें मंडल में किया गया जिसमें नासदीय सूक्त था,जो अन्य धर्मों के बरअक्स सृष्टि के बारे में सबसे ईमानदार जिज्ञासा की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है। दुनिया में सृष्टि पर किया गया पहला चिंतन। (ऋग्वेद को विश्व का आदि काव्यग्रंथ तो सभी विद्वान मानते हैं।)

## प्रसंगवश

# बंधनों से मुक्त औरत की तलाश में

संविधान में समानता के अधिकार के बावजूद वे अधिकारहीन हैं। अधिकांश औरतें आज भी पुरुष जगत के अंतर्गत ही जिंदगी जी रही हैं। वे हर समय पुरुष के पूरक की तरह सेवा करती रहती हैं। वे जहां एक ओर पुरुष के पूरक की तरह काम करती हैं वहीं दूसरी ओर उसे चुनौती भी देती हैं। इस विरोधाभासी स्थिति के कारण ही वे समाज में अपनी जगह बनाती हैं। औरत बचपन से यही सीखकर बड़ी होती है कि औरत को पुरुषों की बातें माननी चाहिए फिर कालांतर में इसी धारणा से वह मुठभेड़ करती है।



प्रो . जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

औरत की समूची संरचना इस कदर बनी होती है कि वह आलोचना, जांच-पड़ताल आदि से बचती है। वह पुरुष के मूल्यांकन और राय की आराधना करती है। स्त्री की दृष्टि में शक्ति ही महान है इसलिए वह पुरुष की शक्तिशाली के रुप में पूजा करती है। स्त्री में अनुकूलन की प्रबल प्रवृति होती है। सीमोन के शब्दों में कहें तो पुनर्निर्माण और विध्वंस उसका सहज स्वभाव नहीं है। वह विद्रोह की अपेक्षा समझौते पसंद करती है। चूंकि स्त्री को घर-परिवार की चौखट से बांध दिया गया है। फलतः वह उसी में रमण करती रहती हैं। ऐसी स्थिति से लोकमंगल और स्वतंत्रता के बारे में उससे सकारात्मक पहल की उम्मीद कम ही करें। स्त्री को समर्थ बनाने के लिए उसे घर से बाहर निकालना जरूरी है। उसको सार्वजनिक तौर पर विभिन्न सवालों पर बोलना चाहिए। स्त्री के लिए अस्पृश्यता के सभी दायरों तोड़ने की जरूरत है।

औरत सुरक्षित रहे, आत्मनिर्भर बने और मानवीय जीवन जिए इसके लिए उसके अंदर स्वतंत्रता का बोध पैदा करने की जरूरत है। आजादी के बाद भारतीय समाज में औरत के शरीर पर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं,लेकिन औरत की देह और कामुकता को लेकर वाद-विवाद-संवाद गायब रहा है। औरत पर हमले उन समाजों में ज्यादा होते हैं,जहां औरत के शरीर और कामुकता पर खुलकर बातें नहीं होतीं। औरत को बचाने के लिए उसके बारे में बातें करना जरूरी हैं। औरत पर बातें करो, कामुकता के सवालों पर विभिन्न दृष्टियों से बातें करो,औरत पर हमले कम हो जाएंगे।

# अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो,ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे,लेकिन सही वही है,जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं?

मसालेदार,जायकेदार नॉनवेज और शराब के सेवन से देश में कैंसर के रोगी और कैंसर से मरने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है। नियमित रूप से मांस खाने वाले और इसके साथ किसी भी तरह की वाइन का सेवन करने वालों को मालूम होना चाहिए कि देश में जो लोग कैंसर से पीड़ित हैं उनमें से अधिकांश को कार्सिनोमा और सार्कोमा,यही दो मुख्य प्रकार के कैंसर होते हैं।

कार्सिनोमा ऐसा कैंसर है,जो अंतरंगों-जैसे कि पाचन प्रणाली में आंत की भीतरी परत को बनाने वाले कोशिकाएं, की पतली चमड़ी के अलावा बाहर की चमड़ी के कोशिकाओं को भी प्रभावित करते हुए विकसित होता है,सार्कोमा हड्डियों की मज्जा सॉफ्ट टिश्यू मांसपेशियों और हड्डी को जोड़ने वाले सख्त टिश्यू टेंडन के अलावा रक्तवाहिकाओं में भी विकसित होता है। गट बैक्टीरिया अर्थात् हमारे पेट में रहने वाले दोस्त माइक्रोब्स (सूक्ष्म जीवाणु,जैसे कि ई-कोलाई) और अन्य जीवाणु (माइक्रोबायोम अर्थात् पाचन प्रणाली में रहने वाले सूक्ष्म जीवाणुओं का संसार) और उदर में प्रवेश करने वाली वसा (फैट्स) की किस्म का अंत और पेट के कैंसर की उत्पत्ति से गहरे संबंधों पर होने वाले शोधकार्य से अनेक नई बातें मालूम हुई हैं।

अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा है। मेरे एक परिचित के 41 वर्षीय दामाद को कार्सिनोमा हुआ। सवा महीना एम्स दिल्ली में भर्ती रहने के बाद ही यह मालूम हुआ कि उन्हें कार्सिनोमा है। पहले तो डॉक्टर्स जूझते रहे कि सही डायग्नोसिस नहीं हो रही है। मालूम हुआ कि 40-45 वर्ष के बीच की आयु के मेरे एक और परिचित के दामाद की मृत्यु पेट में कैंसर की वजह से हुई। पहले वाले केस में इन्हें नियमित रूप से मीट या चिकन खाने की आदत रही,लेकिन दूसरे केस में कार्सिनोमा का कारण फैट मेटाबोलिज्म में कोई गड़बड़ हो सकती है। आजकल अनेक तरह के रिफाइंड कुकिंग ऑयल्स बाजार में मिलते हैं। 'देसी' घी के नाम पर मालूम नहीं कैसा 'ग्रीज' हमें थमा दिया जाता हैं। इसमें पाम आयल तो शर्तिया मिलाया जाता है, लेकिन गांव से गाय या भैंस के दूध से निकाला गया घी जिसे दूध से बनी दही को बिलोकर या मथकर मक्खन को गर्म करके निकाला जाता है वही हमारे लिए शुद्ध और सुरक्षित आहार है। अगर नहीं तो देसी खान-पान, शुद्ध खाद्य सामग्री और गांव एवं अपने स्वास्थ्य के बीच एक संबंध को टटोलें तब हमें यह अहसास भी होगा कि गांव संस्कृति का बने रहना हमारे लिए कितना जरूरी है।

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो,ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे,लेकिन सही वही है,जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं? एक लाख में से एक व्यक्ति! रोजाना के बड़े अखबार में भी मुश्किल से एक छोटी-सी,दबी-सी खबर एक कोने में दुबकी दिखाई देती है। कैंसर होगा तो आमजन को और बहुत देर बाद ही कैंसर होने की बाबत भी पता चलता है। अमूमन यह दूसरी और तीसरी स्टेज में मालूम होता है और वह भी उस डॉक्टर को जो होशियार हैं और सेहत संबंधी किसी और विकार के इलाज के लिए जांच करते समय बस यूं ही मालूम हो जाता है। तब अचानक ब्लड रिपोर्ट या टिश्यू सैंपल से कैंसर होने का पता चलता है।

अंतरंगों की जांच किसी नॉन-इन्वेजिव तकनीक से की गई हो, तब भी यह अचानक से मालूम होता है। सरकार न तो आयल को रिफाइन करने की फैक्ट्री बंद करेगी,न देशी घी में मिलावट को और न ही फल, सब्जियों और खाद्यान्न और दलहन वाली फसलों में इंसेक्टिसाइड का प्रयोग। न नॉन-अल्कोहलिक सॉफ्ट कोल्ड ड्रिंक्स की खपत कम होगी और न ही जल-जमीन और वायु प्रदूषण कम होगा और न ही हमारी आदतें बदलेंगी। डॉक्टर्स और रिसर्चर्स तो कहते हैं कि मॉडरेट एक्सरसाइज भी अगर की जाए तो भी खराब खाने से यह हमारी कुछ तो रक्षा करता ही है,लेकिन असली बात यह है कि खराब खाने का सेवन करने वाला ही तो है,जो मामूली एक्सरसाइज नहीं करता। इन सबसे बचने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान से संबद्ध राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने अभी कुछ सप्ताह पहले ही डाइटरी गाइड लाइंस फॉर इंडियंस अर्थात् भारतीय लोगों के लिए उपयुक्त आहार दर्शिका जारी है, जिसे निःशुल्क इंटरनेट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसका भी पालन किया जाए तो भी देश में कैंसर के मामलों में 50-60 प्रतिशत तक कटौती हो सकती है। ऐसा कोई दावा या प्रमाण तो नहीं, लेकिन ऑब्जरवेशन के मुताबिक यह बात सही है।

## सोशल फोरम

# पूरा तंत्र ही बदलना होगा

ये बहुत ही दुखद है कि बलात्कार कई श्रेणियों में बांट दिया गया है। अगर महिला को कोई क्षति नहीं पहुंची है (शारीरिक रूप से,मानसिक की परवाह यहां कौन करता है) तो ज्यादातर ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। दूसरी कैटेगरी में महिला के साथ दरिंदगी करना जैसे मामले और फिर कम उम्र की बच्चियों के साथ हैवानियत, जो कि किसी को भी हिला दें।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

इस कैटेगरी में आने वाले बलात्कार कुछ दिनों के लिए लोगों के जेहन में छाए रहते हैं। लोग कैंडल मार्च करते हैं, इंसाफ की मांग करते हैं, धरना प्रदर्शन, जुलूस वगैरह और फिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार। अरे हां! आजकल इसे सांप्रदायिक बनाने की भी बाते की जाती हैं जिसको वजह बनाकर कुछ दिन नफरत भी फैलाई जाती है और आरोपी के धर्म को देखकर कुछ उनके बचाव में भी उतरते हैं। तब बहुत शर्म महसूस होती है जबकि लोगों को धर्म के चक्कर में किसी महिला का दर्द नहीं दिखता।

मेरा यही मानना है कि रेप बस एक रेप है,उसे कैटेगराइज्ड नहीं किया जा सकता और न ही किसी धर्म से जोड़ा जा सकता। क्योंकि मेरी समझ से किसी भी क्राइम के पीछे एक इंटेशन होता है,अगर हम रेप की वजह सेक्सुअल सेटिस्फेक्शन मान रहे तो शायद हम गलत हैं? सामान्यतः कोई भी व्यक्ति इस अवस्था में कैसे सेटिस्फाई हो सकता है? ये एक मनो अवस्था है शायद साइकोलॉजिकल डिसआर्डरनेस जैसा कुछ। ऐसा व्यक्ति समाज में कैसे रह सकता है?

हमें एक पूरा तंत्र ही बदलना होगा, क्योंकि न तो सजा से कुछ हो सकता है न ही हमारी विचारधारा से। हमें शुरू से ही शुरू करना होगा। बच्चों की शिक्षा को बिना लड़की लड़के के अंतर बताए ही शुरू करनी होगी। न कोई लड़की पटाखा है न ही माल, न ही किसी के कपड़े किसी का चरित्र डिसाइड करते हैं। ऐसी सभी लोककथाओं या दंतकथाओं को हटाना होगा,जो बिना सोचे समझे ही बना दी गईं। न तो कोई पावरफुल हो, न ही कमजोर, एक स्वस्थ वातावरण में ही स्वस्थ बचपन होगा और वही युवा देश का बेहतर भविष्य बनेगा।

-फेसबुक वॉल से

# सवालों और विवादों के घेरे में प्रतियोगी परीक्षाएं



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं।

हाल ही में मेडिकल के क्षेत्र में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली नीट परीक्षा विवादों एवं सवालों के घेरे में खड़ी है। मामले के ऊपर राजनीतिक रंग भी चढ़ने लगा है। आरोपों एवं प्रत्यारोपों की बौछार जारी है। इसी बीच लखनऊ की एक छात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी फटी हुई ओएमआर शीट दिखाते हुए कहा है कि परीक्षा में उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। उसने दोबारा अपनी ओएमआर शीट का मूल्यांकन करने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। छात्रा के अनुसार परीक्षा परिणाम आने पर संबंधित पेज नहीं खुल रहा था और स्क्रीन पर लिखकर आ रहा था कि अपना परिणाम जनरेट नहीं हुआ है। कुछ समय पश्चात छात्र के पास एनटीए से मेल आया जिसमें उल्लेख किया गया था कि छात्रा का रिजल्ट जनरेट नहीं हो सकता,क्योंकि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई थी। छात्रा का आरोप है कि उसकी ओएमआर शीट को जानबूझकर फाड़ा गया है। छात्रा की फटी हुई ओएमआर शीट में हल किए गए सभी सवाल स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। यहां एक गंभीर प्रश्न यह उठता है कि आखिरकार नीट जैसी बड़ी परीक्षा में इस तरह के विवादपूर्ण मुद्दे कैसे पैदा हो रहे हैं? ऐसा बताया गया है कि जिन छह परीक्षा केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को कृपांक मिला है,वहां के अभ्यर्थियों के द्वारा ओएमआर शीट फटी होने एवं परीक्षा के लिए समय कम मिलने की शिकायत की गई थी।

हालांकि नीट रिजल्ट के बाद दाखिल की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को एनटीए ने कहा कि वे ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द करके री-एग्जाम कराने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के 14 परीक्षा केंद्र विदेशों में भी बनाए गए थे एवं परीक्षा के लिए 24 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। यद्यपि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का कहना है कि जांच का असर किसी भी अन्य परीक्षा केंद्र एवं परीक्षार्थी के परिणाम पर कदापि नहीं होगा,किंतु सवाल यह उठता है कि आखिरकार ऐसी स्थिति क्यों बनी कि छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिल पाया। कारण यह बताया जाता है कि पहले प्रश्नपत्र गलत वितरित हुआ और उसके बाद जब तक सही प्रश्नपत्र वितरित किया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रश्नपत्र के गलत वितरित होने पर आखिरकार किसको दोषी ठहराया जाना चाहिए? परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं क्यों पुख्ता नहीं थीं? यह तो सर्वथा अनुचित है कि परीक्षा केंद्र के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की भरपाई अभ्यर्थियों को कृपांक देकर की जाए। क्या कहीं न कहीं यह बाकी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं। सर्वप्रथम तो ऐसे परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए जिनके द्वारा इतनी बड़ी परीक्षा को लेकर गंभीरता का परिचय नहीं दिया गया। हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के द्वारा परीक्षा में अनियमिताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा कराए जाने की मांग की गई है। नीट जैसी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ियों का पाया जाना निश्चित रूप से पूरे देश के परीक्षा तंत्र को प्रश्न चिन्हों के घेरे में खड़ा कर देता है। कुल मिलाकर अनेक ऐसे सवाल हैं,जो परीक्षा को एवं परीक्षा नियामक एजेंसी को आरोपों के घेरे में खड़ा कर देते हैं। निश्चित रूप से इस मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए एवं इस जांच में जिस-जिस स्तर पर अनियमितता एवं ढिलाई उजागर होती हैं,उन सभी स्तरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कहीं न कहीं युवाओं का भविष्य, उनके सपने एवं अंततः देश का भविष्य एवं उसकी प्रगति सब कुछ इन अनियमितताओं एवं धांधलियों की भेंट चढ़ जाएंगे। परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं भी अनवरत रूप से बढ़ती जा रही हैं। किसी एक परीक्षा के पेपर का लीक होना, इसका सीधा सा अर्थ है -लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लग जाना एवं उनका अमूल्य समय बर्बाद होना। शासन स्तर से इन सभी अनियमिताओं पर कड़ाई के साथ नकेल कसने की जरूरत है ताकि उन सभी अभ्यर्थियों के मार्ग में जोकि पूरी तन्मयता के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने में लगे हुए हैं, किसी तरह की कोई अड़चन उत्पन्न न होने पाए।

# देर आए दुरुस्त आए

देर आए दुरुस्त आए। अंततः उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने 30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारियों को उनके पिछले वर्ष की गई सेवा की एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे शासन पर न केवल मुकदमों का बोझ कम होगा,बल्कि उसकी छवि एक आदर्श सेवायोजक की बनेगी। हालांकि बहुत बाद में अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य ने अपने कार्मिकों को यह सुविधा अगस्त 2023 में ही दे दी है।



डॉ . चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार 1 जुलाई या 1 जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती थी,नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता था। वर्षों से इस विसंगति को कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा,लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी गई। उच्च न्यायालय व सुप्रीम कोर्ट के दृष्टांतों के बावजूद यहां बुढ़ापे में सेवानिवृत्त को कोर्ट-कचहरी करनी पड़ती थी। शीर्ष न्यायालय तक का अभिमत है कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। शीर्ष न्यायालय के सिद्धांतगत निर्णय पर शासन की अनदेखी उस समय भारी पड़ने लगी,जब न्यायालयों ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना लगाना शुरू किया। इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाने से विषय की गंभीरता समझ में आई। प्रश्नगत विषय पर सुप्रीम कोर्ट का निदेशक (प्रशासन मानव संसाधन) के .पी. टी. सी. एल . व अन्य बनाम सीपी मुंडिनामणि व अन्य (2023 एस.सी.सी. ऑनलाइन एस.सी. 401) मामले में दिया गया निर्णय बहुत ही स्पष्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया है कि सरकारी कर्मचारियों को केवल इसलिए वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित नहीं किया जा सकता कि वे वेतन वृद्धि अर्जित करने के अगले ही दिन सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायालय ने यह भी कहा है कि वेतन वृद्धि अगले वर्ष अच्छा प्रदर्शन करने के लिए "प्रोत्साहन" नहीं है,बल्कि बीते वर्ष में की गई सेवा के कारण है।

30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो चुके या होने वाले कार्मिको को एक वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने का प्रदेश मंत्रिमंडल का निर्णय कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का अध्याय समाप्त करेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य सरकार ने एक आदर्श नियोक्ता के रूप में आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप निर्णय लेकर न्यायपालिका का भी सम्मान किया है। वैसे लोकसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया गया यह निर्णय कर्मचारियों की नाराजगी को कम करने का भी काम करेगा।

# अनुमति 10 की खोद रहे 30 फीट अवैध मौरंग खनन की रिपोर्ट दर्ज

## ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने करवाई जांच, शिकायत सही होने पर हुई कार्रवाई

कार्यलय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** बेतवा नदी में अवैध खनन की शिकायत पर डीएम ने जांच करवाई तो शिकायत सही पाए जाने पर राजस्थान की एक फर्म के खिलाफ अवैध खनन की एफआईआर दर्ज की गई है। खनिज निरीक्षक ने थाना कदौंरा क्षेत्र के बड़ागांव मौरंग खदान में फर्म के संचालकों द्वारा अवैध खनन करते हुए एक मामला पकड़ा तथा फर्म के निदेशक के खिलाफ अवैध खनन का मामला दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार थाना कदौरा क्षेत्र के बड़ा गांव मौरंग खनन का पट्टा राजस्थान 203 जी उद्यान गंगा नगर की मेसर्स महादेव झल्ले प्रालि. के नाम आवंटित किया गया था। मगर बड़ा गांव तथा भेंडी गांव के ग्रामीणों द्वारा उक्त फर्म पर के द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक क्षेत्र में तथा पोकलैंड मशीनों से नदी में 30 फीट गहराई से अवैध मौरंग खनन करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को शिकायती पत्र दिया गया। इसमें कहा गया था कि नदी में 30 फीट गहरे गड्ढे हो जाने से बेतवा नदी के किनारे बसे कई गांवों का जल स्तर बेहद नीचे चला गया है। इसी कारण से बड़ागांव, भेडी समेत कई गांवों के ग्रामीण भीषण गर्मी के चलते पानी के संकट से जूझ रहे हैं इतना ही नहीं सामान्य स्थित में नदी किनारे बसे ग्रामीणों को नदी में कहा कम गहराई है और कहा ज्यादा, इसी को ध्यान में रखकर ग्रामीण कम गहराई वाली जगह से निकल कर नदी के इस पार से उस पार आते जाते हैं, मगर मौरंग खनन करने वाले संचालकों द्वारा 30-30 फीट के गहरे गड्ढे कर दिए गए है, जिसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है, जिससे ग्रामीणों को गहरे गड्ढों में डूब जाने का खतरा बना रहता है। इससे ग्रामीणों का एक से दूसरे गांवों में आना जाना बंद हो गया। ग्रामीणों की शिकायत को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए खनिज अधिकारी को जांच सौंपी, जिस पर गुरुवार को खनिज निरीक्षक आनंद कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया और शिकायती पत्र में इंगित आरोप सही पाए गए। जिस पर खनिज निरीक्षक आनंद कुमार ने थाना कदौंरा में फर्म के निदेशक राघव चांडक पुत्र अशोक चांडक निवासी 203 जी उद्यान गंगा नगर राजस्थान के नाम धारा 379 के तहत अवैध मौरंग खनन करने तथा परिवहन करने की रिपोर्ट दर्ज की है।


बेतवा नदी पर होता खनन।

- राजस्थान के गंगानगर की है खनन करने वाली फर्म

### मौरंग खनन के ये हैं नियम

- खनन की नियमावली के अनुसार खनन पट्टा धारक द्वारा नदी की जलधारा को छोड़ कर नदी के किनारे अधिकतम 3 मीटर गहराई (लगभग 10 फीट) तक खनन करने का प्रावधान है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण शर्त यह भी जोड़ी गई है, कि खनन कार्य करते हुए मौरंग की खुदाई उतनी ही गहराई तक की जा सकती है जब तक पानी नहीं निकले, जानकारों का मानना है कि नदी किनारे खुदाई करने पर महज तीन फीट गहराई में ही पानी निकल आता है, इस तरह से जालौन में खनन पट्टा धारक नियमों की अनदेखी कर 30 फीट गहराई से मशीनों से मौरंग खोद रहे हैं।

## 11 जोड़ों का हुआ सामूहिक निकाह

**जालौन।** नगर के पं दीन दयाल चौराहे स्थित एक गेस्ट हाउस में मुस्लिम समाज के 11 जोड़ों ने निकाह कुबूल किया। इस सामूहिक सम्मेलन नवनिर्वाचित सांसद ने भी मौके पर पहुंच कर वर वधू को शुभाशीष देकर उन्हें बधाई दी। पं दीन दयाल चौराहे के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में मुस्लिम समाज द्वारा 14वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें 11 जोड़ों को मौलाना ने निकाह कुबूल कराया। सारी रस्में संपन्न होने के बाद नव निर्वाचित सासंद नारायणदास अहिरवार व समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने मौके पर पहुंच कर शुभाशीष देकर उन्हें नये जीवन में प्रवेश करने की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष द्वारा किया। आयोजक कमेटी के अध्यक्ष यासीन ने सभी आये हुये आगुंतकों का आभार व्यक्त कर सभी नव जोड़ों को उपहार भेंट किया। विनय श्रीवास्तव, राशिद मंसूरी खनुवां हबीब खां खनुवां, वाहिद खां, जहूर, रमजान सत्तार खां. आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी के साथ लू ने झुलसाया सुबह से ही सड़कों पर पसरा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** नौतपा समाप्त होने के बाद भी भीषण गर्मी व तपन का सिलसिला कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नौतपा खत्म हुए पूरा एक सप्ताह बीत गया लेकिन सूर्य देव की तपिश में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आयी है। आज गुरुवार को चिलचिलाती धूप के साथ लू के थपेड़े चलते रहे।

इसकी वजह से सड़क पर चलने वाले लोग मनो झुलस से गये। नौतपा को एक सप्ताह हो गया है लेकिन धूप के लू लपट का सितम बराबर बना हुआ है।जिला प्रशासन ने भी गाइड लाइन जारी कर एहितयात बरतने के लिए आम जनता को जागरूक किया। लेकिन मजबूरीवश सड़कों पर निकल रहे लोगों का भीषण तपन में बुरा हाल हो गया है।धूप इतनी तेज है कि जरा सा पैदल चलने पर लोग पसीना से नहा से जाते है, इसके अलावा मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने वाले पटरी और ठिलिया खोमचे दुकान दार मजबूरन लू लपट झेल रहे है। इतना ही नहीं भीषण गर्मी में चार पहिया करो और ट्रेक, लोडर की बॉडी बनाने वाले बेल्डर और।सेंटर आग की तरह तक रही लोहे सिल चंद्र की इलेक्ट्रिक बेल्डिंग करते देखे गए, साथ ही बाइक मिट्टी खुले आसमान।में।भीषण गर्मी में मरम्मत करते रहे, आज गुरुवार को भी पिछले दो दिनों की तरह पारा 45 सेल्सियस बना रहा, को रोज की अपेक्षा तापमान कम नहीं रहा। सुबह 11बजे तो गनीमत रही पर उसके बाद जो बाहर निकला वह धूप से झुलस गया।लू लपट से मानों लोगों की हालत खराब हो गयी है। दोपहर दो बजे के आसपास शहर के भगतसिंह चौराहा, टाउन हाल, करमेर रोड, राठरोड, स्टेशन रोड का हाल यह था कि सन्नाटा सा छाया हुआ था तथा दुकानदार भी ग्राहकों के इंतजार में खाली हाथ बैठे रहे।


सुबह करीब दस बजे सूनी पड़ी सड़क। अमृत विचार

- 45 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान

# यमुना नदी के घाटों के सुंदरीकरण की पहल तेज, विधायक ने जलशक्ति मंत्री से की मांग

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** यमुना नदी कालपी के तट में स्थित प्राचीन घाटों के संरक्षण तथा सुंदरीकरण के लिए कालपी विधायक ने पहल तेज कर दी है। गुरुवार को विधायक विनोद चतुर्वेदी ने प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को मांगपत्र सौंपते हुए यमुना के घाटों का जीर्णोद्धार तथा सुंदरीकरण करने की मांग उठाई है।

कबीना मंत्री ने भरोसा दिया है कि यमुना के घाटों को सुंदर स्वरूप प्रदान करने के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाये जाएंगे। लखनऊ प्रवास के दौरान विधायक विनोद चतुर्वेदी ने जलशक्ति मंत्री से मुलाकात के दौरान मांगपत्र सौंपते हुए बताया कि कालपी ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल है। महर्षि वेद व्यास की जन्मस्थली, महारानी लक्ष्मीबाई की रणस्थलीज़ बीरबल की नगरी आदि ऐतिहासिक नगर से परिपूर्ण है। कालपी नगर यमुना नदी के तट पर बसा हुआ है। जिसमें बने घाटों पीलाघट, ठोड़ेश्वरघाट, तरीबुलदा पूरी तरह से जीर्णशीर्ण हो चुके हैं। कालपी नगर के यमुना घाटों में निर्मित कराकर सुंदरता को कायम रखा जाए। मुलाकात के दौरान पौराणिक स्थल पर विकास कार्य कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की मांग की। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आश्वासन दिया कि विकास कार्यों को प्राथमिकता से कराया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी मनोज चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।


सुंदरीकरण के अभाव में यमुना का प्राचीन घाट। अमृत विचार

# बकरीद पर साफ-सफाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** ईदुल अजहा (बकरीद) के पर्व को लेकर ईदगाह रामनगर उरई कमेटी के अध्यक्ष अयूब अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। बताया कि बकरीद का पर्व 17 जून से 19 जून तक मनाया जायेगा। इस पर्व पर मजहब-ए-इस्लाम के मुताबिक़ उक्त तीन दिन तक सामूहिक एवं व्यक्तिगत रूप से कुर्वानियों का सिलसिला चलेगा। बकरीद के त्योहार पर झांसी रोड ईदगाह, शहर की मस्जिदों, खानकाहों, मदरसों के आसपास विशेष रूप से सफाई व कलई डलवाई जाये तथा छुट्टा विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ा जाए।


ज्ञापन देने जाता प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

## बकरीद के पर्व में अल्लाह की राह पर कुर्बानी करें : इरशाद

**कालपी जालौन।** दारुल उलूम गौसिया मजीदिया के प्रबन्धक हाफिज इरशाद अशरफी ने बताया कि इस्लामी साल का ये आखरी महीना है। जिसे बकरीद के नाम से जाना जाता है। इस माहे मुबारक की बहुत ही शान है। इसका चांद नजर आते ही हर दिल में उस अजीमुश्शान कुर्बानी की याद ताजा हो जाती है कि जिसकी मिसाल कोई पेश नहीं कर सकते हैं। इसमें जो क़ुरबानी की जाती है ये हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की प्यारी सुन्नत है। सुन्नत को अदा करने के लिए मुसलमान अपने जानवरों की कुर्बानियां पेश करते हैं। कुर्बानी के मसाइल की जानकारी न हो तो उलमा-ए-किराम से पूछना चाहिये क्योंकि अक्सर ये देखा जाता है कि जो लोग साहिबे निसाब होते है वह कुर्बानी नहीं करते है। जो गलत है।

## सार-संक्षेप


राठ रोड पर अतिक्रमण हटवाते सिटी मजिस्ट्रेट व पुलिस फोर्स। अमृत विचार

### राठ रोड पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**उरई (जालौन)।** राठ रोड ओबरब्रिज पर आये दिन लगने वाले जाम से छुटकारा दिलवाये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में बुधवार को राठ रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान जो भी अतिक्रमण की सीमा में आया उसका अवैध निर्माण जेसीबी मशीन के द्वारा धराशायी कर दिया गया। बताते चलें कि राठरोड मोनी मंदिर के पास बने ओवरब्रिज पर आये दिन जाम की समस्या बनी रहती थी जाम लगने की वजह आम जनता को घंटों जाम से जूझना पड़ता था तो वहीं छोटे और बड़े वाहन भी जाम में फंस जाते थे तथा राठरोड पर बडे-बड़े अतिक्रमणकारियों ने पक्के अवैध निर्माण भी कर लिये थे। आज सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और नगर पालिका परिषद की टीम के सहयोग से राठरोड पर किये गये अवैध अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से धराशायी कर दिया गया। जिससे अब आम जनता को रोज-रोज लगने वाले जाम से निजात मिलने लगेंगी।

### श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग

**उरई (जालौन)।** भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार अहिरवार के नेतृत्व रघुवीर सिंह, रामदयाल, विजय कुमार श्रीवास, राजेश नीलम जिलाध्यक्ष, रोशन नागर, मानवेंद्र सिंह, संगीता एडवोकेट आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 7 सूत्रीय मांग का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। सौंपे ज्ञापन में बताया क उप्र. भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड एवं श्रम विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देशित किया जाये कि अपने-अपने कार्य क्षेत्र के सभी तरह के असंगठित मजदूरों को नियमबद्ध पंजीकृत कर सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जाये तथा जो मजदूर महिला, पुरुष पंजीकृत है उनको को भी योजनाओं के विषय में पूरी जानकारी से अवगत कराया जाय। उन्होंने मांग उठाई है कि प्रचार-प्रसार सामग्री एवं जन जागरण शिविर आदि लगाकर एक अभियान चलाया जाये जिससे सभी प्रकार के मजदूरों को विभाग द्वारा चलाई जा रही जन हितकारी योजनाओं की जानकारी दी जा सके। उन्होंने बताया कि उप्र. श्रम विभाग द्वारा 2012 में मजदूरों को 25 योजनाओं का लाभ दिया जाता है। जिसको 2012 के बाद मात्र 17 योजनाएं ही संचालित हैं और इसके बाद 2022 में केवल 11 योजनाएं ही रह गयी है तथा वर्तमान में केवल 7 योजनाएं ही संचालित हैं।


ज्ञापन देने जाते चमार महासभा के पदाधिकारी।

# जंगल में लगी आग, धू धूकर जले पेड़-पौधे


धू-धूकर जलता कुइया डेरा का जंगल।

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** गुरुवार को कालपी तहसील क्षेत्र के ग्रामपंचायत परासन के मजरा कुइया डेरा के जंगल में अज्ञात कारण से आग लग गई। आग की लपटे उठने पर ग्रामीणों में दहसत फैल गई। ग्रामीणों ने दमकल विभाग को आग लगाने की सूचना दी। लगभग 45 किलो मीटर चलकर अग्निशन की गाड़ी आगजनी स्थल पर पहुंची, दमकल वाहन के जवानों ने दोपहर में आग बुझाई। आग से पेड़ और पौधे जल गए। अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया विभाग की टीम दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

## महिला की पिटाई करने पर दो लोगों के खिलाफ एफआईआर

**कालपी(जालौन)।** नगर के एक मुहल्ले में महिला के साथ मारपीट करने पर पीड़िता के द्वारा दो पड़ोसी युवकों के खिलाफ कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़िता इस्मत जहां पत्नी कदीर खान निवासी मुहल्ला राजेपुरा ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 4 जून 24 की सुबह करीब 9 बजे पीड़िता अपने प्लाट में थी, तभी आरोपियों आसिफ उर्फ गब्बू तथा आशिक बाबा पुत्रगण नासिर निवासी मुहल्ला राजेपुरा आकर गाली गलौज करने लगें। मना करने पर दोनों लोग लाठी डंडों से हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों ने बचाया।

# फल-सब्जियों के 22 नमूने भरे, होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने नवीन मंडी कालपी रोड पर मिलावट के खिलाफ अभियान चलाकर 22 फल एवं सब्जियों के नमूने संग्रहित किए। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उप्र व जिलाधिकारी के निर्देशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन के अभिहित अधिकारी डॉ. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ फल व सब्जी की उपलब्धता हेतु नवीन मण्डी कालपी रोड उरई में अभियान चलाकर खाद्य कारोबारी एवं आढ़तियों के प्रतिष्ठानों से फल आम, केला, सेव, अंगूर, खरबूज, तरबूज, अनार व सब्जियों- तुरई, लौकी, खीरा, हरी मिर्च, कदू, परवल, करेला, टमाटर, बैंगन, हरीधनिया, फूलगोभी, पत्तागोभी, गाजर, पालक, शिमला मिर्च आदि के कुल 22 नमूनें संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। जांच परिणाम प्राप्त होने पर मानक अनुरूप विधिक कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। टीम में डॉ. जतिन कुमार सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार, अनिल कुमार शंखवार, कन्हैया लाल यादव मौजूद रहे।


फल की दुकान पर छापामारी करती खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम।

कामयाबी | 1 साल से पेट की बीमारी से परेशान थी महिला, 2 घंटे के ऑपरेशन के बाद मिली राहत

# महिला के पेट से निकाला 5 किलो का ट्यूमर

कार्यलय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** 11 जून 2024 को राजकीय मेडिकल कालेज उरई में भर्ती महिला के पेट से 5 किलो का ट्यूमर निकाला गया है। प्रधानाचार्य आरके मौर्या के कुशल मार्गदर्शन में मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग की टीम द्वारा एक और अन्य उपलब्धि को प्राप्त किया गया। मेडिकल कालेज में भर्ती कौशल्या उम्र 65 वर्ष निवासी हमीरपुर बहुत दिनों से पेट की सूजन और दर्द से जूझ रही थी। उन्होने 5 वर्ष पहले बच्चेदानी का ऑपरेशन कराया था, जिसके बाद पेट में दर्द की शिकायत होने लगी थी। जिसके चलते मरीज मंगलवार को मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में दिखाने के लिये आई तो वहां पर डॉ. निशान्त सक्सेना विभागाध्यक्ष, सह-आचार्य, जनरल सर्जरी द्वारा उक्त मरीज को देखा गया। जिसके जांच में पाया गया कि मरीज के पेट में दाईं तरफ के अंडाशय में एक 20x10 सेमी की गांठ है, वह पूरे पेट में फैली हुई थी और इसकी वजह से मरीज के बाकी अंगों पर तनाव पड़ रहा था। जिसके कारण मरीज को सांस लेने व चलने में दिक्कत महसूस हो रही थी। राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीज को भर्ती कर 11 जून 2024 को डॉ. निशान्त सक्सेना सह-आचार्य विभागाध्यक्ष जनरल सर्जरी, डॉ. अमल पीजीजेआर-2, डॉ. स्नेहा अग्रवाल पीजीजेआर-1, डॉ. अरूण अहिरवार, सह-आचार्य, निश्चेतना विभाग टीम के द्वारा सफल ऑपरेशन को किया गया। ऑपरेशन के द्वारा मरीज का बड़ी सुगमतापूर्वक मात्र 4 इंच के चीरे द्वारा इस किलो की गांठ को निकाला गया। मरीज की निशुल्क जांचे, ऑपरेशन किया गया। सफल ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ. निशान्त सक्सेना सह-आचार्य सर्जरी विभाग, डॉ. अमल बूबिली, डॉ. स्नेहा अग्रवाल, डॉ. अरूण अहिरवार, डॉ. भवना, और स्टॉफ नर्स मिलन आदि मौजूद रहे।


ऑपरेशन करने वाली टीम। अमृत विचार

# भाजपाइयों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यलय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के नगर उपाध्यक्ष उरई कपिल तोमर दमरास के नेतृत्व में गुरुवार को अर्पण शुक्ला जिला सह संयोजक आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दिए ज्ञापन में बताया कि विगत 1 जून 2024 को भाजपा के मंडल अध्यक्ष व उनके साथी के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात उप निरीक्षक के द्वारा उनके साथ मारपीट की गयी। इसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष व उनके साथी का उपचार झांसी मेडिकल कालेज में चल रहा है। इसके बावजूद पुलिस अधीक्षक द्वारा उप निरीक्षक को थाना प्रभारी रामपुरा बना दिया गया है। जिससे जनपद जालौन के भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते भाजपा नगर उपाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या M8754133 में मेरे पिता का नाम ABDUL JABBAR KHAN अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 706825661473 व मेरे पैन कार्ड संख्या CBIPK6973R व मेरे पिता के पैन कार्ड संख्या AMBPJ9443D में मेरे पिता का नाम ABDUL JABBAR अंकित है जो कि सत्य व सही है। अंत: मेरे पिता को ABDUL JABBAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। मो. अनवर पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी मकान न. ईदगाह थाना कोतवाली नगर तहसील सदर जनपद सुल्तानपुर।

### सूचना

सूचित है कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम छोटू दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम छोटू कनौजिया है। भविष्य में छोटू कनौजिया के नाम से जाना जाए। छोटू कनौजिया पुत्र राजेंद्र प्रसाद कनौजिया नया गायत्रीनगर, जानकीपुरम लखनऊ।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे आधारकार्ड में SUFAL BISWAS लिखा है जो सही है, जबकि पासपोर्ट में SUFAL VISWAS दर्ज है जो गलत है अत: SUFAL BISWAS लिखकर सही किया जाए और यही समझा जाए। सुफल बिस्वास निवासी भिखारीपुर खुर्द सेमरी कलां गोंडा।

### सूचना

सूचित हो कि मैं बबली शुक्ला निवासिनी 537/भा/783 भरतनगर मोहिबुल्लाहपुर लखनऊ घोषणा करती हूं कि बबली शुक्ला ऊर्फ नमिता देवी दोनो मेरे ही नाम है। किंतु ग्रामीण डाक जीवन बीमा नमिता देवी के नाम से है जबकि वास्तिविक नाम बबली शुक्ला पत्नी पंकज शुक्ला है। एवम ग्रामीण डाक जीवन बीमा में नमिता देवी के स्थान पर बबली शुक्ला जाना व माना जाए।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे बैंक के खाता संख्या में मेरा नाम भोले नाथ पाण्डेय (BHOLE NATH PANDEY) है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 1886000 300129 165व पैन कार्ड संख्या । BSPP7117N में मेरा नाम भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) है। अंत: भोले नाथ पाण्डेय (BHOLE NATH PANDEY) व भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है। और भविष्य में मुझे भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) के नाम से बैंक के समस्त अभिलेखों में अंकित किया जाए। भोला नाथ पाण्डेय पुत्र स्व.साहबदीन पाण्डेय निवासी मकान न.235, एलआईजी, ई ब्लाक श्याम नगर कानपुर नगर।

### सूचना

बैंक ऑफ इंडिया में मेरा बचत खाता राजा नाम से है। जबकि, मेरा पूरा नाम इजहार अहमद उर्फ राजा है। दोनों नाम मेरे ही हैं। इजहार अहमद उर्फ राजा पुत्र मुमताज अहमद निवासी -268 /523/341, गुलजार नगर, ऐशबाग, लखनऊ।

# कुर्बानी के लिए बरबरी, सिरोही व जमुनापारी बकरों की मांग

**बकरीद 17 को : 10 से 40 हजार तक के बकरे ज्यादा बिक रहे, पड़वे भी जा रहे खरीदे**

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बकरीद को महज चार दिन बचे हैं और कुर्बानी के लिए अच्छी नस्ल का बकरा खरीदने की होड़ मची है। जिले की मंडी में बकरों के बाजार सजाए जा रहे हैं और मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बकरों की धूम है। 10 से 40 हज़ार रुपये तक के बकरों की ज्यादा डिमांड है।

ईद-उल-अजहा यानी बकरीद 17 जून को मनाई जाएगी। इस दिन साहिब-ए-निसाब (आर्थिक रूप से सक्षम) मुसलमान हजरत इब्राहिम और उनके बेटे हजरत इस्माइल की सुन्नत पर अमल करते हुए बकरा, भेड़, दुंबा, ऊंट, पड्डा की कुर्बानी करते हैं। दोआबा में आम तौर पर बकरों और पड्डों की कुर्बानी का चलन है। यही वजह है कि जिले के अलग-अलग इलाकों में पशुओं के बाजार सज चुके हैं। दूरदराज के पशु व्यापारी बकरों को लेकर इन मंडियों में पहुंच रहे हैं।



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद पुलिस व स्थानीय लोग। अमृत विचार

बता दे कि शहर में बकरों की मंडी सजनी शुरू हो गई है। यहां बरबरी, सिरोही, जमुनापारी, तोतापुरी, देसी बकरों की मांग अधिक है। कुर्बानी के लिए अच्छी से अच्छी नस्ल का बकरा लोग बकरीद से पहले खरीद लेना चाहते हैं। यूं तो सामान्य तौर पर अच्छी सेहत वाले बकरों की कीमत 15 से 25 हजार रुपये तक है, लेकिन शौकीन लोगों के लिए और भी अच्छी सेहत और दिखने में ऊंचे-ऊंचे बकरे भी मंडी में मौजूद हैं। इन महंगे बकरों को आसानी से खरीदार नहीं मिल रहे हैं।

बीते बरसों के मुकाबले बकरों की कीमतों में इजाफा हुआ है। जिसकी बड़ी वजह चारा महंगा होना है। एक पड़वा 20 से 25 हजार रुपये के बीच में मिलता है। बड़ा जानवर होने के कारण इसमें अधिकतम सात लोगों द्वारा एक साथ कुर्बानी की जा सकती है। ऐसे में एक व्यक्ति के हिस्से में तीन से साढ़े तीन हजार तक आते हैं। इसलिए पड़वे की मांग भी बढ़ गई है।

### प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं

- जहानाबाद। कस्बा जहानाबाद के थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बकरीद पर्व को सौहार्द भाईचारे से मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होगी। स्वस्थ पशुओं की ही कुर्बानी दी जाएगी। कुर्बानी खुले में नहीं दी जाएगी। खुले में कुर्बानी होने पर कार्यवाही की बात कही। इस दौरान मौजूद लोगों ने पेयजल, सफाई, विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से किए जाने की मांग की। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन हाफिज अनवारूल हक, डॉ. असलम अंसारी, महेश चौरसिया, सर्वेश सोनकर, विष्णु गोपाल, जियाउल हक, सभासद आदित्य सेंगर, अरबिंद निषाद, सभासद प्रतिनिधि वीरेंद्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, प्रधान श्रीकांत उत्तम, राजेंद्र उत्तम, प्रधान प्रतिनिधि फौजन हक, शेखर, उजमान, प्रदीप कुमार उर्फ बबउन दुबे, बबलू अंसारी मौजूद रहे।

### सात लोग मिलकर बड़े जानवर की दे सकते कुर्बानी

- इस्लामी माह जिलहिज्जा की 10, 11, 12 तारीख कुर्बानी के लिए खास है। कुर्बानी में भेड़, बकरा-बकरी, दुम्बा एक व्यक्ति की तरफ से व बड़े जानवर में सात लोग शरीक हो सकते हैं। कुर्बानी के बाद गोश्त को तीन हिस्सों में बांटा जाता है। गोश्त का एक हिस्सा गरीबों में दूसरा हिस्सा रिश्तेदारों और तीसरा घर वालों के लिए रखने का हुक्म है।

### खुले में कुर्बानी करने से बचें

- प्रशासन की ओर से अपील करते हुए कहा गया है कि कुर्बानी किसी बंद जगह पर करें। सार्वजनिक स्थान पर कुर्बानी न करने की नसीहत दी गई है। वहीं कुर्बानी की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर न करने की हिदायत भी दी गई है।

# नेत्रहीन की जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा

संवाददाता, फतेहपुर

- लाठी-डंडे से पीटा, थाने में नहीं हुई सुनवाई

**अमृत विचार।** एक गरीब नेत्रहीन व्यक्ति के भूमिधरी जमीन पर गांव के कुछ दबंगों ने जबरन कब्जा कर लिया। पीड़ित ने जब विरोध किया तो उसके साथ लाठी-डंडे से मारपीट कर भगा दिया। थाना पुलिस में सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में डीएम ने जांच का आदेश तहसीलदार को दिया है।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के टिकारी पर कोतला गांव के रहने वाले मो.शलीम ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसकी गांव में भूमिधरी जमीन पर कब्जा था। गांव के कुछ दबंगों ने मिलकर मेरी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया। जब इस बात को लेकर मैंने विरोध किया तो मेरे साथ उक्त दबंगों ने लाठी डंडे से पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। गांव के लोग जब आ गए तो मेरी जान बच पाई। इस मामले की शिकायत जब थाना पुलिस में किया तो मेरी कोई सुनवाई नहीं की गई और थाने से भगा दिया गया।जिसके बाद जिलाधिकारी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। जिलाधिकारी से मिलने के बाद न्याय का भरोसा दिया गया है। इस मामले में जिलाधिकारी सी इंदुमती ने तहसीलदार को जांच का आदेश दिया है। थाना प्रभारी राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति मेरे पास आये थे। चौकी प्रभारी मौके पर गए थे और कब्जा करने वाले लोगों को चेतावनी दी गई थी। जिस जमीन का मामला बताया जा रहा है उसकी पैमाइश राजस्व विभाग को करनी है।

# संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला छात्र का शव

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, मौके पर मिला खून

संवाददाता, थरियांव

- फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से एकत्र किए साक्ष्य
- पड़ोसी युवक आरोपित, पुलिस जांच में जुटी

**अमृत विचार।** घर के अंदर कक्षा पांच के छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने पड़ोस के गैरबिरादरी के युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। इलाकाई पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

थरियांव थाना क्षेत्र के घासीपुर निवासी मानसिंह सोनकर के पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह कई वर्षों से सीतापुर मजरे रामपुर थरियांव में प्रधान पति अनूप सिंह यादव के मकान में रहकर मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। बुधवार को वह अपनी पत्नी रेखा देवी के साथ छोटे बेटे रूपेश की दवा करवाने के लिए बहरामपुर गया था। देर शाम तक घर वापस आने पर दरवाजा बंद था और घर के अंदर टीन शेड में बेटे का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक की मां रेखा देवी ने बताया कि पड़ोसी युवक ने खुन्नस में बेटे की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया, ताकि हत्या को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। बताया आरोपी युवक ने बीते फरवरी माह में भी घर के सदस्यों पर हमला किया था, लेकिन राजनीतिक संरक्षण मिलने की वजह से स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। हौसले बुलंद होने से आरोपी युवक ने मौका पाकर बेटे की हत्या कर शव लटका दिया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा है। मृतक कक्षा पांच का छात्र था। मृतक के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची फारेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए हैं।

सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने मय फोर्स घटना स्थल का जायजा लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि अभी पुलिस घटना को आत्महत्या मान रही है। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### घटनास्थल पर पड़ा खून खोलेगा राज

- घटना के बाद ग्रामीणों में चर्चा रही कि यदि छात्र ने आत्महत्या की है तो घटनास्थल पर खून कहां और कैसे आया। खून मिलने के बाद से पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। फारेंसिक टीम की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट जांच की सुई सही दिशा में ले जाएगी।

# उल्टी-दस्त के दो दर्जन मरीज भर्ती

**फतेहपुर।** गुरुवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में गर्मी के चलते उल्टी-दस्त से पीड़ित 25 मरीजों को भर्ती किया गया।

जून माह के पहले सप्ताह गर्मी से होने वाली बीमारी उल्टी, दस्त, पेट दर्द, सीनें में दर्द, सांस लेने में परेशानी, सिर दर्द व लू के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा था। सोमवार तक जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या 1100 के आसपास पहुंच रही थी। इनमें से 25 फीसदी मरीज महज गर्मी से होने वाली बीमारी से ग्रसित रहते थे। लेकिन दो दिनों में ऐसे मरीजों की संख्या में कमी आई है। बुधवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में कुल 1080 मरीज आये। इनमें गर्मी की बीमारी से महज 48 मरीज रहे। बाकी मरीज अन्य बीमारियों से ग्रसित थे। गुरूवार की ओपीडी में कुल 1110 मरीजों ने इलाज के लिए पर्चा कटवाया। इनमें से उल्टी दस्त व अन्य बीमारियों से पीड़ित कुल 25 मरीज आए, जिन्हें भर्ती किया गया। खास बात यह रही कि दो दिनों में जिला अस्पताल में हीट स्ट्रोक के शिकार मरीज नहीं आये। डॉ. एके सचान ने बताया कि दो दिनों से मरीजों की संख्या में कमी आई है।

# 25 मिलियन यूनिट बढ़ी बिजली की खपत

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी की वजह से बिजली की भी खपत बढ़ गई है। यही वजह है कि सामान्य महीनों की अपेक्षा मई में ही 25 मिलियन यूनिट अधिक बिजली खर्च हुई है। अप्रैल में छह मिलियन यूनिट ज्यादा खर्च हुई थी।

जिले में आम तौर पर सामान्य महीनों में 55 मिलियन यूनिट बिजली की खपत होती है। इधर बीच भीषण गर्मी के कारण लोड बढ़ गया है। अधिशासी अभियंता बताते हैं कि गर्मी की शुरुआत से ही लोड बढ़ गया है और लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है। बात विभागीय आंकड़ों की करें तो अप्रैल में साधारण महीनों की अपेक्षा छह मिलियन यूनिट ज्यादा यानी 61 मिलियन यूनिट बिजली खर्च हुई थी। मई का आंकड़ा तो चौकाने वाला है। मई में 25 मिलियन यूनिट अधिक खपत के साथ 80 मिलियन यूनिट बिजली खर्च हुई। अधिशासी अभियंता की ओर से यही कहा गया है कि जून में 90 से 95 मिलियन यूनिट तक खपत की संभावना है।

### आम हो गई फाल्ट की शिकायतें

लोड अधिक बढ़ने के कारण फाल्ट की शिकायतें आम हो गई हैं। शहर हो अथवा नगरीय क्षेत्र, आए दिन कहीं तार टूटकर गिर जाती है तो कहीं केबल में आग लग जाती है। ट्रांसफॉर्मरों का जलना भी सामान्य बात हो चुकी है। गड़बड़ी दूर करने में भी लाइनमैन से लेकर अधीक्षण अभियंता तक का पसीना छूटा रहता है।

### जुलाई-अगस्त में बढ़ेगी खपत

अधिशासी अभियंता का कहना है कि बिजली की खपत अगस्त तक कम होने वाली नहीं है। जुलाई और अगस्त में सिंचाई की जाएगी। किसान इसके लिए नलकूप चलाएंगे। नलकूप संचालन की वजह से लोड अधिक बढ़ेगा।

### बिजली कम खर्च करने की अपील

अधिशासी अभियंता ने पहले ही एडवाइजरी जारी कर चुके हैं। इसमें उपभोक्ताओं से बिजली कम खर्च करने की अपील की गई है। कहा है कि सप्लाई आते ही तत्काल एसी-कूलर फ्रिज, पंखे आदि नहीं चलाएं। दिन के समय प्रकाश फैलाने वाले उपकरणों को बंद रखें। जहां तक संभव हो, एक ही कमरे का कूलर और एसी चलाएं।

## सार-संक्षेप

### सांड़ के हमले से तीन महिलाएं घायल

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के गहरूखेड़ा गांव में एक महीने से उग्र हो चुके सांड से ग्रामीण बहुत परेशान थे। कई जानवरो को घायल कर चुका है। ग्रामीणों व कैटिल दस्ता के दौड़ाने पर सांड भागते हुए एक गड्ढे में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। गहरूखेड़ा गांव की ही सुभद्रा पत्नी राजू, कल्ली पत्नी रामधनी जंगल जा रही थी। अचानक सांड ने हमला बोल दिया। वहीं गीता देवी पत्नी सुरेश पशु बाड़े में जानवरों को देखने गई वह भी हमले का शिकार हो गयी। ग्रामीणों के शोर मचाने पर सांड जंगल की तरफ चला गया ग्रामीणों की सूचना पर कैटिल दस्ता गांव पहुंचा। ग्रामीण भी एकराय होकर दौड़ाते रहे। सांड प्यास एवम गर्मी के चलते एक गड्ढे में गिर गया और मौत हो गई। ग्रामीणों ने गांव में ही गड्ढा खोदकर दफना दिया।

### मकान गिरने से एक घायल, गृहस्थी दबी

**किशनपुर।** किशनपुर कस्बे के वार्ड नंबर एक के रहने वाले मुरली सोनकर का घर बुधवार की देर शाम अचानक गिर गया। जिसमें एक व्यक्ति दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मकान गिरने से पीड़ित परिवार के गृहस्थी भी दबकर नष्ट हो गई। बताया जा रहा है कि वार्ड नंबर एक के रहने वाले मुरली सोनकर का पक्का मकान बना था। मकान के सामने खपरैल नुमा एक छप्पर था। देर शाम अचानक खपरैल नुमा झप्पर दीवाल सहित भरभरा कर गिर गया। जिसमें मुरली सुनकर का 25 वर्षीय पुत्र शत्रुघ्न सोनकर दबकर घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। इसके बाद पीड़ित को इलाज के लिए ले जाया गया। वही मकान गिरने से पीड़ित परिवार के खाने पीने की सामग्री व और भी उपयोगी दिनचर्या की चीज दब गई।

### औंग पुल के नीचे दिनभर होती भिड़ंत और झड़प

**औंग।** तहसील बिन्दकी के कस्बे औंग स्थित नेशनल हाईवे पुल के नीचे यातायात सुगम होता नहीं दिख रहा है। आवागमन की सड़क पर गन्ने, आम के जूस, सब्जी व फल आदि के ठेलों का कब्जा है। जहानाबाद, कानपुर, फतेहपुर, शिवराजपुर से आने-जाने वाले वाहन इसी पुल के नीचे से गुजरते हैं। सड़क पर कब्जा होने के कारण वाहनों की किसी न किसी से भिडंत हो जाती है। जब भिडंत हो जाती है तो करीब आधा घंटा तक लोगों के बीच झड़प भी होती है। यह प्रक्रिया सुबह से शाम तक दो चार बार होती रहती है। ऐसी ही झड़प गुरुवार को पुल के नीचे ट्रक चालक और ई रिक्शा चालक के बीच हुई। ई रिक्शा को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

### पेड़ से गिरकर किशोर की मौत

**फतेहपुर।** पेड़ पर चढ़ते समय किशोर नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकीकी मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर सही इलाज न करने का आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस ने बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराया है। खागा कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती के रहने वाले सुरेंद्र सोनकर का 13 वर्षीय बेटा रोशन सुबह गांव के बाहर खेलते समय पेड़ पर चढ़ते समय पैर फिसलने से नीचे गिर कर घायल हो गया। साथ खेल रहे बच्चों ने परिवार के लोगों को जानकारी दी। परिवार के लोगों ने घायल किशोर को जिला अस्पताल में भती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता ने डॉक्टर पर सही इलाज न करने का आरोप लगाया। बच्चे के मामा अमृत लाल ने आरोप लगाया कि उसका भांजा पेड से गिरकर घायल हो गया था। सिर और हाथ में चोट लगी थी। डॉक्टर ने पट्टी बांधकर एक्सरा व अन्य जांचें नहीं कराई, जिससे भांजे की मौत हो गई।

### खागा चौकी में नए प्रभारी की तैनाती

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने खागा थाने में तैनात उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश पाठक का स्थानांतरण खागा थाने से चौकी प्रभारी कस्बा खागा के लिए किया है।

# नलकूप खंड में दो बाबू दस साल से तैनात

**औंग।** सेक्शन मलवां और देवमई के सिंचाई कर्मियों का आरोप है कि नलकूप खण्ड फतेहपुर में दो बाबू दस वर्षों से तिकड़म व पहुंच के दम पर जमे हुए हैं। यह बाबू फर्जी सिंचाई के तरीके बताते हैं और सरकार से मिलने वाला बजट डकारने में सहयोग करते हैं।

प्रत्येक वर्ष मृत्युंजय सिंह और विभव को एक दूसरे पटल से इधर उधर करके अधिकारी अपने फायदे के लिए इन्हें बचाए हुए हैं। जबकि इन दोनों बाबुओं का यहीं पर गत वर्ष प्रमोशन हुआ था। प्रमोशन के बाद इनका गैर जनपद तबादला हो जाना चाहिए था लेकिन तिकड़म से यह डटे हुए हैं।

# गर्मी से झुलस रहा दोआबा, तापमान 44 डिग्री सेल्सियस

संवाददाता, फतेहपुर

- गर्मी ने फिर दिखाया रौद्र रूप सड़क पर सन्नाटा
- लोगों को याद आई नौतपा की भीषण गर्मी

**अमृत विचार।** एक बार फिर भीषण गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाया है। आसमान से मानो आग बरसी जिससे धरती भट्टी की तरह तपती रही। तापमान 44 डिग्री के पार चला गया। लोग भीषण गर्मी और धूप की तपिश से बेहाल हो गए। नौतपा के खत्म होने के बाद एक बार फिर से नौतपा जैसी धूप की तपिश और भीषण गर्मी का कहर देखने को मिला।

गुरूवार का दिन हाल फिलहाल सबसे गर्म दिन रहा और तापमान 44 डिग्री के पार चला गया। सुबह दस बजते ही मानो आसमान से आग बरसना शुरू हो गई। सूर्यदेव के ताप से धरती आग की भट्टी की तरह तपने लगी। भीषण गर्मी और धूप की तपिश के कारण सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। सूर्यदेव के ताप के आगे लोग घरों में कैद होने को मजबूर दिखाई दिए। बाजारों से लेकर मोहल्लों और शहर से लेकर देहात तक में भीषण गर्मी और धूप की तपिश का असर रहा। जरूरतमंद ही लोग सड़कों पर आते जाते दिखाई दिए। बाजारों में दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते रहे लेकिन इक्का दुक्का ही ग्राहक आते जाते दिखाई दिए। ग्रामीण इलाकों में भी सन्नाटा रहा। ग्रामीण घरों या फिर बागो में बैठे दिखाई दिए। बुजुर्ग ग्रामीण बताते हैं कि ऐसी भीषण गर्मी इससे पहले नहीं पड़ी है। अब तो भीषण गर्मी के कारण शरीर जवाब देने लगा है। मौसम जानकार बताते हैं कि गर्मी से फिलहाल राहत नहीं मिलेगी। आने वाले दिनों में और गर्मी बढ़ेगी। डॉक्टर पवन बाजपेयी का कहना है कि भीषण गर्मी और धूप की तपिश से बच्चों को खास तौर से बचाना बहुत जरूरी है। बच्चों को घरों से बाहर न निकले दें उनका खास ख्याल रखा जाए।



पानी की बोतल खरीदकर प्यास बुझाता राहगीर।

### गन्ना और बेल के रस से राहत

भीषण गर्मी में पेय पदार्थों की बिक्री में इजाफा हो गया है। इस समय गन्ने और बेल का जूस भीषण गर्मी से राहत दे रहा है। बाजारों में सबसे ज्यादा गन्ने, बेल और शिकंजी के ठेले सजे हैं। सबसे अधिक लोग गन्ने और बेल के जूस का सेवन कर रहे हैं। बताया जा रहा है गन्ने और बेल का जूस गर्मी में लाभकारी होता है। इसलिए लोग गन्ने और बेल का जूस अधिक पसंद कर रहे है।

### शर्बत, सत्तू का इस्तेमाल बढ़ा

भीषण गर्मी में भोजन अच्छा नही लग रहा है। लोगों की भीषण गर्मी के कारण भूख थक गई है। कोई दिक्कत न हो इसलिए लोग मसालेदार भारी भोजन करने से बच रहे है। ऐसे में शरबत और सत्तू आदि का इस्तेमाल बढ़ गया है। इस समय लोग चना, जौ, चावल के सत्तू का भरपूर इस्तेमाल कर रहे है। चावल के सत्तू का शर्बत बनाकर पिया जा रहा है तो चना, जौ के सत्तू घोलकर हरी मिर्च आदि से खाए जा रहे हैं।

**महंगाई** एक हफ्ते के भीतर सब्जियों के दामों में वृद्धि, प्याज में भारी उछाल

# गर्मी के साथ सब्जियों के बढ़े दाम से छूट रहा 'पसीना'

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जून शुरू होते ही हरी सब्जियों और आलू व प्याज के दामों में इजाफा होने से आम जनमानस की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। तमाम लोग तो अब सब्जियों के दाम सुनकर ही आगे बढ़ जाते हैं। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि यमुना नदी की सब्जी की बारी खत्म हो जाने और न के बराबर सब्जी की खेती रह जाने से दामों में उछाल है।

जून की शुरुआत में हरी सब्जियों के दाम लोगों की पहुंच में हुआ करते थे। लोगों को 20 रुपये प्रति किलो तरोई व लौकी, कद्दू एवं भिंडी मिल रही थी। शिमला मिर्च भी 60 रुपये प्रति किलो, कुंदरू व टमाटर 20 रुपये प्रति किलो के रेट पर आसानी से मुहैय्या हो रही थी। प्याज के दाम भी 20 से 25 रुपये प्रति किलो थे। जबकि कटहल 40 रुपये प्रति किलो तो हरी मिर्च 30 रुपये प्रति किलो के रेट पर बिक रही थी। मगर एक सप्ताह बीतते ही अचानक हरी सब्जियों के दाम दोगुने हो गए। प्याज 40 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया है। जिससे अब बाजार सब्जी लेने पहुंचने वाले हरी सब्जियों के दाम सुनकर आवाक रह जाते हैं। ज्यादातर लोग हल्की-फुल्की खरीदारी करके घरों का रुख कर लेते हैं। गृहणी आबू नगर निवासी रागिनी पटेल व नमृता श्रीवास्तव ने बताया कि एक सप्ताह पहले तक दो सौ रुपये में पर्याप्त सब्जी मिल जाती थी।

मगर अब हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से दो सौ रुपये में चार वक्त की सब्जी मिलना मुश्किल हो गया है। जिससे उनकी रसोई का बजट गड़बड़ाने लगा है। अब सब्जी छोड़कर दाल, बेसन आदि से काम चलाना पड़ रहा है। वहीं सब्जी विक्रेता अतुल गुप्ता ने बताया कि मई के अंत तक यमुना किनारे से सब्जी की बारियों से सब्जी आ रही थी। जिसके चलते सब्जी के दाम कम थे। मगर यमुना नदी की सब्जी की खेती उजड़ने से हरी सब्जियों के दाम दो गुने से अधिक हो गए है।



सब्जी की दुकान में छाया सन्नाटा। अमृत विचार

### एक सप्ताह पूर्व दाम (रुपये प्रति किग्रा)

प्याज 25, लहसुन 80, टमाटर 20, बैंगन 30, लौकी 20, तरोई 20, भिंडी 30, कद्दू 20, करेला 10, पालक 30, शिमला मिर्च 60, कटहल 40, परवल 60, कुंदरू 30, हरी मिर्च 40, हरी धनिया 200, गाजर 60, घुंइया 40, मूली 40, नींबू 100 रुपये।

### वर्तमान में दाम (रुपये प्रति किग्रा)

टमाटर 40, प्याज 40, लहसुन 140, बैंगन 40, कद्दू 40, लौकी 50, तरोई 40, मिर्च 60, कटहल 60, परवल 80, भिंडी 40, करेला 20, मूली 40, गाजर 40-80, पालक20-40, धनिया 80 से 250, शिमला मिर्च 120 रुपये।

### मांग के साथ जमाखोरी बढ़ी

सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि गर्मी के चलते सब्जी की खपत बढ़ गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से सब्जी भी कम आ रही है। प्याज के दाम बढ़ने से मुनाफाखोरों ने स्टाक करना शुरू कर दिया है। सब्जी विक्रेता अतुल गुप्ता ने बताया कि मंडी में सब्जी कम पहुंचने से दाम लगातार बढ़ रहे हैं। मुनाफाखोर सब्जी में प्याज, आलू और लहसुन को डंप कर रहे हैं। मंहगाई के चलते ब्रिकी कम हो रही है।

# शार्ट सर्किट से गुमटी में लगी आग

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के विजयीपुर चौराहे के समीप बुधवार की देर रात करीब दस बजे शार्ट सर्किट से एक गुमटी में भीषण आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा सारा सामान जल गया। काफी देर बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

बताया जा रहा है कि गोदौरा गांव निवासी छोटू विजयीपुर चौराहे के समीप रखी एक गुमटी में चाय समोसा व पूडी सब्जी बनाने का काम करता था। जिससे उसके परिवार का खर्च चलता था। बुधवार की देर शाम वह गुमटी को बंद कर घर चला गया। उसी दौरान करीब दस बजे रात में अचानक शार्ट सर्किट होने से दुकान में आग लग गई। थोड़ी देर बाद देखते ही देखते दुकान आग का गोला बनकर धू धूकर जलने लगी। मौके पर इकट्ठा लोगों ने आग को बुझाने का हर संभव प्रयास किया। करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### बाइक की सीधी टक्कर से युवक का टूट गया पैर

**संदलपुर।** जगन्नाथपुर-अलियापुर मार्ग के सामने पैदल आ रहे भोगनीपुर क्षेत्र के चौकी गांव निवासी बृजेंद्र सिंह (27) को बाइक सवार अरविंद निवासी ततुवापुर थाना मंगलपुर ने टक्कर मार दी जिससे युवक के पैर में फ्रैक्चर हो गया। सिकंदरा सीएचसी से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से युवक को कानपुर हैलट भेज दिया गया। घायल के पिता ने तहरीर दी है।

### जहरीला कीड़ा काटने से युवक की हालत गंभीर

**पुखरायां।** कस्बा के कृष्णा नगर मंडी के अजय कुमार ने बताया कि उनका बेटा प्रियांशु (17) घर में नाली की सफाई कर रहा था, तभी हाथ में जहरीले कीड़े के काट लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉ. गोविंद प्रसाद ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### आरपीएफ ने मारा छापा, खाना फेंककर भागे वेंडर

**कानपुर।** भीषण गर्मी में यात्रियों को मिलने वाले खानपान की जांच करने के लिए गुरुवार को आरपीएफ ने ट्रेनों में छापा मारा। दोपहर में करीब दो दर्जन आरपीएफ कर्मियों ने प्लेटफार्मों पर कई ट्रेनों में चेकिंग की। टीम को देखकर कई अवैध वेंडर खाना व नाश्ता फेंककर भाग निकले, जबकि सीमांचल एक्सप्रेस में चार अवैध वेंडर आरपीएफ के हत्थे चढ़ गए।



करीमनगर में युवक की मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



सिकंदरा सीओ शिव ठाकुर ने घटनास्थल पर छानबीन की। अमृत विचार

# लाठी-डंडे के साथ राड से युवक पर हमला, मौत

## सिकंदरा क्षेत्र के करीमनगर का मामला, तीन लोग हिरासत में

संवाददाता सिकंदरा/राजपुर

- पोस्टमार्टम में मौत की वजह हेड इंजरी बताई गई
- डायल 112 पर सूचना के बाद पहुंची थी पुलिस

**अमृत विचार।** करीमनगर गांव में विवाद के बाद एक युवक को पड़ोसियों ने राड से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। डायल 112 पुलिस घायल को सीएचसी ले गई, जहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पोस्टमार्टम में युवक के शरीर में चोटों के निशान और मौत का कारण हेड इंजरी बताई गई है।



देव सिंह।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के करीमनगर के रहने वाले श्रीराम ने बताया कि बुधवार की देर शाम उनका बेटा देव सिंह उर्फ चंदू (30) घर के बाहर बैठा था, तभी पड़ोस के रहने वाले सत्यनारायण, प्रेमपाल व राधेश्याम गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने घर की महिलाओं और परिजनों को बुला लिया। सभी ने एक राय होकर लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से देव सिंह पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस के पहुंचने पर हमलावर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने घायल को सिकंदरा सीएचसी में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत होने पर उसे जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया। वहां गुरुवार को इलाज के दौरान देव सिंह ने दम तोड़ दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

पिता श्रीराम ने बताया कि आरोपी करीब एक साल पहले उन सभी को फर्जी मुकदमे में फंसा चुके हैं। युवक तीन भाईयों कोमल, यशवंत में सबसे छोटा था। जानकारी पर पहुंचे सिकंदरा सीओ शिव ठाकुर ने मौके पर छानबीन की। उन्होंने गांव वालों से विवाद की वजह जानने की कोशिश की।

### प्रेम प्रसंग को लेकर हमले की चर्चा

घटना के बाद लोगों में प्रेम प्रसंग को लेकर मारपीट की चर्चा रही। इस मामले में सिकंदरा थानाध्यक्ष महेश कुमार का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# नाले के पास मिला युवक का सड़ा शव, हत्या किए जाने की आशंका

संवाददाता, मंगलपुर



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

- युवक के गले और चेहरे पर मिले चोट के निशान, खून के धब्बे भी दिखे
- चौकीदार की सूचना पर पुलिस ने की जांच, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के लौआ की मड़ैया गांव के सामने नहर पटरी के किनारे नाले के पास से एक युवक का शव पड़ा मिला। उसके गले और चेहरे पर चोट के निशान मिले, जिनसे खून बहा था। शव आधा सड़ चुका था। चौकीदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

गुरुवार को लौआ की मड़ैया गांव के सामने नहर पटरी किनारे नाले के पास करीब 25 वर्षीय युवक का शव मिला। युवक काला लोवर और नीली जांघिया पहने हुए था। शव पड़े होने की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने उसकी पहचान करने का प्रयास भी किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। चौकीदार ने शव पड़े होने की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच-पड़ताल की और साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

लोगों में युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की चर्चा रही। लोगों का कहना था कि युवक बाहरी प्रतीत हो रहा है। युवक की लाश आधी सड़ चुकी है। शव के पास से पुट्टी करने वाली लोहे की दो पत्ती बरामद हुई हैं और कुछ ही दूरी पर एक रंगीन शर्ट व एक जोड़ी चप्पल बरामद हुईं। युवक की जेब से दो पान मसाला (गुटखा) के पाउच और एक माचिस बरामद हुई। झींझक चौकी इंचार्ज अनुज अवस्थी ने कहा कि शव आधा सड़ चुका है। घटना करीब चार दिन पुरानी लग रही है।

### युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त

नाले के पास युवक की लाश बरामद होने के बाद पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने के काफी प्रयास किए, लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। झींझक चौकी इंचार्ज अनुज अवस्थी का कहना है कि शिनाख्त कराने के मकसद से शव को मर्च्युरी में रखवा दिया गया है। 72 घंटे इंतजार किया जाएगा। अगर इस बीच शिनाख्त नहीं होती तो उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए 15 से आवेदन

**ऑनलाइन सुविधा**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- दो-दो श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन करेगी जिला चयन समिति
- प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन किए जा सकेंगे आवेदन

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जून से शुरू होंगे। विभाग ने इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग के अनुसार राज्य अध्यापक पुरस्कार 2023 के लिए बेसिक के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल में कार्यरत शिक्षकों के चयन के लिए प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन होंगे।

जिले की जिला चयन समिति दो-दो श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन करेगी। फिर राज्य स्तरीय चयन समिति इसमें से एक सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को पुरस्कार के लिए चयनित करेगी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से विस्तृत गाइडलाइन जारी कर दी गई है। हर शिक्षक का मूल्यांकन सौ अंकों में किया जाएगा। आवेदन करने वाले शिक्षकों का सत्यापन व मूल्यांकन कर दो-दो शिक्षकों को प्रत्येक जिले में चयनित करने की प्रक्रिया 15 जुलाई से लेकर 25 जुलाई तक चलेगी फिर 26 जुलाई से लेकर 10 अगस्त तक राज्य स्तरीय चयन समिति इसमें से एक-एक सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को पुरस्कार के लिए चयनित करेगी।

ऐसे नियमित शिक्षक जिन्होंने कम से कम 15 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो वह आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए शिक्षक की सेवानिवृत्त होने की अवधि पांच वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। वह शिक्षक पात्र नहीं होंगे, जिनके यहां छात्र नामांकन प्राथमिक में 150 से कम, उच्च प्राथमिक में 105 से कम और कंपोजिट विद्यालय में 255 से कम होगा। संविदा शिक्षक व शिक्षामित्र इसके लिए अर्ह नहीं हैं। ऐसे शिक्षक जो पहले राज्य या राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। वह भी आवेदन नहीं कर सकेंगे। आवेदन करने वाले शिक्षकों के वर्तमान विद्यालय व पूर्व विद्यालय में पिछले 15 वर्षों में क्या छात्र संख्या रही है, इसे भी देखा जाएगा। शिक्षक की स्थानीय छवि अच्छी होनी चाहिए और उसकी सेवा उत्कृष्ट श्रेणी की होनी चाहिए। जनपद स्तर पर चयन समिति जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य और राज्य चयन समिति महानिदेशक स्कूल शिक्षा की अध्यक्षता में गठित होगी। कुल सौ अंकों में मूल्यांकन होगा। 40 अंक वस्तुनिष्ठ मानकों के, 40 अंक प्रदर्शन आधारित मानकों के और 20 अंक प्रस्ततीकरण के होंगे।

### इन मानकों की कसौटी पर कसे जाएंगे शिक्षक

15 वर्षों में छात्र संख्या में बढ़ोतरी हुई है तो 10 अंक मिलेंगे। तीन वर्षों में नामांकन में कमी लेकिन प्रथम मूल्यांकन वर्ष से वृद्धि पर पांच अंक। शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित हो रहा है तो पांच अंक, कक्षा में छात्रों की उपस्थिति 90 प्रतिशत से अधिक होने पर 10 अंक। 80 प्रतिशत होने पर पांच व 75 प्रतिशत होने पर तीन अंक। दीक्षा पोर्टल पर मिले प्रशिक्षण का 90 प्रतिशत से ऊपर उपयोग कक्षा में करने पर 10 अंक, 80 प्रतिशत करने पर पांच और 50 प्रतिशत करने पर तीन अंक मिलेंगे। कक्षा में 50 प्रतिशत से ज्यादा छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाते हैं तो पांच अंक, अगर 50 प्रतिशत से अधिक छात्र 80 प्रतिशत अंक पाते हैं तो तीन अंक और 70 प्रतिशत तक पाने पर दो अंक मिलेंगे। अभिनव प्रयोगों, निपुण भारत लक्ष्य, खेल में छात्रों के अच्छे प्रदर्शन पर 5 अंक मिलेंगे। शत प्रतिशत पाठ्यक्रम पूरा पढ़ाने पर पांच अंक मिलेंगे।

# आग से चार घरों की गृहस्थी जलकर राख

संवाददाता, मंगलपुर

- दमकल जवानों ने आग पर पाया काबू, लोगों में मची रही अफरा-तफरी

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के छतरसा गांव स्थित घर में आग लगने से हड़कंप मच गया। लपटों ने पास के तीन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया, लेकिन तक तक चारो घरों की गृहस्थी का सामान, बाइक व नगदी जलकर राख हो गई।

छतरसा गांव निवासी अरविंद की पत्नी रिश्तेदारी में गई है। गुरुवार सुबह अरविंद चूल्हे पर खाना बनाने के बाद खेतों पर गया था। इसी दौरान घर में अचानक आग लग गई। जिसके विकराल रूप लेने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पुलिस व दमकल को सूचना देकर आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवाओं के चलते आग ने एक के बाद एक तीन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

तब तक अरविंद के घर में रखा गृहस्थी का सामान व पांच हजार रुपये जल गए। इसी तरह आग से पड़ोसी सुनील की बाइक, दस हजार रुपये व सामान, रामपाल व विद्या देवी के घर में रखा अनाज, गृहस्थी का सामान, कपड़े आदि जल गए। सूचना पर पहुंचे लेखपाल विवेक कुमार ने नुकसान का आंकलन किया है। उन्होंने बताया कि आकलन रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जा रही है।

## सार-संक्षेप



गुरुवार को रोजगार मेले में प्रतिभाग करते अभ्यर्थी। अमृत विचार

### मेले में 51 अभ्यर्थी रोजगार के लिए चयनित

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा मंगलम आईटीआई परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की कंसाई नेरोलक, एएस वर्ल्ड ग्रुप, टेम प्लस एचआर सर्विस, वी फाइव ग्लोबल सर्विस व एसबीआई लाइफ एंश्योरेंस कंपनी ने प्रतिभाग किया। मेले में करीब 180 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिसमें 51 अभ्यर्थियो का प्राइवेट कंपनियों द्वारा प्राथमिक चयन किया गया। इस मौके पर जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशि तिवारी, प्रधानाचार्य मंगलम आईटीआई अभिषेक कनौजिया आदि उपस्थित रहे।



मतदाता धन्यवाद यात्रा में शामिल कांग्रेस व सपा जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ता।

### कांग्रेस-सपा ने निकाली मतदाता आभार यात्रा

**कानपुर देहात।** कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में सिकंदरा विधानसभा में मतदाता धन्यवाद आभार यात्रा निकाली गई। इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार व सपा जिलाध्यक्ष अरूण यादव ने यात्रा में शामिल होकर महढौली, सिकंदरा, राजपुर, रसधान, मुंगीसापुर, डेरापुर, संदलपुर समेत अन्य स्थानों पर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सपा पूर्व जिलाध्यक्ष सपा वीरसेन यादव, पवन कटियार, सगीर अहमद, रोहित कटियार, गुड्डू फौजी, अनिल कटियार, सुरेंद्र कटियार, खुशी प्रसाद कुशवाहा, हिम्मत यादव, राकेश दोहरे, तारिक निजामी, मनोज यादव, देवेंद्र पांडेय, धर्मेंद्र दिवाकर समेत दोनों दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।




रूरा-बनीपारा रोड पर आम के पेड़ों की कटी पड़ी टहनियां।

### रूरा-बनीपारा मार्ग के किनारे हुई पेड़ों की कटान

**रूरा।** पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार हर वर्ष करोड़ों पौधे वन विभाग की मदद से लगवाती है। इस मुहिम के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूल व कालेजों में रैलियों का आयोजन कर लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया जाता है। बावजूद इसके सड़कों के किनारे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर वन विभाग रोक नहीं लगा पा रहा है। रूरा-बनीपारा मुख्य मार्ग के दोनों किनारों पर वन विभाग की ओर से लगाए गए पेड़ों की मनमाने तरीके से कटाई लगातार जारी है और विभागीय अधिकारियों को इसकी खबर तक नहीं हैं। लकड़ी की चोरी करने वाले चालाकी से पेड़ों को जड़ों से ही काटकर ले जाते हैं। बीते तीन दिनों में एक दर्जन से अधिक पेड़ों काटा जा चुका है। इस बावत डीएफओ एके द्विवेदी के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

### रुक्मिणी का हरण कर श्रीकृष्ण ने किया विवाह



कथा सुनाते आचार्य।

**कानपुर देहात।** मुंगीसापुर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मिणी के विवाह की कथा सुनाई गई। कथावाचक गणेश प्रसाद दुबे ने बताया कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रुक्मिणी का जन्म हुआ। बाल अवस्था से वह भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से पति के रूप में चाहती थी, लेकिन उसका भाई रुक्मी गोपल राजा शिशुपाल के साथ विवाह कराना चाहता था। रुक्मिणी ने अपने भाई की इच्छा जानी तो उसे बड़ा दुख हुआ। शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता-जाता था। रुक्मिणी ने उस ब्राह्मण से कहा कि वे श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हैं। सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा पत्र तुम श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। कथावाचक ने बताया कि रुक्मिणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए उपाय भी बताया। पत्र में रुक्मिणी ने बताया कि वह प्रतिदिन पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती हैं। श्रीकृष्ण आकर उन्हें यहां से ले जाएं। रुक्मिणी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि वह इस दासी को स्वीकार नहीं करेंगे, तो हजारों जन्म लेती रहेंगी। पार्वती के पूजन के लिए जब रुक्मिणी आई। उसी समय प्रभु श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर ले गए। रुक्मिणी के पिता ने रीति रिवाज के साथ दोनों का विवाह कर दिया।

# अस्पताल संचालक के बेटे की करंट से मौत

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अस्पताल के बाहर ग्लोसाइन बोर्ड लगाते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली के पास एक निजी अस्पताल में ग्लोसाइन बोर्ड लगाते समय एचटी लाइन की चपेट में आने से अस्पताल संचालक के बेटे की करंट से मौत हो गई, जबकि बचाने में तीन लोग झुलस गए। मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

अकबरपुर कस्बे के गांधीनगर निवासी सलमान खान उर्फ पप्पू का अकबरपुर कोतवाली के पास कानपुर-इटावा हाईवे पर अस्पताल है। बुधवार की देर शाम सलमान का पुत्र शाहरुख उर्फ बॉबी (25) अस्पताल के तीन लोगों के साथ ग्लोसाइन बोर्ड लगवा रहा था। शाहरुख अस्पताल के बाहरी हिस्से में चढ़कर बोर्ड पकड़कर सीधा कर रहा था। इसी दौरान पास से गुजरी एचटी लाइन में ग्लोसाइन बोर्ड छू गया, जिससे बोर्ड में करंट दौड़ आया और शाहरुख उसमें चिपक गया।अस्पताल कर्मियों ने उसे किसी तरह अलग किया और निजी हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मोबाइल और बाइक लेकर युवक फरार

**रूरा।** कस्बे में दुर्गा मंदिर के सामने एक रेस्टोरेंट में एक दिन पहले ही काम करने आया एक युवक कर्मचारियों व बिल्डिंग मालिक की बाइक लेकर फरार हो गया।

रेस्टोरेंट संचालक शानू कटियार ने बताया कि बुधवार को एक युवक काम मांगने रेस्टोरेंट पर आया था। उससे आईडी प्रूफ मांगा तो उसने कहा कि कल फोन पर आधार कार्ड मंगवा लेंगे। इसके बाद बुधवार की रात कर्मचारियों व संचालक सहित चार मोबाइल फोन चोरी कर लिया और बिल्डिंग के बाहर खड़ी मालिक की बाइक भी चोरी कर ले गया। संचालक ने बताया कि युवक ने अपना नाम शिव शर्मा निवासी मुरादाबाद बताया था।

# लोडर की टक्कर से युवक की गई जान

- सिकंदरा कस्बे में हुआ हादसा दो साथी भी गंभीर घायल

**सिकंदरा।** बुधवार रात कस्बा में तीन लोग बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, तभी सामने से आए तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सीएछसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां देर रात एक युवक की मौत हो गई।

क्षेत्र के मिरगांव निवासी अंकित कटियार उर्फ डिंपल (36) कस्बे के मालवीय नगर निवासी अपने साथी उत्पल कटियार, अभिषेक कुमार कटियार के साथ बाइक से पटेल चौक चौराहे की तरफ आ रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ़्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा, जहां ईएमओ ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। देर रात अंकित कटियार की मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। एसओ महेश कुमार ने बताया कि लोडर चालक की तलाश की जा रही। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज होगी।

## दुष्कर्म का आरोपी पुलिस हिरासत में

**राजपुर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने नाबालिग पुत्री के साथ तमंचे के बल पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

गुरुवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को वह पत्नी के साथ रिश्तेदारी में शादी में गया था। उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी, तभी पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर बेटी के मुंह में कपड़ा बांधकर तमंचे दिखा दुष्कर्म किया। बेटी बेहोश हो गई। होश में आने पर युवक ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। एसओ प्रभात कुमार ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

**सतर्कता जरूरी** — बैठक में बकरीद को लेकर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दिए गए निर्देश

# सार्वजनिक स्थान पर नहीं होगी कुर्बानी : डीएम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात




अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

**अमृत विचार।** कोई भी नई परंपरा स्थापित नहीं की जाएगी। पहले से जो परंपरा चली आ रही है, उसी के अनुरूप त्योहार मनाया जाएगा। कुर्बानी से संबंधित कोई भी गतिविधि खुले व सार्वजनिक स्थान में नहीं होगी। यह निर्देश गुरुवार को डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में बकरीद त्योहार को लेकर शांति एवं कानून व्यवस्था की बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद कचरे का निस्तारण निर्धारित स्थान पर कराया जाए। कोई भी कार्यक्रम व जुलूस सड़क और मुख्य मार्ग पर नहीं किया जाएगा। डीएम ने अधिशाषी अधिकारी नगरीय निकाय, डीपीआरओ, अधिशासी अभियंता जल निगम को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल व अन्य व्यवस्थाएं दुरस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं को दुरस्त रखें। अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए निर्देशित किया गया। कहा कि बेवजह कटौती न की जाए।

इसके अतिरिक्त डीएम ने पुलिस अधिकारियों को कानून व्यवस्था के संबंध में विभिन्न दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया व शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए। डीएम ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके त्योहार मनाने की अपील की। बैठक में एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एएसपी राजेश पांडेय, एसडीएम, सीओ समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीस कमेटी की बैठक में शांति रखने की अपील

**रूरा।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर रखते हुए थाने में गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन तहसीलदार अकबरपुर पवन कुमार की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि बकरीद त्योहार के दृष्टिगत क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जाए। जिससे त्योहारों पर कहीं विवाद न हो सके। उन्होंने सभी लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह, चौकी इंचार्ज राकेश सिंह, अंशु अग्निहोत्री, राजू राईन, अमजद, रमजानी, फिरोज खान, अयूब खान आदि लोग मौजूद रहे।

# दुकान निर्माण व अनुदान को दिव्यांग करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- चार प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से मिलेगा ऋण

**अमृत विचार।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन पुनर्वासन के लिए दुकान निर्माण व दुकान संचालन योजना के अंतर्गत पात्र आवेदकों से आवेदन मांगे गए हैं। जिसमे दुकान अनुदान के रूप में बीस हजार रुपसे, व खोखा, गुमटी, हाथ ठेला क्रय के लिए दस हजार रुपये का ऋण चार प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से देने का प्राविधान है।

उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने वाले दिव्यांग जो 40 प्रतिशत या इससे अधिक की दिव्यांगता से प्रभावित हों एवं प्रदेश के मूल निवासी होना चाहिए। उनकी वार्षिक आय समय-समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो। आवेदक की आयु न्यूनतम आयु 18 वर्ष या उससे अधिक, लेकिन 60 वर्ष से अधिक न हो। साथ ही किसी आपराधिक या आर्थिक मामलों में सजा न पाए हों तथा जिनके विरूद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो।

दुकान निर्माण योजना अंतर्गत ऐसे दिव्यांगजन जिनकी स्वयं की 110 वर्ग फीट भूमि हो या अपने संस्त्रोतों से उक्त क्षेत्रफल की भूमि खरीदने में समर्थ हों। दिव्यांग पुनर्वासन को दुकान निर्माण व संचालन के लिए वांछित अभिलेखों सहित आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

## एक नजर

### चोर दरवाजे से दरें बढ़ाने की कोशिश कर रहा कॉरपोरेशन

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पावर कॉरपोरेशन 'चोर दरवाजे' से दरें बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, पर किसी तरह दरों में बढ़ोतरी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के पक्ष में निकल रहे 33,122 करोड़ के एवज में अगले पांच सालों तक बिजली दरों में आठ प्रतिशत की कमी किए जाने व नोएडा पावर कंपनी के मामले में अगले दो सालों तक 10 प्रतिशत की कमी की मांग की।

# बिजली दरों पर पावर कॉरपोरेशन ने आयोग में पेश नहीं किया प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कहा, दरों पर आयोग स्वयं ले निर्णय

**अमृत विचार** : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर इस बार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में उपभोक्ता श्रेणीवार विस्तृत प्रस्ताव पेश नहीं किया। कॉरपोरेशन ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता का उल्लेख करते हुए आयोग से स्वतः दरों के निर्धारण की मांग की है।

आयोग के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन समेत प्रदेश की बिजली कंपनियों ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता से संबंधित आंकडे समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये, पर बिजली दरों में न तो बढोतरी का और न ही कमी का कोई उल्लेख किया गया। बिजली कंपनियों ने आयोग में प्रस्ताव दाखिल कर बिजली लागत व खर्च के बीच अंतर को देखते हुए बिजली दर पर स्वतः उचित फैसला लेने की मांग की।

यह पहला मौका है कि जब आयोग के निर्देश के बाद भी कॉरपोरेशन ने उपभोक्ता श्रेणीवार प्रस्ताव पेश नहीं किया। हर साल कॉरपोरेशन अपने विस्तृत प्रस्ताव में घरेलू, वाणिज्यिक, उद्योग समेत विभिन्न श्रेणी की नई बिजली दरों का प्रस्ताव पेश करता रहा है। साथ ही, कॉरपोरेशन की ओर से बिजली दरों में बढ़ोतरी की मांग की जाती रही है। हालांकि, उपभोक्ताओं के विरोध के कारण दरें नहीं बढ़ सकी हैं।

# खुर्जा व बुलंदशहर को मिलाकर गठित होगा नया प्राधिकरण

## मुख्यमंत्री ने कहा, सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना आवश्यक, तैयार करें कार्ययोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सरकारी आवास पर आवास विभाग की लंबित महायोजनाओं के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी।

▸▸ खुर्जा, बुलंदशहर व मुरादाबाद के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने किया महायोजना पर विचार

**अमृत विचार** : खुर्जा और बुलंदशहर विकास प्राधिकरणों को मिलाकर नया प्राधिकरण गठित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सरकारी आवास पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में खुर्जा, बुलंदशहर व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों की जीआईएस आधारित महायोजना-2031 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया और सुनियोजित विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुर्जा और बुलंदशहर दो अलग-अलग विकास प्राधिकरण के रूप में गठित हैं, जबकि दोनों ही विकास प्राधिकारणों में आर्थिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरूपता है। पूरा क्षेत्र एक ही जिले बुलंदशहर के अंतर्गत आता है। विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को बनाने व उनके सुगम क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि दोनों प्राधिकरणों को मिलाकर एक बड़े विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना जरूरी है, इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। सीमा विस्तार में शामिल नए गांवों को महायोजना में आबादी के रूप में ही दर्ज करें, ग्रीन बेल्ट के रूप में दर्ज न किया जाय। नदियों, पोखरों व अन्य जलाशयों पर अतिक्रमण न होने दिया जाय। लखनऊ की कुकरैल नदी की तर्ज पर कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि महायोजना में मेडिसिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी, कन्वेशन सेंटर आदि के लिए स्पष्ट क्षेत्र चिन्हित किये जायं। जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी लाएं व नक्शा पास कराने जैसी सामान्य कार्यों में अनावश्यक विलम्ब न हो।

### सिरेमिक हाट का निर्माण कराएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुर्जा का सिरेमिक उद्योग देश-विदेश में विशेष पहचान रखता है। वर्ष 2021 में 23 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के सिरेमिक उत्पाद निर्यात किए गए। इस सेक्टर में अभी बहुत संभावना है। आवश्यकता है कि इससे जुड़े उद्यमियों, शिल्पियों की अपेक्षाओं के अनुसार सुविधाओं का विस्तार किया जाए। उन्हें मार्केट उपलब्ध कराएं। सिरेमिक हाट का निर्माण कराएं।

# फिर टूटा रिकॉर्ड, बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट के पार

## ओबरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा, अन्य स्रोतों से पूरी की गई मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। गुरुवार को बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। भीषण गर्मी को देखते हुए मांग के 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच, ओबरा बिजलीघर की दो इकाइयां ठप हो गईं। इससे उत्पादन इकाइयों में बिजली संकट बढ़ गया और एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली की मांग पूरी की गई।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, ओबरा की 660 मेगावाट व 200 मेगावाट की एक-एक इकाई ठप हो गई, जबकि पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की बंद चल रही इकाई चालू नहीं हो सकी। ओबरा की 200 मेगावाट की इकाई के गुरुवार की देर रात तक व बाकी इकाइयों के 14 जून तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।



▸▸ 30 हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली आपूर्ति देने वाला पहला राज्य बना प्रदेश

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश देश का पहला राज्य है। जिसने 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति करने का रिकॉर्ड बनाया। गुरुवार को अधिकतम मांग 30,240 मेगावाट दर्ज हुई। कॉरपोरेशन ने अधिकतम बिजली खपत 653.526 मिलियन यूनिट का नया रिकॉर्ड बनाया।

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा है कि प्रदेश में पहली बार गर्मी में उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण बिजली मांग प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बिजली कर्मियों की कर्मठता से आपूर्ति के रिकॉर्ड भी बन रहे हैं। सभी कार्मिक इस चुनौती पूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। उपभोक्ताओं के फोन उठाएं, क्षेत्र में 'पेट्रोलिंग' करें, साथ ही, टोल फ्री नंबर 1912 पर आने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करें।

### संकट केवल स्थानीय खराबी से

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि सिस्टम की क्षमता के कारण कहीं भी बिजली कटौती नहीं हो रही है। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति के बाधित होने की स्थिति में बिजली कर्मी कम से कम समय में उसे ठीक कर आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रयासरत हैं।

### कुछ समय का कीर्तिमान, बाकी समय बदहाली

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन बिजली आपूर्ति का रोज नया रिकॉर्ड बना रहा है, पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को बिजली संकट की वजह से गर्मी में पसीना बहाते बीत रहा है। उन्होंने कहा कि बीती रात 10 बजे से रात 11 बजे के बीच केवल 35 मिनट के लिए 30 हजार मेगावाट के ऊपर बिजली की अधिकतम मांग रही। उन्होंने कहा कि 'ब्रेकडाउन' को जोड़ लिया जाए तो बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट के ऊपर जा रही है। उन्होंने स्थानीय खराबी के कारण उत्पन्न बिजली संकट दूर कर लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया कराने की मांग की।

**संभल के अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि** : पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने बिजली आपूर्ति में उदासीनता बरते जाने पर मुरादाबाद जोन के संभल में तैनात अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए हैं। मुरादाबाद जोन की समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने बिलिंग व राजस्व वसूली के कार्यों की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया।

# डीएसपी और महिला डॉक्टर विवाद प्रकरण की जांच शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ** : बस्ती में महिला मित्र विवाद में फंसे डिप्टी एसपी के प्रकरण को लेकर जांच शुरू हो गई है। महिला मित्र की ओर से दर्ज करायी गयी एफआईआर की जांच के लिए सभी पक्षों को बयान के लिए नोटिस जारी किया गया है।

बता दें कि डिप्टी एसपी विनय सिंह चौहान व उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ जयपुर की एक महिला डॉक्टर ने मारपीट का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करायी। आरोप है कि वह विनय सिंह चौहान से पांच वर्षों से जुड़ी हुई हैं। वह विनय से मिलने के लिए बस्ती उनके सरकारी आवास पर पहुंची थीं। इस दौरान अचानक विनय की पत्नी और बेटी आवास पर पहुंच गईं और उसे लाठी डंडों से पीटा, जिससे वह घायल हो गई। मारपीट में विनय ने भी पत्नी और बेटी की मदद की थी। महिला थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। अब मामले की जांच शुरू हो गई है। सभी पक्षों को बयान देने के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उन महिला कांस्टेबल को भी बयान लेने के लिए बुलाया गया, जिसने महिला डॉक्टर को गिरफ्तार किया था। साथ में महिला डॉक्टर को भी नोटिस भेजा गया है।

# कोऑपरेटिव सेल के विलय से सीबीसीआईडी का बढ़ा कद

डीपी शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचार** : शासन के निर्देश पर पिछले वर्ष नवंबर माह में कोऑपरेटिव सेल का विलय सीबीसीआईडी में हो गया। इससे इसकी साख व धाक में वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं, योगी सरकार ने पुलिस विभाग की प्रमुख जांच एजेंसी आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा ईओडब्ल्यू से करीब 260 मामलों की विवेचना सीबीसीआईडी को स्थानांतरित की है।

दो जोनल अफसरों की देख-रेख में प्रदेश में कुल नौ खंड बनाए गए हैं, जिसमें मेरठ, आगरा, बरेली, लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, कानपुर नगर, वाराणसी व जौनपुर शामिल है। यहां प्रत्येक खंड में खंडाधिकारी नियुक्त हैं।



सीबीसीआईडी में कुल 350 मामले विवेचना के लिए लंबित हैं। सभी विवेचकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह स्वतंत्र होकर गुणवत्तापरक, निष्पक्ष और समय रहते विवेचना कर मामलों का निस्तारण करें।

–एसएन साबत, पुलिस महानिदेशक, सीबीसीआईडी

सीबीसीआईडी में तैनात एडीजी के. सत्यनारायण और आईजी राजेश डी. मोदक की देख-रेख में मामलों की विवेचना होती है। कोऑपरेटिव सेल से सीबीसीआर्डडी में इस वर्ष कुल 40 मामलों की विवेचना की जा रही है। वर्तमान में 350 मामले विवेचनाधीन हैं। एक अधिकारी का कहना है कि हर विवेचक को समय रहते हुए निष्पक्ष विवेचना करने के निर्देश है।

सूत्रों के अनुसार, 14 बार विवेचना बदले जाने वाले गोंडा के चर्चित मामले की विवेचना लखनऊ खंडाधिकारी के पर्यवेक्षण में हो रही है, जबकि एक एएसपी पर लगे शारीरिक शोषण की विवेचना कानपुर के खंडाधिकारी को सौंपी गयी है। इसी तरह आगरा के चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड की भी विवेचना करने की जिम्मेदारी सीबीसीआईडी को मिली है।

### प्रमुख विवेचनाधीन मामले

- ▸▸ लखनऊ के एएसपी पर लगा शोषण का आरोप
- ▸▸ गोंडा के तरबगंज का चर्चित दलित हत्याकांड
- ▸▸ आगरा का चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड

# शून्य सीट पर सिमटी बसपा को गिरते वोट प्रतिशत की चिंता

## संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी, कई पदाधिकारियों पर गिर सकती है गाज

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव में शून्य पर सिमटी बसपा को गिरते मत प्रतिशत ने चिंता में डाल दिया है। पिछले महीने हुए लोकसभा चुनाव में मिले मतों का आंकड़ा बता रहा है कि बसपा का कोर वोटर भी उससे छटककर इंडी गठबंधन के पाले में चला गया।

करारी हार और गिरते वोट प्रतिशत पर पार्टी में समीक्षा का दौर जारी है, संगठन के पदाधिकारी कारण गिना रहें हैं। सूत्रों का कहना है इस मुद्दे पर मायावती बहुत गंभीर हैं और संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी चल रही है। 23 जून के बाद कई पदाधिकारियों पर गाज गिर सकती है, पार्टी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

### फैक्ट फाइल



- ▸▸ बसपा को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे 2014 के लोकसभा चुनाव में
- ▸▸ 19.43 प्रतिशत वोट मिले थे 2019 के लोकसभा चुनाव में
- ▸▸ 9.43 प्रतिशत मत मिले 2024 के लोकसभा चुनाव में

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भी बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी, हालांकि तब पार्टी को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा। तब वोट प्रतिशत तो गिरा लेकिन, सीटों की संख्या शून्य से 10 पहुंच गई। 2019 में बसपा को 19.43 प्रतिशत वोट मिले थे। तब पार्टी में घटे मत प्रतिशत पर चर्चा नहीं हुई थी।

गठबंधन के दौर में बसपा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अकेले उतरी। लेकिन, 18वीं लोकसभा चुनाव में उसे केवल 9.43 प्रतिशत मत ही मिले। सीट तो एक भी नहीं मिल पाई। मतों में करीब 10.04 फीसदी की कमी बसपा प्रमुख मायावती के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इसके लिए आंतरिक रूप से मंडलवार, विधानसभा क्षेत्रवार और ब्लॉक स्तर पर कोर मतदाताओं से संवाद प्रबंधन कार्य की समीक्षा की जा रही है।

### ▸▸ इंडी गठबंधन का वोट प्रतिशत बढ़ा

इस चुनाव में सबसे ज्यादा लाभ इंडी गठबंधन को हुआ है। इस चुनाव में सपा की तो पौ बारह हो गई। सपा ने वर्ष 2019 में 18.11 फीसद मत प्राप्त किए थे। वर्ष 2024 के चुनाव में 33.59 प्रतिशत मत प्राप्त कर वह सीटों के लिहाज से राज्य की सबसे बड़ी और देश में तीसरे नंबर की पार्टी बन गई है। सपा के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने भी 6.36 प्रतिशत मतों की बढ़ोतरी कर ली। प्रदेश में कांग्रेस का मत प्रतिशत 9.46 प्रतिशत और सीटों की संख्या छह पहुंच गई। अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि पीडीए फार्मूले पर चुनाव लड़ने वाले इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में बसपा के कोर मतदाता ने ज्यादा विश्वास किया।

### ▸▸ गठबंधन से बसपा को होता है फायदा

इस चुनाव में गठबंधन न करना मायावती का निर्णय पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हुआ है। सपा के साथ वर्ष 2019 में बसपा ने 10 लोकसभा सीटें जीतीं थी। गठबंधन न होने से इनमें से ज्यादातर सीटें इंडी गठबंधन के पास चली गईं और अन्य सीटों पर दूसरे दलों में बाजी मार ली। बसपा से छिनने वाली सीटों में अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, लालगंज, घोसी, जौनपुर और गाजीपुर में सपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। सपा के समर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी ने सहारनपुर सीट झटक ली। अकेले चुनाव लड़ी बसपा बिजनौर सीट भी नहीं बचा सकी। यह सीट रालोद ने जीत ली है। नगीना सीट पर बसपा के कोर मतदाताओं पर अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए आजाद समाज पार्टी के चंद्र शेखर ने जीत दर्ज की।

> लोकसभा चुनाव की जीत स्थायी नहीं एक्सीडेंटल जीत है। भाजपा को हराने के नाम पर पार्टियों ने मतदाताओं को बरगलाने का काम किया है। इस मुद्दे पर पार्टी गंभीर चिंतन कर रही है और नई रणनीति के तहत 2027 का चुनाव बसपा जीतेगी।
>
> –विश्वनाथ पाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बसपा


## वर्ग पहेली-100

**बाएं से दाएं**

2. मुकुट के आकार की एक प्रकार की तिकोनी टोपी जो किसी समय मुसलमान फ़कीर पहना करते थे।
4. लालच, लोभ।
5. 1. निगलने की क्रिया या भाव 2. निगलना।
7. दे. पंचमेल।
8. 1. घिसने

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कीचड़, फिसलन 2. भीड़-भाड़ 3. उलझन, दुविधा 4. व्यर्थ का विवाद।
3. 1. जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, जिसकी दिमागी हालत ठीक न हो, बावला, विक्षिप्त, सनकी 2. प्रेम या क्रोध में आपे से बाहर व्यक्ति, दीवाना 3. बहुत मूर्ख।
5. 1. गीला और नरम, आर्द्र और कोमल 2. करुणा
6. 1. कामवासना संबंधी 2. भौतिक या शारीरिक।
7. स्नान, सिंचाई, छिड़काव।



### वर्ग पहेली -99 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जी | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 अ | ■ |
| वि | ■ | 3 द | 4 ब | का | ना | ■ |
| त | ■ | ■ | ग | ■ | ड़ी | ■ |
| ■ | 5 ब | 6 त | र | स | ■ | 7 ख |
| 8 झ | ड़ | क | ना | ■ | 9 मौ | न |
| ■ | ■ | री | ■ | ■ | ■ | ख |
| 10 ऐ | ल | ब | म | ■ | 11 था | ना |

## सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 8 | | | 4 | | 6 |
| | 4 | | 7 | | | | 3 | |
| 1 | | | 2 | 6 | 4 | | | 7 |
| 4 | 7 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 2 | 1 |
| 5 | | | 3 | 7 | 1 | | | 9 |
| | 3 | | | | 2 | | 5 | |
| 2 | | 8 | | | 6 | | 7 | |

### सुडोकू - 12 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 15 जून 12.03 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** – आज पिता की सेहत की चिंता हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। संपत्ति विवादों को टालने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

**वृष** – आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आपको काफी सावधान रहना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। स्वजनों से मतभेद उभर सकते हैं। आपको अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए।

**मिथुन** – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी, किंतु स्वास्थ्य को लेकर कष्ट हो सकता है। अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर रखें। अपने काम की जिम्मेदारी दूसरों पर न डालें।

**कर्क** – आज व्यवसाय में आय वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। भाई-बहनों के माध्यम से आपको लाभ प्राप्त होगा। आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। आपके रुके हुए काम गति में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह** – आज नए काम को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। विवादित मामलों का समाधान निकालने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे जिससे कारण सामाजिक लोगों से आपके संबंध घनिष्ठ होंगे।

**कन्या** – आज आपको अनुभवी लोगों की सलाह से काफी लाभ हो सकता है। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। वैवाहिक जीवन को लेकर तनाव हो सकता है, लेकिन दोपहर के बाद आप समझदारी पूर्वक इन समस्याओं का समाधान प्राप्त कर लेंगे।

**तुला** – आज लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं। नए कार्यों को लेकर जल्दबाजी न करें। आपको सावधानी पूर्वक परिस्थितियों का आकलन करना चाहिए। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे, लेकिन इसके बावजूद आपके मन में एक अजीब सा अज्ञात भय भी हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज आपकी परिस्थितियां काफी अनुकूल रहने वाली हैं। शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं। मित्रों से उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अपनी सहभागिता बढ़ा सकते हैं। पारिवारिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी।

**धनु** – आज पारिवारिक व्यवसाय में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। राजनीतिक लोगों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में अचानक पदोन्नति के योग बन रहे हैं।

**मकर** – आज वैवाहिक जीवन में असंतोष बढ़ सकता है। आप अपने विचारों को थोपने से बचें। संभव है कि कुछ समय पश्चात आप स्वयं अपनी ही बातों से सहमति न रखें। आपके मन में किसी पुरानी बात को लेकर चिंता रहेगी। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। शाम को मन कुछ उदास रहेगा। अपने काम के प्रति मन में नकारात्मक भाव जाग सकता है। सुबह आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के कारण अति आत्मविश्वास में गलतियां कर सकते हैं।

**मीन** – आज आप अपने ऊपर बड़ी जिम्मेदारी ले सकते हैं जिसका कुछ दबाव भी आपको देखने को मिलेगा। शाम के समय आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब को लेकर आप कुछ यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- शिव शक्ति – सुबह : 10.46
- मजाल – रात : 07.00

&pictures
- रोड साइड राउडी – सुबह : 11.31
- वेलकम बैक – शाम : 05.13

Sony Pix
- द डार्क नाईट राइसेस – सुबह : 10.44
- रैमपेज – रात : 09.00

Zee Cinema
- गुमनाम – सुबह : 09.30
- आरआरआर – रात : 08.00

Colors Cineplex
- महा चोर – सुबह : 08.35
- जुग जुग जियो – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा-मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले- आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले- जी, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले- समझे नहीं।
लड़की वाले- गूगल से शायरियां उठाती है और वॉट्सऐप पर चिपकाती है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 945 फ्लैग 1060 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10700 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7700-7800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17100-17200 |
| अरहरस्पेशल1 | 14500-14600 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000-11800 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8700-9500 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कर दरें कम करने, आधार बढ़ाने की जरूरत

## भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर विशेषज्ञों ने दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर निर्धारण को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कर दरों में कटौती और आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है।

उन्होंने कर दरों को कम करने, कर-भुगतान आधार को बढ़ाने और इस प्रकार भारत की निवेश तथा विकास आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए साधन बनाने पर ध्यान देते हुए कर दरों से राजस्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। ईवाई इंडिया के




वरिष्ठ साझेदार सुधीर कपाड़िया ने कहा-पारंपरिक उच्च कर दरों के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कर उछाल नहीं आया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत में 1991 के बाद से सरकारों ने स्पष्ट रूप से मध्यम कर दरों की वकालत की है जिससे अधिक पारदर्शिता तथा अनुपालन को बढ़ावा मिलता है।

थॉट आर्बिट्रेज रिसर्च इंस्टिट्यूट के निदेशक कौशिक दत्ता ने 'थिंक चेंज फोरम' द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि भारत का कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात एक संपन्न असंगठित क्षेत्र की उपस्थिति से प्रभावित है, जो अब भी अर्थव्यवस्था में 30 से 35 प्रतिशत का योगदान देता है। दत्ता ने कहा कि सरल जीएसटी व्यवस्था से वे औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकेंगे, 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' ले सकेंगे और प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे।

### भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में

सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकनॉमिक्स के पुलिन बी. नायक ने कहा-भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में है। प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण आयकरदाता कम हैं। कर की दरें बहुत अधिक रखना भी एक अनुचित विचार है क्योंकि इससे कर चोरी को बढ़ावा मिलेगा। नायक ने कहा कि कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इससे सरकार सार्वजनिक वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र पर खर्च करने में सक्षम होगी। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्निर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कराधान में सुधार समय की मांग है। सरकार को जल्द से जल्द कर की दरें कम करने और करदाताओं का आधार बढ़ाने पर विचार करना चाहिए।

## अंबुजा सीमेंट्स ने पेन्ना सीमेंट का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने बृहस्पतिवार को 10,422 करोड़ रुपये के उपक्रम मूल्य पर पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) का अधिग्रहण करने की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि इस अधिग्रहण के लिए दोनों कंपनियों ने एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस समझौते के तहत अंबुजा सीमेंट्स पीसीआईएल के मौजूदा प्रवर्तक समूह पी प्रताप रेड्डी एवं परिवार से कंपनी के 100 प्रतिशत शेयर खरीदेगी। हैदराबाद स्थित पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण से अडाणी समूह की सीमेंट उत्पादन क्षमता में 1.4 करोड़ टन सालाना की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही अडाणी समूह की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 8.9 करोड़ टन प्रति वर्ष हो जाएगी।

# देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार आयात शुल्क में नहीं होगा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा-बदलाव का नहीं है इरादा

सरकार ने कहा है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने, कीमतों को स्थिर रखने के लिए और यदि जरूरी हो, तो बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि अभी उसका इन अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है। विभाग ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि बेईमान तत्वों द्वारा कोई जमाखोरी न हो और कीमतें स्थिर रहे, आवश्यकतानुसार उचित हस्तक्षेप किया जाएगा। रबी



विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन अनाज खरीदा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 90,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,500-54,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,500 |
| चांदी पक्की | 876 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

## एनसीएलटी ने दिवालियापन पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया 60 दिन का समय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण(एनसीएलटी) ने बंद हो चुकी विमानन कंपनी गो फर्स्ट को दिवाला प्रक्रिया पूरी करने के लिए 60 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। यह कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया गया चौथा विस्तार हैं।

कंपनी खरीदार खोजने के लिए संघर्ष कर रही है। इससे पहले दिवाला अधिकरण ने आठ अप्रैल को 60 दिन का विस्तार दिया था जो तीन जून 2024 को समाप्त हो गया था। गो फर्स्ट को अब तीन अगस्त 2024 तक की मोहलत दी गई है। दिल्ली स्थित एनसीएलटी पीठ ने विस्तार देते हुए कहा-यह अंतिम विस्तार है। दो सदस्यीय पीठ ने विस्तार की मांग करने पर समाधान पेशेवर को भी कड़ी फटकार लगाई। 'रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल' (आरपी) की ओर से पेश हुए वकील ने अधिकरण को सूचित किया कि वे यह विस्तार दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद उत्पन्न असाधारण स्थिति के कारण मांग रहे हैं, जिसमें डीजीसीए को उसके सभी 54 विमान का पंजीकरण रद्द करने को कहा गया था।

## सोने के दाम में 50 और चांदी में 550 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 90,950 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हैं।

# बाजार में सेंसेक्स-निफ्टी ने छुआ नया रिकॉर्ड स्तर

**मुंबई, एजेंसी**

- खरीदारी की बदौलत सेंसेक्स 204 और निफ्टी 75 अंक उछला

विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, इंडस्ट्रियल्स और आईटी समेत पंद्रह समूहों में हुई खरीदारी की बदौलत आज शेयर बाजार एक बार फिर ऊंचाई के नए शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 204.33 अंक उछलकर एक बार फिर 76,810.90 अंक के नए शिखर पर रहा। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 75.95 अंक चढ़कर 23,398.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह



बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,521.86 अंक स्मॉलकैप 0.89 प्रतिशत मजबूत होकर 50,678.94 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3984 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2345 में लिवाली जबकि 1539 में बिकवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि 15 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई में धातु, बैंकिंग, यूटिलिटीज, एफएमसीजी और दूरसंचार में 0.89 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 15 अन्य समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कैपिटल गुड्स 2.05, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.01, रियल्टी 2.15, कमोडिटीज 0.55, सीडी 0.88, ऊर्जा 0.54, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 1.67, आईटी 1.08, ऑटो 0.87, तेल एवं गैस 0.53, टेक 0.45 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.79 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा।



# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 4 आतंकियों के जारी किए स्केच

## डोडा आतंकी हमलाः गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा

**ब्यूरो, जम्मू**

**अमृत विचारः** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में दो हमलों में शामिल 4 आतंकियों के स्केच जारी किए और उनकी गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

गौरतलब है कि मंगलवार को भद्रवाह के चत्तरगल्ला में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर आतंकियों ने गोलीबारी की, जबकि बुधवार को जिले के गंडोह इलाके में तलाशी दल पर हमला किया गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी समेत सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने कहा-जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चार आतंकियों के स्केच जारी किए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे भद्रवाह, थाथरी, गंडोह के ऊपरी इलाकों में हैं और आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आतंकी के बारे में सूचना देने वाले को 5 लाख रुपये का नकद इनाम देने की भी घोषणा की गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस लोगों से इन आतंकियों की मौजूदगी और आवाजाही के बारे में सूचना देने की अपील करती है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने रियासी जिले में यात्री बस पर हमले में शामिल एक आतंकवादी का स्केच जारी किया और उसके बारे में सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

### आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी



केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए विभिन्न जिलों के वन क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक महिला ने दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर जम्मू के बाहरी इलाके नरवाल बाईपास क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस संबंध में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पिछले चार दिन में आतंकवादियों ने रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगहों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी समेत कई अन्य घायल हो गए।

### रियासी बस हमले के 50 संदिग्ध हिरासत में

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर नौ जून को हुए आतंकवादी हमले के सिलसिले में पुलिस ने 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि कांडा इलाके में गहन पुलिस जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके अधार पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जांच से उन लोगों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद मिली है, जो हमले की साजिश रचने में संभावित रूप से शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने गहन जांच के बाद छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए दूर-दराज के सुदूर इलाकों में अपनी तलाशी बढ़ा दी है। ज्ञातव्य है कि बस पर हमला पौनी के कांडा इलाके में हुआ था, जिसमें 10 लोग मारे गये थे और 33 घायल हुए थे। प्रवक्ता ने कहा-व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए अरनास और माहोर के दूर-दराज के इलाकों तक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों का उद्देश्य और सबूतों को उजागर करना तथा उन आतंकवादियों को पकड़ना है जो इन दूरदराज के इलाकों में छिपे हो सकते हैं। कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और क्षेत्र के सभी निवासियों तथा आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में सीआरपीएफ की बस में लगी आग

**रामबन/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बस में तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बस श्रीनगर से जम्मू जा रही थी और इसमें सवार जवान सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ के काफिले की बस में दोपहर को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के निकट आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और कोई हताहत नहीं हुआ है। वाहन को थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है। रामबन के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय कोतवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग इंजन की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

# नागपुर के निकट कारखाने में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत



नागपुर के पास एक विस्फोटक-निर्माण फैक्ट्री में विस्फोट के बाद एक घायल को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते लोग। • एजेंसी

**नागपुर, एजेंसी**

- विस्फोटक कारखाने में दोपहर में हुई घटना, तीन लोग घायल

महाराष्ट्र में नागपुर शहर के निकट विस्फोटक बनाने वाले एक कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न हुए विस्फोट में पांच महिलाओं समेत छह श्रमिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में दोपहर एक बजे हुई। नागपुर के पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने बताया कि कुल नौ घायलों को शहर के दो निजी अस्पतालों में लाया गया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इनमें से पांच महिलाओं और एक पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस समय विस्फोट हुआ तब ज्यादातर श्रमिक विस्फोटक सामग्री पैक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच जारी है। केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा कि भाजपा नेता ने स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं से यहां शाम को आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को रद्द करने की भी अपील की है। यह कार्यक्रम लोकसभा चुनावों के बाद गडकरी के फिर से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहर में उनके स्वागत के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने दावा किया कि विस्फोट के बाद से कारखाने के मालिक और प्रबंधक लापता हैं। उन्होंने कहा-उनके समर्थकों ने पीड़ितों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की।

## एक नजर

### दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में एक दुकान में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में बृहस्पतिवार को एक दुकान में आग लग गयी, लेकिन उसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि शाम पांच बजे चांदनी चौक इलाके से आग लग जाने के बारे में एक कॉल आयी। चांदनी चौक में नयी सड़क क्षेत्र के मारवाड़ी कटरा में आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि 14 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं।

### आतंकवादी के मददगार का मकान कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को आतंकवादियों के मददगार एक व्यक्ति के दो मंजिला मकान को कुर्क कर दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले में गडोले इलाके के लोहार सेन्जी में स्थित रियाज अहमद भट के मकान पर पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत संभागीय आयुक्त कश्मीर के आदेश पर यह कार्रवाई की।

# शिक्षा और रोजगार देने में ट्रांसजेंडर को जाति से परे विशेष श्रेणी में रखें

**चेन्नई, एजेंसी**

- मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी
- कहा-सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे

मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि ट्रांसजेंडर को उनकी जाति से परे सिर्फ विशेष श्रेणी के तौर माना जाना चाहिए। अदालत ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश और रोजगार देने के लिहाज से ट्रांसजेंडर को महिला या पुरुष श्रेणी में न रखा जाए।

न्यायमूर्ति वी. भवानी सुब्बारायन ने 12 जून को पारित आदेश में कहा कि 'प्रत्येक रोजगार और शैक्षिक अवसरों' में सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे। सरकार सभी राज्य भर्ती एजेंसियों को निर्देश दे कि वे ट्रांसजेंडर को एक विशेष श्रेणी के रूप में निर्दिष्ट करें और उनके कट-ऑफ अंक के लिए अलग मानदंड निर्धारित करें। भविष्य में रोजगार के अवसरों और शिक्षण संस्थानों में अन्य विशेष श्रेणियों के लिए उपलब्ध उम्र में छूट ट्रांसजेंडर को भी दी जाए, भले ही उनकी जाति कुछ भी हो।

न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ट्रांसजेंडर को पुरुष या महिला श्रेणी में नहीं माना जाएगा। अदालत ने ट्रांसजेंडर आर अनुश्री



की याचिका को स्वीकार कर लिया। उन्हें 2017-18 के लिए संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अवसर से वंचित कर दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता ने योग्य कट-ऑफ अंक प्राप्त किए हैं, इसलिए तमिलनाडु लोक सेवा आयोग याचिकाकर्ता को सत्यापन के लिए दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति दे। न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाकर्ता को अनुसूचित जाति की महिला श्रेणी में रखा गया था और तमिलनाडु लोक सेवा आयोग (टीएनपीएससी) ने उसे सत्यापन के लिए अपने दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति नहीं दी थी, क्योंकि उसने अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए निर्धारित कट-ऑफ से कम अंक प्राप्त किए थे।

# पेमा खांडू बने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

**इटानगर, एजेंसी**

भाजपा के नेता पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

सीमावर्ती जिले तवांग के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध विधायक निर्वाचित हुए खांडू को राज्यपाल के टी परनाइक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, असम के मुख्यमंत्री



हिमंत विश्व शर्मा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि यह टीम राज्य का विकास और भी तेज गति से करना सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू को बधाई।

## कर्नाटक में दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत

**तुमकुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले के मधुगिरि तालुका के चिन्नेनाहल्ली गांव में दूषित जल पीने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार बुधवार को यहां एक अस्पताल में जान गंवाने वाले चिक्कादासप्पा (76) और पेद्दान्ना (72) उन लगभग 100 लोगों में शामिल हैं, जो ग्रामीण मेले के दौरान टंकी और पेयजल इकाई का पानी पीने के बाद 10 जून को बीमार पड़ गए थे। जिले के प्रभारी मंत्री परमेश्वर आज अस्पताल पहुंचे और इलाज करा रहे लोगों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली।

# जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार को दिया एक महीने का समय

**छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी**

- मराठा आरक्षणः मनोज ने अनिश्चितकालीन अनशन निलंबित किया

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने छह दिन पहले आरक्षण के मुद्दे पर शुरू किया अपना अनिश्चितकालीन अनशन बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया और समुदाय की मांगों को स्वीकार करने के लिए महाराष्ट्र सरकार को एक महीने का समय दिया।

उन्होंने यह घोषणा उस समय की जब महाराष्ट्र के मंत्री और मराठा आरक्षण उप-समिति के सदस्य शंभूराज देसाई, शिवसेना सांसद सांदीपन भुमरे ने जालना जिले में उनके पैतृक गांव अंतरवाली सरती में उनसे मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा की। इससे पहले राज्य के



स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने भी अंतरवाली सरती में जरांगे से मुलाकात की। धरना स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए जरांगे ने कहा, "हम मराठा समुदाय की मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को एक महीने का समय दे रहे हैं। लेकिन हम आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी भी जारी रखेंगे। अगर सरकार हमें आरक्षण नहीं देती है तो हम इसमें (चुनाव में) जाएंगे और इसे (आरक्षण) हासिल करेंगे।

उन्होंने कहा-अगर एक महीने में मांगें पूरी नहीं की गईं तो न तो विपक्ष के सदस्य और न ही सरकार में बैठे लोग हमारे पास आएं। हम (राज्य विधानसभा चुनावों में) उम्मीदवारों के नाम घोषित करके उन्हें हरा देंगे। जरांगे ने आठ जून से अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। वह मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसके तहत कुनबियों को मराठा समुदाय के सदस्यों के सगे सोयरे (रक्त संबंधी) के रूप में मान्यता दी गई है। साथ ही वह कुनबियों को मराठा के रूप में मान्यता देने के लिए एक कानून की भी मांग कर रहे हैं। कुनबी एक कृषि प्रधान समूह है, जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आता है। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाण पत्र जारी किए जाएं, जिससे वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें। जरांगे से मुलाकात के बाद मंत्री देसाई ने कहा-इस मुद्दे पर कल एक बैठक बुलाई जाएगी। पिछले पांच महीनों में से दो महीने आदर्श आचार संहिता (लोकसभा चुनावों के लिए) लागू होने में बीत चुके हैं।

# भारतीय मूल के नीति विशेषज्ञ तरल गिरफ्तार

ह्यूस्टन, एजेंसी

- ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में टेक्सास रेंजर्स ने की कार्रवाई



भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक एवं तीस-वर्षीय नीति विशेषज्ञ एवं टेक्सास के कंट्री कमिश्नर पद के लिए उम्मीदवार तरल पटेल को टेक्सास रेंजर्स ने ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गलत पहचान का अपराध टेक्सास चुनाव संहिता के तहत श्रेणी-'ए' का अपराध है।

फोर्ट बेंड काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी का पब्लिक इंटीग्रिटी डिवीजन टेक्सास रेंजर्स के साथ मिलकर प्रीसिंक्ट-तीन कमिश्नर पद के राजनीतिक उम्मीदवार पटेल के खिलाफ शिकायत की जांच कर रहा है। टेक्सास चुनाव संहिता में ऑनलाइन गलत पहचान के लिए थर्ड-डिग्री और पहचान की मिथ्या प्रस्तुति के लिए श्रेणी-ए के अपराध के आरोप मुख्य शिकायतें हैं। पटेल को घोर अपराध के लिए 20,000 और चूक के लिए 2,500 अमेरिकी डॉलर के बॉण्ड पर रखा गया है और अगर वह बॉण्ड राशि जमा नहीं कराते तो गुरुवार सुबह मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।

# द.अफ्रीका में मंकीपॉक्स के पांच मामलों की पुष्टि

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा है कि मई में मंकीपॉक्स के प्रकोप के बाद दक्षिण अफ्रीका हाई अलर्ट पर है, जिसमें प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए पांच मामले हैं तथा इनमें एक की मौत भी हुई है। फाहला ने मीडिया को बताया कि मंकीपॉक्स से पीड़ित सभी पांच मरीज तीन क्वाजुलु-नताल प्रांत से और दो गौतेंग प्रांत से हैं, जिनका कोई यात्रा इतिहास नहीं था। दो अब भी अस्पताल में भर्ती हैं और एक की सोमवार को जोहान्सबर्ग के एक अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा डब्ल्यूएचओ के अनुसार सभी पांच मामलों को गंभीर मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिसके लिए भर्ती होने की आवश्यकता होती है।

# जी-7 यानि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का समूह

### कब हुई पहली बैठक

शुरुआत में यह छह देशों का समूह था, जिसकी पहली बैठक 1975 में हुई थी। इस बैठक में वैश्विक आर्थिक संकट के संभावित समाधानों पर विचार किया गया था। अगले साल कनाडा इस समूह में शामिल हो गया और इस तरह यह जी-7 बन गया।

### कैसे करता है काम

जी-7 देशों के मंत्री और नौकरशाह आपसी हितों के मामलों पर चर्चा करने के लिए हर साल मिलते हैं। प्रत्येक सदस्य देश बारी-बारी से इस समूह की अध्यक्षता करता है और दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करता है। शिखर सम्मेलन के अंत में एक सूचना जारी की जाती है, जिसमें सहमति वाले बिंदुओं का जिक्र होता है।




जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी कथित विकसित और उन्नत अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है, जिसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमरीका शामिल हैं। इसे ग्रुप ऑफ़ सेवन भी कहते हैं। समूह खुद को कम्यूनिटी ऑफ़ वैल्यूज यानी मूल्यों का आदर करने वाला समुदाय मानता है। स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की सुरक्षा, लोकतंत्र और क़ानून का शासन और समृद्धि और सतत विकास, इसके प्रमुख सिद्धांत हैं।

### रूस क्यों नहीं शामिल

साल 1998 में इस समूह में रूस भी शामिल हो गया था और यह जी-7 से जी-8 बन गया था, लेकिन साल 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया हड़प लेने के बाद रूस को समूह से निलंबित कर दिया गया था। वहीं दो सालों से यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के कारण भी रूस को समूह में पुनः शामिल नहीं किया जा रहा है।

### भारत करता रहा है सुधार का आह्वान

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल के दौरान भी भारत ने पांच बार जी-7 (तत्कालीन जी-8 समूह) में भाग लिया था। भारत लंबे समय से वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थानों और समूहों में सुधार करने का आह्वान करता रहा है।

### जी-7, जी-20 में अंतर

जी-20 समूह देशों का एक बड़ा समूह है, जिसमें जी-7 समूह के सदस्य भी शामिल हैं। जी-20 समूह का गठन वर्ष 1999 में वैश्विक आर्थिक चिंताओं से निपटने हेतु और अधिक देशों को एक साथ एक मंच पर लाने के उद्देश्य से किया गया था। जी-20 समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था के तकरीबन 80 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जी-7 के विपरीत, जो वैश्विक समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करता है। वहीं जी-20 में केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाज़ारों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

## एक नजर

### रूस ने यूक्रेन के चार ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस के हवाई सुरक्षा बलों ने यारोस्लाव क्षेत्र में यूक्रेन के तीन ड्रोन और व्लादिमीर क्षेत्र एक ड्रोन को मार गिराया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पिछली रात के दौरान यूक्रेन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित हवाई (यूएवी) वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले करने के कई प्रयासों को रोक दिया गया था। ड्यूटी पर वायु रक्षा प्रणालियों ने यारोस्लाव क्षेत्र में तीन यूएवी और व्लादिमीर क्षेत्र में एक यूएवी को नष्ट कर दिया।

### हूती विद्रोहियों ने पोत पर मिसाइल से हमला किया

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में गुरुवार को कथित रूप से एक पोत पर मिसाइल से हमला किया गया जिससे जहाज पर आग लग गई। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड मारीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' ने बताया कि यह हमला यमन के अपतटीय क्षेत्र में अदन की खाड़ी में हुआ। उसने कहा कि हमले के बाद पोत में आग लग गई। निजी सुरक्षा कंपनी 'एम्ब्रे' ने कहा कि व्यापारिक जहाज ने परेशानी में होने की सूचना देते हुए कहा कि उसपर एक मिसाइल से हमला हुआ है।

### लीबिया से 163 बांग्लादेशी प्रवासी निर्वासित

**त्रिपोली।** लीबिया से बंगलादेश के 163 नागरिकों को निर्वासित किया गया है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने बुधवार को कहा कि उसने इस सप्ताह लीबिया से 163 प्रवासियों को उनके गृह देश बंगलादेश लौटने में सहायता की है। आईओएम ने ट्वीट किया आईओएम का स्वैच्छिक मानवीय वापसी (वीएचआर) कार्यक्रम फंसे हुए और कमजोर प्रवासियों की सहायता करना जारी रखता है जो लीबिया से अपने गृह देशों में लौटने के लिए सहायता का अनुरोध करते हैं।

### ईरान से फ्रांसीसी नागरिक रिहा : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों में मैक्रों के हवाले से यह जानकारी दी गयी। रिपोर्टों के मुताबिक मैक्रों ने कहा, लुईस अर्नोद रिहा हो गए हैं। ईरान में लंबे समय तक कैद रहने के बाद कल वह फ्रांस पहुंचेंगे। उन्होंने अर्नोद को रिहा करने में मदद के लिए ओमान को धन्यवाद दिया और ईरान से तीन अन्य फ्रांसीसी नागरिकों को अविलंब रिहा करने का आग्रह किया।

# यूक्रेन को 50 अरब डॉलर का ऋण

## जी-7 सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाने की संभावना

बोर्गो एग्नाजिया (इटली), एजेंसी

- इटली की प्रधानमंत्री बोलीं- बैठक का संदेश ग्लोबल साउथ के साथ संवाद और एकता का हो
- जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे पोप फ्रांसिस




जी-7 उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन की शुरुआत गुरुवार को अमेरिका द्वारा यूक्रेन को 50 अरब डॉलर के ऋण के लिए समर्थन देने के प्रस्ताव पर सहमति के साथ हुई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने दक्षिणी इटली के एक रिसॉर्ट में आयोजित शिखर सम्मेलन में जी-7 के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि इस बैठक का संदेश 'ग्लोबल साउथ' के साथ संवाद और एकता का हो। जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाया रहने की संभावना है।

पोप फ्रांसिस जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे। पोप के यूक्रेन पर रूस के हमले और गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष के शांतिपूर्ण अंत के लिए अपनी अपील को भी दोहराने की उम्मीद है। जी7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे इटली ने कई अफ्रीकी नेताओं को भी आमंत्रित किया है। अन्य अतिथियों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन शामिल हैं। अमेरिकी प्रस्ताव में रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन की मदद के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण देने की बात शामिल है।

### शामिल नहीं होंगे सऊदी अरब के प्रधानमंत्री

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बुधवार को बताया कि इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जियो मेलोनी को भेजे गए एक संदेश में सऊदी प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह हज सीज़न के कार्यों की देखरेख से संबंधित प्रतिबद्धताओं के कारण सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब-इटली संबंधों की गहराई पर भी ध्यान दिया और सम्मेलन की सफलता की कामना की। जी7 सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में होगा।

### हो सकती है बाइडन और मोदी की मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मिलने की संभावना है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एयर फोर्स वन के विमान में इटली प्रस्थान के दौरान सुलिवन ने संवाददाताओं से कहा, उन्हें (बाइडन को) उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी वहां आएंगे। भारत ने फिलहाल औपचारिक रूप से उनकी (मोदी) उपस्थिति की पुष्टि नहीं की है लेकिन हमें उम्मीद है कि दोनों नेता एक-दूसरे से मिल सकते हैं। मुलाकात कैसी होगी फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है क्योंकि कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को इटली के लिए रवाना होंगे। इटली ने 14 जून को होने वाले 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के लिए भारत को आउटरीच कंट्री के तौर पर आमंत्रित किया है। क्वात्रा ने मोदी की इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की पुष्टि की।

# यूक्रेन को 50 नए बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति शुरू

**ओटावा।** कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने यूक्रेन के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये पहले चार बख्तरबंद वाहन भेजे है। ब्लेयर ने 'एक्स' पर लिखा, यूक्रेन के लिए कनाडाई श्रमिकों द्वारा निर्मित 50 नए बख्तरबंद वाहनों में से पहले चार यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले 10 बख्तरबंद एम्बुलेंस हैं, जो चिकित्सा उपकरण और कवच के साथ आते हैं जो यूक्रेन के सैनिकों को सुरक्षित निकालने और घायल कर्मियों का इलाज करने में सक्षम बनाएंगे।

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पर हुआ मुकदमा

वाशिंगटन, एजेंसी

- सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने पर हुई कार्रवाई



अप्रवासी अधिकार संगठनों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन के हालिया निर्देश को लेकर बाइडन प्रशासन पर मुकदमा किया। बाइडन ने हाल ही में दक्षिणी सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी थी, जिसका विरोध करते हुए समूह ने दावा किया कि राष्ट्रपति का यह निर्णय ट्रंप प्रशासन के दौरान उठाये गये कदम से बहुत अलग नहीं है, जिसपर अदालतों ने रोक लगा दी थी।

लास अमेरिकाज इमिग्रेंट एडवोकेसी सेंटर और आरएआईसीईएस की ओर से अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) और अन्य ने यह मुकदमा दाखिल किया है। यह मुकदमा सीमा पर बाइडन की व्यापक कार्रवाई की वैधता की पहली परीक्षा है।

# एलन मस्क और स्पेसएक्स पर मुकदमा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- यौन उत्पीड़न और कार्यशैली को चुनौती देने के कारण नौकरी से निकालने का लगाया आरोप



स्पेसएक्स और उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क पर कंपनी के आठ पूर्व कर्मचारियों ने मुकदमा दायर किया है। इन पूर्व कर्मचारियों का आरोप है कि मस्क ने कंपनी में व्याप्त यौन उत्पीड़न और शत्रुतापूर्ण कार्यशैली को चुनौती देने के कारण उन्हें नौकरी से निकालने का आदेश दिया।

कैलिफोर्निया राज्य की अदालत में मुकदमा दायर करने वाले कर्मचारियों ने कंपनी के प्रबंधन को 2022 में लिखे खुले पत्र में अपनी शिकायतों का विवरण दिया, जिसे उन्होंने कंपनी के इंट्रानेट (किसी कंपनी द्वारा उपयोग किया जाने वाला निजी नेटवर्क) के माध्यम से साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले दिन चार लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया और अन्य को बाद में आंतरिक जांच के बाद नौकरी से निकाला गया। जनवरी में संघीय राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड ने नौ बर्खास्त कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के आधार पर स्पेसएक्स के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई।

# ताइवान ने 23 चीनी विमानों को सीमा में घुसते हुए देखा

ताइपे, एजेंसी

- 19 विमानों ने जलडमरूमध्य की रेखा को पार किया और ताइवान के दक्षिण-पश्चिम तथा पूर्वी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया

ताइवान ने कहा कि उसने पिछले 24 घंटों के दौरान द्वीप के करीब 23 चीनी विमानों और सात नौसैनिक जहाजों को उसकी सीमा की ओर बढ़ते हुए देखा। ताईवान रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने गुरुवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, बुधवार सुबह छह बजे से गुरुवार सुबह छह बजे के बीच ताइवान के आसपास 23 पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) विमानों और सात नौसैनिक जहाज को देखा गया है। इसमें से 19 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की रेखा को पार किया और ताइवान के दक्षिण-पश्चिम तथा पूर्वी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया।

मंत्रालय ने कहा कि मई में भी चीनी सशस्त्र बलों ने द्वीप के प्रशासन के नए प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार ग्रहण करने के दो दिन बाद ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास किया। उल्लेखनीय है कि जून की शुरुआत में चीन ने कहा था कि उसकी सेना सैनिकों को प्रशिक्षित, युद्ध की स्थिति की तैयारी और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ना जारी रखेगी। साथ ही किसी भी बाहरी हस्तक्षेप का विरोध और संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए कर्तव्यों का दृढ़ता से पालन करेगी।

# नए विचार पेश करने से हमास का इनकार

गाजा, एजेंसी

- गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर किए गए दावों का किया खंडन

हमास ने गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश करने से इनकार किया है। हमास ने बुधवार को उन दावों का खंडन किया कि उसने गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश किए हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

हमास के एक करीबी सूत्र ने बताया कि हमने जो कुछ किया वह मध्यस्थों द्वारा गत पांच मई को प्रस्तुत की गई बातों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना था और हमने किसी भी नए विचार या प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की। सूत्र ने दावा किया कि प्रस्ताव में ऐसे खंड शामिल हैं कि अगर बातचीत से सकारात्मक परिणाम नहीं निकलते हैं तो यह इज़रायल को दूसरे चरण के बाद युद्ध फिर से शुरू करने की अनुमति देते हैं। सूत्र ने कहा हमने इजरायल को युद्ध फिर से शुरू करने से रोकने और समझौते के चरणों की शर्तों के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय गारंटी का अनुरोध किया।

सूत्र ने बताया कि हमास ने स्थायी युद्धविराम, गाजा पट्टी से इजरायली सेना की वापसी, विस्थापित लोगों की उनके घरों में वापसी, गाजा के पुनर्निर्माण और नाकाबंदी की समाप्ति की मांग की है। हमास ने यह बात अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के एक बयान के जवाब में दी है। ब्लिंकन ने कहा था कि हमास ने युद्धविराम और बंधक समझौते में कई परिवर्तन का सुझाव दिया था।

### गाजा में मृतकों की संख्या 37,202 हुई

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37202 हो गयी है। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से जारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 38 फिलीस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 37,202 हो गई और 84,932 लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे। सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर हमला किया।

# आईएसआई पर परेशान करने का आरोप लगाया

लाहौर, एजेंसी

- आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश ने खुफिया एजेंसी आईएसआई पर अपने पक्ष में फैसले कराने के मकसद से उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान करने का आरोप लगाया है।

आतंकवाद रोधी अदालत (सरगोधा) के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मलिक शहजाद अहमद खान को एक पत्र लिखकर बताया है कि किस तरह खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान किया है। न्यायाधीश संसद में नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब और इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे हैं। अयूब ने आरोप लगाया था कि पिछले सप्ताह न्यायाधीश अब्बास को खुफिया एजेंसियों ने बंधक बना लिया था।

## बॉलीवुड हलचल

### आनंद महिंद्रा ने कल्कि के हीरो बुज्जी की सवारी की

**मुंबई, एजेंसी।** महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने कल्कि 2898 एडी के पांचवे हीरो बुज्जी की सवारी की है। आगामी विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने हाल ही में हैदराबाद में एक भव्य कार्यक्रम में भविष्य के वाहन बुज्जी का अनावरण किया, जो फिल्म के पांचवें और अंतिम नायक हैं। बुज्जी इस फिल्म में प्रभास के किरदार भैरवा का सबसे अच्छा दोस्त है। आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन और बुज्जी के लिए उनके दृष्टिकोण की काफी प्रशंसा की थी। आनंद महिंद्रा अब आखिरकार बुज्जी से मिल चुके हैं। बुज्जी से मिलने के तुरंत बाद, आनंद महिंद्रा ने इसमें घूमने का अनुभव करने का फैसला किया। इस ऐतिहासिक मुलाकात का एक वीडियो साझा करते हुए, निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, "#बुज्जी की मुलाकात <bha>@</bha>आनंदमहिंद्रा से हुई नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 27 जून को रिलीज होगी।

### करण की किल का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बनीं करण जौहर की फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किल में मुख्य भूमिका लक्ष्य लालवानी ने निभायी है। किल के ट्रेलर की शुरुआत लक्ष्य नाम के सैनिक से होती है, जो ट्रेन में अपनी गर्लफ्रेंड तान्या मानिकतला को प्रपोज करता है। हालांकि, उनका ये रोमांटिक सफर कुछ ही देर में एक बुरे सपने में बदल जाता है, क्योंकि ट्रेन में गुंडों की एक टोली आ जाती है और तान्या के किरदार को बंदी बना लेती है। इसके बाद शुरू होता है खूनी खेल। लक्ष्य, एक अचानक रक्षक से राक्षस बन जाता है। इसके बाद एक-एक कर वो गुंडों को ढूंढ- ढूंढ कर मारता है। कुछ ही देर में चलती ट्रेन लाशों से भर जाती है। धर्मा प्रोडक्शंस और गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट ने किल का प्रोडक्शन किया है।

### आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बनेगी बायोपिक

**मुंबई, एजेंसी।** देश की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बायोपिक बनायी जा रही है। ड्रीम स्लेट पिक्चर्स ने हाल ही में इस बायोपिक का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दिया है, जिसका नाम बेदी : द नेम यू नो है। इस बायोपिक में किरण बेदी की जिंदगी के उन हिस्सों को बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा, जो अबतक कोई नहीं जानता. किन चुनौतियों का उन्हें सामना करना पड़ा? उनके माता-पिता से लेकर बाकी चीजें भी बायोपिक में दिखेंगी। फिल्म के निर्देशक कुशल चावला अपने इंस्टा हैंडल पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ' 'यह रहा! कुशल चावला की लिखित और निर्देशित डॉ. किरण बेदी के जीवन पर बायोपिक फीचर फिल्म हमारी अनाउंसमेंट है। उम्मीद है आपको मोशन पोस्टर देखने में आनंद आया होगा।

## खगोल विज्ञान

नासा का रोवर्स मंगल से पृथ्वी पर पहुंचा रहा है जानकारी

# सौर तूफानों से बुरी तरह जूझ रही मंगल की धरती

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सूर्य से निकलने वाले सौर तूफानों से लालग्रह मंगल की धरती इन दिनों बुरी तरह जूझ रही है। मंगल पर मौजूद नासा के रोवर्स के जरिए यह जानकारी सामने आई है। मंगल की धरती पर अंतरिक्ष मौसम के पड़ने वाले प्रभावों को लेकर वैज्ञानिक निरंतर अध्ययन कर रहे हैं।

पृथ्वी से बाहर इंसान के लिए दूसरा घर बसाने का सपना मंगल ग्रह पर साकार हो सकता है, जिसके चलते मंगल के वातावरण व जलवायु का निरंतर अध्ययन किया जा रहा है। मंगल पर पृथ्वी जैसा मौसम नहीं है। हालाकि मंगल पर धूलभरे हल्के तूफान उठते हैं, जो महीनों तक सक्रिय रह सकते हैं। साथ ही वसंत व शीत का मौसम रहता है, लेकिन मानसून जैसी बारिश नही होती। जिस कारण मंगल को निर्जीव व वियावान माना जाता है। ध्रुवीय हिस्सों में जमी हुई बर्फ रहती है। इस मौसम से परे मंगल पर एक बड़ी बाधा अंतरिक्ष मौसम है। जिस कारण सौर विकिरण मंगल की धरती के वातावरण को बुरी तरह प्रभावित करता है। जिसकी जानकारी नासा का क्यूरियोसिटी रोवर हरपल जुटा रहा है। नई जानकारी के अनुसार 20 मई को भीषण सौर तूफान मंगल की धरती से टकराया था।

इस घटना मे बढ़ी मात्रा में सौर कण क्यूरियोसिटी रोवर पर लगे कैमरे में कैद हो गए। इतना भीषण सौर तूफान पहले कभी नही देखा गया था। यदि इस तरह का तूफान पृथ्वी से टकरा जाय तो बड़ी हानि पहुचा जाता। नासा के अनुसार गहरे अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं कैसे घटित होती हैं और मंगल ग्रह पर पहले अंतरिक्ष यात्रियों को कितना विकिरण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। जिस कारण यह जानकारी महत्वपूर्ण हो चली है।

### एक्स 12 श्रेणी का हुआ था विस्फोट

**नैनीताल :** नासा के अनुसार मंगल ग्रह पर हुई अभी तक कि सबसे बड़ी घटना 20 मई को हुई थी। सौर विस्फोट में सौर ज्वाला की तीव्रता एक्स 12 आंकी गई थी। यह वास्तव में भयानक सौर ज्वाला थी। ईएसए और नासा के संयुक्त मिशन सोलर ऑर्बिटर अंतरिक्ष यान ने इस विस्फोट को देखा था।



सौर तूफानों से घिरी मंगल की धरती।